(एस.एस. रंधावा)

इस परियोजना में खाद्य पदार्थो एवं चारा प्रक्रमण उपयोग में प्रोटीन युक्त सामग्रियों, अन्तः सामग्रियों और तैयार उत्पादो में एमिनो एसिड की मात्रा का सही–सही पता लगाने के लिए प्रयोग की दृष्टि से साधारण उपकरण का विकास किया जाना है। स्वदेश में विकसित इस उपकरण की कीमत लगभग तीन लाख रूपये होगी। वर्तमान मे देश की ऐसे उपकरण की आवश्यकता आयात से पूरी हो रही है। आयातित उपकरण की कीमत रूपये15.00 लाख है। भारत में इस प्रकार के उपकरण के विकास के लिए कोई कार्य नही किया गया है।

स्थिति: ताप प्रणाली की परिकल्पना और विकास कर लिया गया है। ऑटोलोडर भी तैयार कर लिया गया है, रिएक्शन कॉयल मॉड्यूल की परिकल्पना और निर्माण का कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रकाशिकी परिकल्पना और निर्माण भी पूरा कर लिया गया है।

प्रायोजक: तिलहन, दलहन एवं मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।

डिजिटल एफ्लाटॉक्सिन मीटर का प्रचार – प्रसार

(ए.के. गंजू)

संगठन में परिकल्पना के बाद विकसित किए गए एफ्लाटॉक्सिन मीटर के 10 प्रोटोटाइप का निर्माण जारी हैं। इन्हें लोकप्रिय बनाने के लिए तिलहन, दलहन और मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के एक कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रयोक्ता एजैंसियों में बांटा जाएगा।

स्थिति: तकनीकी नो–हाउ एक उद्योग को दे दी गई है एवं प्रोटोटाइप का निर्माण कर लिया गया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में इसके अशांकन का मूल्याकंन किया जा रहा है।

प्रायोजक: तिलहन, दलहन एवं मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।

स्वचालित एर्गीमोन सांद्रता मापन प्रणाली का विकास

(एस.सी. निझावन)

इस परियोजना का उद्देश्य सरसों के तेल में एर्गीमोन का पता लगाने के लिए एक उपयुक्त

स्वचालित प्रणाली का विकास करना है। गत अनेक वर्षो से देश के विभिन्न भागों में ड्रॉप्सी का संक्रमण व्याप्त है। यह रोग सरसों के तेल में एर्गीमोन एल्केलॉयड की उपस्थिति से होता है।

स्थिति: संघटको की खरीद का काम जारी हैं। पीसीबी की ले आउट की परिकल्पना एवं सर्किट आरेखन को अंतिम रुप दे दिया गया है और पीसीबी का निर्माण पूरा कर लिया गया है। सॉफ्टवेयर के लिए फ्लो चार्ट बना लिया गया है।

जटिल गणितीय गणनाओं के लिए डैटा बेस प्रबन्धन तकनीक विषयक तकनीकी पेपर तैयार किया जा रहा है।

इस परियोजना के लिए केमस्ट्री तैयार करने का कार्य केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, पंजाब यूनिर्वसिटी, चण्डीगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

प्रायोजक: तिलहन, दलहन एवं मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।

TMOP&M कार्यक्रम के अर्न्तगत विकसित प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना: सुवाह्य किट्स, खाद्य तेलों के लिए उपकरण और प्रदूषणों का पता लगाना।

(एम.एल. सिंगला)

इस परियोजना में TMOP&M मिशन मोड कार्यक्रम के अन्तर्गत संगठन में खाद्य तेलों के गुणता नियन्त्रण के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

संगठन ने कम कीमत के तीन उपकरण तैयार किए है, जिनका प्रचालन अत्यधिक सरल है। इन प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाने के लिए TMOP&M, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली के द्वारा स्वीकृत एक कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्योगों के माध्यम से इनका निर्माण करवा कर इन्हें प्रयोक्ताओं को सप्लाई किया जाएगा। ये उपकरण इस प्रकार है:

–आयोडीन वैल्यू मीटर

–ऑयल स्पैक्ट्रोफोटोमीटर

–डिजिटल टाइट्रेशना किट

स्थिति: ऑयल स्पैक्ट्रोफोटोमीटर के लिए फिल्टर और डिजिटल टाइट्रेटर के लिए गीयर का निर्माण कर लिया गया है। परॉक्साइड वेल्यू, फैटी एसिड और स्पोनीफिकेशन मान के गुणनांक घटक निकाल लिए गए हैं, संशोधत आयोडीन मान मापी तैयार कर लिया गया है।

संशोधित आयोडिन मान मापी के पांच प्रोटोटाइप संगठन में तैयार कर लिए गए हैं। दो औद्योगिक संगठनों ने इन उपकरणों के निर्माण के लिए तकनीकी नो–हाउ ले लिया है।

प्रायोजक: TMOP&M, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।

बिनौलों में से तेल निकालने के बाद खली मे गोसीपॉल का पता लगाने के लिए सुवाह्य उपकरण का विकास

(*एम.एल. सिगंला*)

गोसीपॉल एक पीले रंग का फीनॉल रजंक है, जो बिनौलों में तीन रूपों में पाया जाता है। यह रजंक एव विषैला सम्मिश्र है, अतः बिनौलों के तेल एवं खली में इसकी स्थिति अवांछनीय है, गोसीपॉल का पता लगाने के लिए उपलब्ध उपकरण अत्यधिक महंगे है, अतः बिनौलों की खली में गोसीपॉल का पता लगाने के लिए एक उपकरण के विकास की एक परियोजना प्रारम्भ की गई है। यह उपकरण लागत प्रभावी, बैटरी चालित एवं क्षेत्र में प्रयोग क्षम होगा। इसमें LED, संवेदन प्रणाली एवं संसूचन प्रणाली होगी।

स्थिति: गोसीपॉल का पता लगाने के लिए कैमिस्ट्री तैयार कर ली गई है एवं गोसीपॉल के विभिन्न मापक तैयार कर लिए गए हैं। 620nm के प्रकाश स्रोत (LED) की खरीद कर इसे विकसित किए जा रहे है पहले प्रोटोटाइप में लगा दिया गया है। उपकरण की परिकल्पना को अंतिम रुप दे दिया गया है। उपकरण में 620 nm तरंगदैर्घ्य की LED, एल्यूमीनियम धातु से बना सैम्पल होल्डर और ससंचून व प्रदर्शन प्रणालियां होगी। विभिन्न द्रव्यो की प्रकृति का अध्ययन किया जा रहा है।

प्रायोजक: TMOP&M, कृषि मंत्रलय, नई दिल्ली।

डिजिटल आर्द्रता प्रोब का विकास

(*ए.के. गंजू*)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रयोग में साधारण एवं सही परिणम देने वाले एक उपकरण का विकास करना है, जिसमें बीजों, खाद्यान्नों, खली, शुष्क घास, भूसे एवं अन्य संबंधित उत्पादों में नमी की मात्रा का पता लगाने के लिए एवं प्रोब आकार की संवेदन प्रणाली होगी।

स्थिति: विभिन्न संवेदियों का निर्माण पूरा कर उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। इसकी इलैक्ट्रॉनिकी योजना तैयार कर ली गई है।

प्रायोजक: उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय, खाद्य एवं लोक वितरण विभाग, वनस्पति निदेशालय, वनस्पति तेल एवं वसा, नई दिल्ली।

पक्षियों को डराने के लिए इलैक्ट्रॉनिक उपकरण का विकास

(*वी.पी. गिरधर*)

इस परियोजना का उद्देश्य पक्षियों को डराने के लिए खेतों में प्रचालन क्षम अल्ट्रासोनिक ध्वनि उत्पत्ति के साथ शक्तिशाली कौंध युक्त शंकु के आकार का एक इलैक्ट्रॉनिक यन्त्र बनाना है। इसमें स्वनियंत्रित टाइमिंग सर्किट आदि होंगे। भारतीय अर्थ व्यवस्था चूंकि मुख्य रुप से कृषि पर ही आधारित है, अतः फसलों को नष्ट होने को न्यूनतम किया जाना जरूरी है। अतः भारत में पक्षियों को नियंत्रित करना आवश्यक हो गया है।

स्थिति: संघटको एवं उपस्करों की खरीद का कार्य जारी है।

प्रायोजक: भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR), नई दिल्ली।

लेज़र भूमि तलेक्षक (Laod Levelar) का विकास

(*आर.के. जैन*)

इस परियोजना के अन्तर्गत भूमि के श्रेणीकरण में उपयोगी लेज़र भूमि तलेक्षक का विकास किया जाएगा। कृषि के लिए प्रयोग की जाने वाली भूमि फसल उत्पादन के लिए समतल होनी चाहिए। भूमि श्रेणीकरण में भूमि की सतह को अपेक्षित स्तर पर आकार दिया जाता है। निचली सतह वाली भूमि में पानी खड़ा हो जाने से फसल का उत्पादन प्रभावित होता है। सिंचित कृषि प्रणाली में असमतल भूमि सतह के लिए उच्च स्तर पर जल स्रोत की आवश्यकता

होती है, जिससे कि उबड़–खाबड़ खेतों में पानी पंहुच सके। इससे पानी की हानि एवं भूक्षरण होता है।

स्थिति: इस परियोजना के लिए आवश्यक विशेष संघटकों की पहचान कर ली गई है और उनकी खरीद की जा रही है।

प्रायोजक: भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), नई दिल्ली।

विश्लेषणातमक उपकरण

आणविक बल सूक्ष्मदर्शी ए एफ एम का संशोधित संस्करण।

संगठन में आण्विक बल सूक्ष्मदर्शी ए एफ एम के संशोधित संस्करण के निर्माण की परियोजना को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) , भारत सरकार ने प्रायोजित किया है। इस परियोजना के अन्तर्गत AFM के प्रोटोटाइप का पहले ही विकास कर लिया है।

इस संस्करण में सम्पूर्ण AFM नियन्त्रण एवं इमेज प्रोसैसिंग सॉफ्टवेयर को विंडोज़ ऑप्रेटिंग प्लेटफॉर्म के लिए अनेक अतिरिक्त विशेषताओं के साथ विकसित कर लिया गया है। फीड बैक परिपथ सहित सम्पूर्ण इलैक्ट्रॉनिकी को एक सुसम्बद्ध हाउसिंग इकाई में ले लिया गया है। प्रारंभिक PSD संसूचण प्रणाली के स्थान पर स्वदेश में विकसित PSD संसूचन प्रणाली को लगाया जा रहा है। इसमें नई डैटा प्राप्ति प्रणाली लगा दी गई है और इस प्रकार से स्कैन किए गए बिम्बों को सीधे प्रिंटर पर लिया जा सकता है।

प्रायोजक: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) , नई दिल्ली।

प्रकिया नियन्त्रक उपकरण विन्यास

विद्युत उर्जा के उत्पादन के लिए कंडिशन मॉनीटरिंग ऑफ किटिकल रोटेटिंग मशीन के लिए उपकरण विन्यास प्रणाली एवं संबंधित प्रौद्योगिकी का विकास

(*ए.डी. कौल*)

विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित, वर्तमान मे जारी सहयोगात्मक परियोजना विद्युत उर्जा के उत्पादन के लिए कंडिशन मॉनीटरिंग ऑफ क्रिटिकल रोटेटिंग मशीन के लिए उपकरण विन्यास प्रणाली एवं संबधित प्रौद्योगिकी का विकास अंतिम चरण में है। आइ आइ टी, दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर, बीएचईएल, हैदराबाद और सीएसआइओ, चण्डीगढ़ इसमें सहयोगी एजैंसियां हैं। यह परियोजना गुरू गोबिन्द सिंह सुपर ताप उर्जा संयंत्र, रोपड़ (पंजाब) मे 210 मेगावाट टर्बो जनरेटर सैट पर चलाई जा रही है।

विभिन्न परियोजनाओं से डैटा एकत्र करने के लिए सिगनल कंडिशनिंग मॉड्यूल सहित पी सी आधारित ऑन लाइन डैटा प्राप्ति प्रणाली विकसित कर इसे रोपड़ बिजली संयंत्र पर लगा दिया गया है। 21 चैनलों के लिए वाइब्रेशन डैटा प्राप्त किया जा रहा है और रिकॉर्ड किया गया कुछ डैटा आइ आइ टी, दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर को उनके द्वारा विश्लेषण एवं अपने क्रमशः एक्सपर्ट सिस्टम एवं न्यूरल नैटवर्क सिस्टम को तदनुसार बनाने के लिए भेज दिया गया है। डैटा प्राप्त करने के लिए प्रयोग में लाए जा रहे कम्प्यूटर को एक अन्य कम्प्यूटर, जिस पर आइ आइ टी, दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर द्वारा विश्लेषण के लिए विकसित ऑन लाइन एक्सपर्ट सिस्टम, (OLES) सॉन्टवेयर के लिए डैटा स्थानांतरित किया जा रहा है, से जोड दिया गया है।

विभिन्न प्रतिभागी एजैंसियों द्वारा एक्सपर्ट सिस्टम, न्यूरल नेटर्वक, परीक्षण और फाइन टयूनिंग का कार्य जारी है।

प्रायोजक: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

ऊर्जा उपकारण प्रणालियों के सम्बन्धा मे परामर्श सेवाएं इण्डो – जर्मन उर्जा प्रभावकता एवं पर्यावरण परियोजना (IGEEP) के अन्तर्गत

(*आर.के. मोहनराव*)

जर्मन विकास सहयोग के अर्न्तगत Indo-German Energy Efficiency and Environmental (IGEEP) नामक एक परियोजना वर्ष 1995 में शुरू की गई। यह परियोजना विभिन्न परामर्श परियोजनाओं के माध्यम से भारतीय उद्योगों को सहायता प्रदान कर रही है। इस परियोजना के शोध कार्य के अनुसार भारतीय उद्योगों की उर्जा लेखा प्रकियाएं पर्याप्त नही हैं और इन प्रकियाओं को मज़बूत करके 50% तक परियोजना उर्जा की बचत की जा सकती है। *[चित्र पृष्ठ - 24 पर संलग्न है]*

संयोगवश उर्जा मंत्रालय ने फरवरी, 2002 के दौरान संसद में उर्जा संरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय एजैंसियों ने इस विधेयक के अनुरूप कदम उठाने प्रारम्भ कर दिए। विधेयक में जिन लाभों पर विचार किया गया, उनमें से एक है: "विशिष्ट उर्जा खपत एवं संबंधित व संगत संकेतकों की प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए प्रौद्योगिकियों, प्रक्रमणों एवं सॉफ्टवेयर के लिए बेहतर मार्किट" इस प्रस्तावित लाभ को प्रोत्साहित करने के लिए (IGEEP) ने

निम्नलिखित विशिष्ट कार्यों के साथ "संगठन को उर्जा प्रबन्धन प्रणालियां" विषयक परामर्श परियोजना प्रदान की:

- उर्जा प्रबन्धन प्रणालियों पर अत्यधुनिक रिपोर्ट तैयार करना।
- उर्जा प्रबन्धन प्रणालियों के लिए सैम्पल उर्जा लेखा परीक्षा।
- स्टैक गैस ऑक्सीजन मापन के लिए उपयुक्त परिवर्धिन कार्यकारिता विशेषताओं सहित Bousch Lambde Oxygen संवेदियों का परीक्षण और मूल्याकंन।
- उर्जा प्रबन्धन प्रणालियों के लिए पारस्परिक प्रचालनक्षम नेटर्वक नोड्स की परिकल्पना।
- उर्जा प्रबन्धन प्रणालियों पर सूचना के प्रसार के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करना।

IGEEP ने इस कार्य के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचना उपलब्धा करवाई है:

किसी भी दहन प्रणाली का व्यवस्थापन यदि सही न हो तो उर्जा कम होती है और प्रायः बहुत अधिक कालिख निकलने से अनावश्यक वायु प्रदूषण होता है। ऐसा पर्याप्त ऑक्सीजन संवेदियों के अभाव के कारण होता है। इसका मुख्य कारण ऑप्रेटर की स्टैक गैस में ऑक्सीजन प्रतिशत के रुप में प्रदर्शित अत्यधिक वायु के स्तर का अनुमान लगाने की अक्षमता है। औद्योगिकी प्रकार के महंगे ज़िरकॉनियम ऑक्साइड संवेदी सर्वाधिक प्रयुक्त होने वाली इन लाइन संवेदी प्रौद्योगिकी है, ये संवेदी सुगठित डिस्पले सर्किट के साथ जुड़े रहते हैं और स्टैक गैस में ऑक्सीजन के प्रतिशत को दर्शाते है।

ऐसी प्रणालियां *ऑक्सीजन ट्रिम* प्रणालियां कहलाती हैं और ये ऑक्सीजन की सांद्रता को केवल मापती ही नहीं, उन्हें व्यवस्थित भी करती हैं।

***केवल मॉनीटरिंग* उपकरण विन्यास की लागत** US$ 7000 है और इसकी ऑक्सीजन प्रोब को प्रत्येक 1-2 वर्ष में बदले जाने की आवश्यकता होती है। इस प्रोब की कीमत US$ 2000-3000 होती है। इस प्रकार से ये प्रणालियां व्यापक स्तर पर प्रयुक्त नही होती और छोटे बॉयलर अथवाा भट्टियों में प्रायः नहीं पाई जाती, जबकि दूसरी ओर बहुत सस्ते एवं व्यापक स्तर पर उत्पादित ज़िरकोनियम ऑक्साइड संवेदी, जिन्हें लैम्डा संवेदी भी कहा जाता है, प्रायः किसी भी ऑटोमोबाइल में पाए जाते हैं। ये अत्यधिक सक्षम एवं कालिख रहित ईंधन दहन के लिए अतिरिक्त वायु की निगरानी करते हैं और उन्हें व्यकस्थित करते हैं। लाखों की संख्या में बनाए जा रहे ऐसे संवेदी गुणवत्ता की दृष्टि से श्रेष्ठ एवं समरूप होते हैं और इनकी लागत US$140 होती है। ये औद्योगिक भट्टियों और बॉयलर्ज़ में भी दहन प्रक्रिया की मॉनीटरिंग के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।

संगठन को इस कार्य के अन्तर्गत लैम्डा संवेदियों की कार्यकरिता मूल्यांकन के लिए 'टैस्ट बैच' के विकास, ऑक्सीजन प्रतिशत को दर्शाने के लिए उपयुक्त परिपथ के विकास एवं औद्योगिक पर्यावरण में परीक्षण के लिए कहा गया है।

सामग्री के अध्ययन के बाद संगठन ने ऑक्सीजन संवेदियों की परीक्षण एवं मूल्ययांकन प्रक्रिया तैयार की और ब्लॉक डायग्राम मे दर्शाए गए अनुसार परीक्षण व्यवस्था की परिकल्पना की।

उर्जा प्रबन्धन प्रणालियों के प्रचलन के लिए एक मार्किट ड्राइव यह है कि परस्पर प्रचालनक्षाम नोड्स के लिए प्रौद्योगिकी का विकास किया जाए, जिससे कि यह प्रणाली गैर स्वामित्व प्रकार की हो।

IGEEP ने LonWorks प्रौद्योगिकी पर आधारित नेटर्वक नोड्स के विकास के लिए मूल्यांकन सुविधाओं की स्थापना में सहायता की।

प्रायोजक: जर्मन टैकनिकल कॉपरेशन (GTZ)-इण्डो–जर्मन एनर्जी एफिशिएंसी प्रोजैक्ट (IGEEP), नई दिल्ली।

ऑन लाइन उर्जा मॉनीटरिंग एवं नियंत्रण प्रणाली का विकास एवं उद्योगों में इसको लगाना।

(आर.के. मोहनराव)

इस परियोजना के अन्तर्गत उर्जा प्रबन्धन प्रणाली की परिकल्पना एवं विकास के लिए लोनर्वक प्रौद्योगिकी को अपनाया गया है।

मल्टीपल नोड्स के विकास और परीक्षण के लिए लोन बिल्डर विकास टूल को प्रचालनक्षम बना दिया गया है। 'लोनमेकर फॉर विंडोज' को भी नोड्स को नेटवर्किंग के लिए समरूप बनाने के लिए कार्य स्थिति में डाल दिया गया है। इसकी नोड्स को जोड़ने अथवा निकालने की क्षमता का भी पता लगा लिया गया है। *[चित्र पृष्ठ - 25 पर संलग्न है]*

पारस्परिक कार्यक्षम लोन पांयट मॉडयूल्स की "प्लग एण्ड प्ले" विशेषता की भी Lon MAKER के साथ जांच कर ली गई है। Lon MAKER की HMI विशेषता का पता लगाने

के लिए LNS DDE सर्वर को भी चालू कर दिया गया है।

उर्जा प्रबन्धन प्रणाली के प्रयोग के लिए लैब व्यू पैकेज के साथ डिज़ाइन किए गए कुछ मॉनीटर स्क्रीन्स चित्र में दिखाए गए हैं:

भू-विज्ञान एवं आपदा प्रबन्धान के लिए उपकरण विन्यास

उप प्रणालियों सहित एनालॉग भूकम्पीय रिकॉर्डर

(एम ए शम्शी)

परियोजना का उद्देश्य :

- सुवाह्य एनालॉग भूकम्पीय रिकॉर्डर की चार इकाइयों का विकास एवं निर्माण करना।
- विकसित प्रौद्योगिकी को उत्तम बनाने के लिए प्रयोक्ता एजेंसी से उपकरण के क्षेत्रीय प्रयोगों पर जानकारी प्राप्त होने के बाद डिज़ाइन संबंधी संशोधन करना एवं उसे निर्माण योग्य बनाना है।

_स्थिति_ : एनालॉग भूकम्पीय रिकॉर्डर की पूर्ण रूप से चालू चार इकाइयों का निर्माण कर इनका संगठन की भूकम्पीय वेघशाला में परीक्षण कर लिया गया है। ये इकाइयां संगठन द्वारा CWPRS, पुणे को तकनीकी दस्तावेज़ों सहित भिजवा दी गई हैं। CWPRS ने भी इन इकाइयों की पूरी तरह से जांच कर इन्हें स्वीकार कर लिया है। *[चित्र पृष्ठ - 13 पर संलग्न है]*

भूकंपीय आंकड़े प्राप्त करने के लिए जाम्रानी पावर स्टेशन, यूपी में इन एनालॉग भूकम्पीय रिकॉर्डरों को लगाने का कार्य जारी है। जाम्रानी पावर स्टेशन, नैनीताल (यूपी) के संबंधित स्टाफ को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है।

सीएसआइओ की टीम ने नियमित जांच के लिए दिनांक 11.7.01 से 16.7.01 तक CWPRS, पुणे का दौरा किया।

विभिन्न प्रयोक्ताओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इसके डिज़ाइन में सुधार कर दिया गया है, जिससे कि इसे क्षेत्रीय प्रयोग के लिए और बेहतर तथा लागत व कार्यकारिता की दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी बनाया जा सके।

प्रायोजक : केन्द्रीय जल एवं उर्जा अनुसंधान स्टेशन (CWPRS), पुणे।

डिजिटल भूकम्पीय घड़ियां

इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय मौसम विभाग, नई दिल्ली को सप्लाई किए जाने के लिए सही समय बताने वाली 20 डिजिटल भूकम्पीय घड़ियों का निर्माण और परीक्षण करना तथा उसके बाद IMD की आवश्यकताओं के अनुसार इस स्वदेशी तकनीक को उन्नत बनाने के लिए डिज़ाइन संबंधी सुधार करना है। *[चित्र पृष्ठ - 14 पर संलग्न है]*

_स्थिति_ : पूर्ण रूप से चालू भूकम्पीय घड़ियों की 20 इकाइयों का निर्माण कर लिया गया है और संगठन में इनकी जांच कर ली गई है। इन्हें विस्तृत तकनीकी दस्तावेज़ों के साथ आइएमडी को भेज दिया गया है। प्रयोक्ता एजेंसी ने ये इकाइयां स्वीकार कर ली हैं। आइएमडी द्वारा ये घड़ियां देश भर में विभिन्न भूकम्पीय स्टेशनों पर प्रयोग में लाई जा रही हैं।

प्रयोक्ता की आवश्यकतानुसार सेवा व अनुरक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

प्रायोजक : भारतीय मौसम विभाग (IMD), नई दिल्ली

आईआर आधारित हिम सतह तापमान संवेदी प्रोब एवं उपप्रणालियां

परियोजना का विस्तृत उद्देश्य :

- आईआर आधारित हिम सतह तापमान संवेदी शलाकाओं, संवेदी लगाने के लिए कलैम्प एवं अतिरिक्त इलैक्ट्रॉनिक कार्डों के छः सैट का निर्माण एवं परीक्षण करना तथा इन्हें सासे, रामगढ़ (पंचकूला) में उपलब्ध डैटा लॉगर के साथ जोड़ना तथा *[चित्र पृष्ठ - 14 पर संलग्न है]*
- डिज़ाइन संबंधी और संशोधनों के लिए हिमाच्छादित क्षेत्र में प्रयोक्ता के साथ मिलकर संयुक्त रूप से परीक्षण करना है।

_स्थिति_ : आईआर तकनीक आधारित हिम सतह तापमान मापी शलाकाओं की पूरी तरह से चालू छह इकाइयों का निर्माण कर लिया गया है। प्रयोगशाला में परीक्षण कर इन्हें सासे, रामगढ़ को विस्तृत तकनीकी दस्तावेज़ों के साथ सप्लाई कर दिया गया है। सासे ने अपनी शलाका सियाचिन क्षेत्र (जम्मू व कश्मीर) में लगाई है एवं उपग्रह के माध्यम से प्रत्येक एक घण्टे के बाद सासे, चण्डीगढ़ में आंकड़े प्राप्त किए जा रहे हैं। सासे से प्राप्त फीडबैक के अनुसार परिकल्पना को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार कर दिए गए हैं। संशोधित परिकल्पना के साथ क्षेत्रीय परीक्षण जारी है।

प्रायोजक : हिम एवं अवधाव अध्ययन प्रतिष्ठान (सासे), पंचकूला

16 बिट् भूकम्पीय रिकॉर्डर का निर्माण

(एम ए शमशी)

इस परियोजना का उद्देश्य 16 बिट् भूकम्पीय डाटा रिकॉर्डर की राष्ट्रीय मांग को अपने देश में ही उत्पादन द्वारा पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी की परिकल्पना करना व उसे उन्नत बनाना है। *[चित्र पृष्ठ - 15 पर संलग्न है]*

यह उपकरण देश के विख्यात प्रयोक्ताओं को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे कि इसकी विश्वसनीयता क्षेत्र में उपयोगक्षमता एवं कार्यकारिता को सुनिश्चित किया जा सके।

लम्बे समय तक क्षेत्र में प्रयोग करने के बाद संगठन उपकरण के उचित प्रकार से कार्य करने के लिए परिकल्पना एवं सेवा व अनुरक्षण सुविधाओं में सुधार करेगा।

स्थिति : 16 बिट् भूकम्पीय डैटा रिकॉर्डर एवं विश्लेषण की दो इकाइयों का सफलतापूर्वक निर्माण कर लिया गया है। इन इकाइयों को प्रोग्रामिंग एवं आंकड़ों की पुनः प्राप्ति के लिए लैप टॉप पीसी के साथ जोड़ा गया है।

दोनों इकाइयों का प्रयोगशाला एवं बाद में संगठन की भूकम्पीय वेधशाला में परीक्षण कर लिया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के प्रस्ताव पर एक इकाई भुज में आए भुकम्प के बाद के झटकों को रिकॉर्ड करने के लिए भुज में लगाई गई। एक अन्य इकाई आईएमडी की रिज वेधशाला में लगाई गई है। 16 बिट् भूकम्पीय रिकॉर्डर की दोनों इकाइयां प्रयोक्ताओं द्वारा निर्धारित किए गए क्षेत्रीय परिमापकों के अनुसार चौबीसों घंटे भूकम्पीय आंकड़ों को रिकॉर्ड कर रही हैं। इन इकाइयों द्वारा रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों का इन वेधशालाओं में पहले से लगे उपकरणों द्वारा रिकॉर्ड किए गए आंकडों के साथ मिलान किया जा रहा है, इससे संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का विकास कर इन आंकड़ों के विश्लेषण और भूकम्पीय हलचल को समझने के लिए प्रयोक्ता को सप्लाई कर दिया गया है।

प्रायोजन : विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

डैटा स्थानान्तरण के लिए डायल अप सुविधा सहित 20-24 बिट् भूकम्पीय डैटा प्राप्ति प्रणाली की तीन इकाइयों की परिकल्पना और विकास

इस परियोजना का उद्देश्य दूरस्थ डिजिटल स्टेशन से केन्द्रीय रिकॉर्डिंग एवं प्रौसैसिंग स्टेशन तक डायल अप मोड में आंकड़ों के स्थानान्तरण की सुविधा के लिए 20-24 बिट् भूकम्पीय डैटा प्राप्ति प्रणाली की 3 इकाइयों की परिकल्पना और विकास करना है।

प्रस्तावित उपकरण की परिकल्पना स्टैंडर्ड इलैक्ट्रॉनिक मॉड्यूल, एसैम्बली, उप–एसैम्बली, जीपीएस टाइमिंग कार्ड और मोडम आदि पर आधारित होगी।

परिमापकों के सत्यापन, सिगनल और आंकड़ों के प्रक्रमण, आंकड़ों के प्रदर्शन और विश्लेषण के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर का विकास किया जाएगा। क्षेत्रीय आंकड़े अन्ततः एएससी–II प्रारूप में उपलब्ध होंगे, जिससे कि स्टैंडर्ड भूकम्पीय आंकड़ों के प्रक्रमणक्षम सॉफ्टवेयर को विश्लेषण और समझ के लिए प्रयोग में लाया जा सके।

स्थिति : प्रयोक्ता एजेंसी के साथ मिलकर तैयार की गई विशिष्टियों के अनुरूप पीसी आर्किटैक्टचर आधारित विस्तृत तकनीकी परिकल्पना की योजना तैयार कर ली गई है। परिकल्पना विशिष्टियों के अनुरूप सामग्री प्राप्त कर ली गई है। कार्डस के हार्डवेयर की जांच का काम भी पूरा हो गया है। सभी मॉडयूल्स के संघटन एवं परीक्षण कार्य को भी परिकल्पना की अपेक्षाओं के अनुरूप सफलतापूर्वक कर लिया गया है।

निम्नलिखित से संबंधित विकास कार्य पूरा हो चुका है–

- सिस्टम सॉफ्टवेयर
- प्रयोक्ता अनुकूल सॉफ्टवेयर
- SEISAN फॉर्मेट के मानकीकरण के लिए रूपान्तरण सॉफ्टवेयर सहित भूकम्पीय सिग्नल विश्लेषक सॉफ्टवेयर
- चैसिस की परिकल्पना का कार्य पूरा हो गया है और सम्पूर्ण सिस्टम (24 बिट्) के अंतिम परीक्षण जारी हैं।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित तीव्र गति रिकॉर्डर-- त्वरणमापी का विकास

(बी के शर्मा)

एक त्रिअक्षीय बल संतुलित त्वरणमापी संवेदी की परिकल्पना एवं विकास किए जाने का प्रस्ताव है। विकसित त्वरणमापी संवेदी की तीव्रगामी संकेतों को रिकॉर्ड एवं प्रक्रमित करने के लिए 16 बिट् 3 चैनल भूकम्पीय डैटा प्राप्ति प्रणाली के साथ जोड़ा जाएगा, आंकड़े विशाल क्षमता की SRAM/SCSI हार्ड डिस्क में एकत्र किए जाएंगे। भू–हलचलों के आंकड़े RS 232C इंटरफेस के माध्यम से

पीसी / लेपटॉप पीसी में प्रेषित किए जा सकते हैं। संगठन में विकसित किए जाने वाले सॉफ्टवेयर के द्वारा महत्त्वपूर्ण परिमापकों के मान की परिगणना की जा सकती है। उपकरण को अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार में प्रतियोगी बनाने के लिए प्रयोक्ता अनुकूल एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर पैकेज का भी विकास किया जाएगा।

स्थिति : तकनीकी विशिष्टियों के अनुसार इलैक्ट्रॉनिक्स इकाई की परिकल्पना का कार्य पूरा कर लिया गया है। अभियांत्रिक हिस्सों के आरेखन तैयार कर लिए गए हैं। विभिन्न संघटकों एवं सामग्री की खरीद का कार्य जारी है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

इन्फ्रारैड तकनीक आधारित हिम सतह तापमान संवेदी प्रोब का उपांगों सहित विकास एवं निर्माण

(एम ए शम्शी)

इस परियोजना का उद्देश्य आईआर आधारित हिम सतह तापमान संवेदी श्लाकाओं की परिकल्पना में सुधार कर 11 इकाइयों का निर्माण कर उनकी सप्लाई किया जाना है। अतिरिक्त इलैक्ट्रॉनिक कार्डस के 11 सैट सहित संवेदी लगाने वाले क्लैम्प भी सप्लाई किए जाने हैं।

इन ग्यारह इकाइयों में से एक इकाई में श्लाका में ही तापमान के प्रदर्शन की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी है और शेष दस इकाइयों को सासे, चण्डीगढ़ में उपलब्ध डेटा लॉगर के साथ जोड़ना है।

उपकरण की परिकल्पना में और अधिक सुधार के लिए सीएसआइओ और सासे द्वारा मनाली के हिमाच्छादित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से परीक्षण किए जाएंगे।

स्थिति : आवश्यक संघटक और सामग्री प्राप्त करके आईआर तकनीक आधारित हिम सतह तापमान मापी श्लाका के इंजीनियरिंग मॉडल की दस इकाइयों के निर्माण का काम प्रारम्भ कर दिया गया है। श्लाका में तापमान प्रदर्शन की सुविधा वाली एक इकाई का निर्माण कार्य जारी है।

प्रायोजक : हिम एवं अवधाव अध्ययन प्रतिष्ठान, चण्डीगढ़

तीन BB भूकम्पलेखियों के नेटवर्क की स्थापना के द्वारा चण्डीगढ़ एवं इसके आसपास भूकम्प के प्रभाव का अध्ययन

(एम ए शम्शी)

संगठन की चण्डीगढ़ एवं इसके आसपास 50--60 किलोमीटर की परिधि में प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के रूप में एक आधुनिक स्थानीय भूकम्पीय नेटवर्क की स्थापना का प्रस्ताव है। प्रारम्भ में विकास / क्षेत्रीय प्रयोगों के दौरान ये "प्रौद्योगिकी प्रदर्शक" प्रत्येक 60-70 किलोमीटर की दूरी पर बनाए जाएंगे। क्षेत्रीय प्रयोगों की सफलता के बाद दो स्टेशनों की दूरी बढ़ाकर लगभग 100 किलोमीटर की जा सकती है।

चण्डीगढ़ स्थित भूकम्पीय फील्ड स्टेशन में सम्प्रेषण सुविधाएं मोडम के प्रयोग द्वारा टेलिफोन लाइन के माध्यम से डायल अप डैटा स्थानांतरण और तीन संघटकों के डिजिटल उपकरण विन्यास उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव है।

नौनी (हिमाचल प्रदेश) एवं बाद में मोरनी पहाड़ियों (हरियाणा) पर भी भूकम्पीय स्टेशनों की स्थापना का प्रस्ताव है।

स्थिति : दो दूरस्थ भूकम्पीय वेधशालाओं को अंतिम रूप देने के लिए हिमाचल प्रदेश में सोलन, कसौली, नाहन, बिलासपुर, नौनी और हरियाणा में मोरनी पहाड़ियों पर भूकम्पीय सर्वेक्षण किए गए हैं।

आवश्यक उपकरणों एवं वस्तुओं के लिए तकनीकी विशिष्टियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इनकी खरीद का कार्य जारी है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समूह ने कड़ी चट्टानों, निम्न परिवेशी शोर आदि की दृष्टि से भौगोलिक स्थितियों के अनुरूप उपयुक्त स्थान के चयन के लिए और अधिक सर्वेक्षण करने का सुझाव दिया है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

सूक्ष्म इलैक्टॉनिकी के लिए उपकरण विन्यास

एल्कोहल का पता लगाने के लिए सुवाहृय धातु ऑक्साइड मानव श्वास संवेदी का विकास

(आर पी बाजपेयी)

इस परियोजना का उद्देश्य मानव श्वास में एल्कोहल की मात्रा का पता लगाने के लिए धातु ऑक्साइड का प्रयोग करते हुए सुवाहृय, प्रयोग में सरल, किफायती और कठोर संवेदियों का विकास करना है।

इस हेतु समतल प्रकार के संवेदियों के विकास का प्रस्ताव है। इस प्रकार के संवेदी में गैस का पता लगाने वाले तत्व, हीटर, तापमान का पता लगाने वाले तत्व को एक ही आधार पर संघटित किया जाता है। अनुसंधान और विकास की इस परियोजना से प्राप्त अनुभव व ज्ञान को "संवेदी श्रृंखला और इलैक्ट्रॉनिक नाक" पर कार्य करने के लिए प्रयुक्त किया जाएगा।

इस प्रकार से विकसित संवेदी अल्कोहल का पता लगाने,

खाद्य पदार्थों को डिब्बाबंद करने और मद्य उद्योग इत्यादि में प्रयुक्त किए जाएंगे।

स्थिति : संवेदी तैयार करने के लिए मुखौटे की परिकल्पना और निर्माण कर लिया गया है। सोलजैल प्रक्रिया के द्वारा रासायनिक घोल तैयार कर लिया गया है। चक्रण आलेपन स्थापित कर इसका परीक्षण कर लिया गया है। सैम्पलों के तापानुशीतन के लिए उच्च तापमान वाली भट्टी की भी खरीद कर ली गई है। स्कैनिंग इलैक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (SEM) के प्रयोग से संवेदी की सतह की रचना का अध्ययन कर लिया गया है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

सामरिक एवं सुरक्षा प्रयोगों के लिए उपकरण विन्यास

आण्विक किरण पुंज अधिरोहरण (MBE) प्रणाली का विकास

(नथई राम)

इस योजना का उद्देश्य भारत के अनुसंधान संगठनों और शैक्षिक संस्थानों के लिए अपेक्षाकृत कम कीमत की बहुउद्देश्यीय आण्विक किरण पुंज अधिरोहण (MBE) प्रणाली का विकास करना है। संयुक्त परियोजना के अन्तर्गत विकसित की जाने वाली इस प्रणाली में अनुप्रस्थ ग्रोथ चैम्बर, ठोस एवं गैस स्त्रोतों के तरल नाइट्रोजनशीतित K- सैल और बहुद्देशीय विश्लेषण सुविधा जैसी अत्यधुनिक विशेषताएं होंगी। *[चित्र पृष्ठ - 16 पर संलग्न है]*

स्थिति : प्रणाली के ग्रोथ चैम्बर के डिज़ाइन आरेखनों को अंतिम रूप दे दिया गया है। विश्लेषण चैम्बर, वैफर स्थानांतरण अभियांत्रिकी और निर्वात लोड लॉक सुविधा और बफर चैम्बर का कार्य संगठन में पूरा कर लिया गया है।

सभी अभियांत्रिक संघटकों का निर्माण कर लिया गया है। क्रैकर सैल और सैम्पल मैनिप्यूलेटर को छोड़कर अधिकतर आयातित उपप्रणालियां प्राप्त हो गई हैं। प्रणाली के संयोजन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

प्रायोजक : सैंटर फॉर एडवांस्ड टैक्नॉलोजी (CAT), इन्दौर

35 मिमि मिनि पैन कैमरा (फोक्स) की परिकल्पना और विकास

(पी के जैन)

मिनि दूरस्थ चालित वाहन (फैलकॉन) के लिए 35 मिमी मिनि पैन कैमरा की तीन इकाइयों की परिकल्पना और विकास।

स्थिति : 35 मिनी पैन कैमरा की तीन इकाइयां सप्लाई कर दी गई हैं और आरपीवी पर उनका परीक्षण कर लिया गया है। कैमरा की बेहतर प्रकाशिकी कार्यकारिता के लिए तीन नई लैंस प्रणालियों की परिकल्पना, विकास और सप्लाई का कार्य भी पूरा हो चुका है। नई लैंस प्रणालियां कैमरों के साथ लगा दी गई हैं। इलैक्ट्रॉनिकी डिज़ाइन में सुधार कर नए पीसीबी का निर्माण कार्य पूरा करके उन्हें संयोजित कर कैमरों के साथ जोड़ दिया गया है। इन कैमरों पर पुनः ESS परीक्षण किए गए। तीन इकाइयां भिजवा दी गई हैं।

प्रयोक्ता परीक्षणों से पूर्व कार्यकारिता मूल्यांकन का काम पूरा किया गया। कैमरे पोखरान में आरपीवी पर वास्तविक प्रयोक्ता परीक्षणों के लिए एडीई, बैंगलौर को सप्लाई कर दिए गए हैं और परिणाम संतोषजनक पाए गए हैं। *[चित्र पृष्ठ - 17 पर संलग्न है]*

प्रायोजक : एरोनॉटिकल डिवलपमैंट एस्टेब्लिशमैंट, बंगलौर

रिले लैंस प्रणालियां :

रिले लैंस प्रणालियों की परिकल्पना, विकास और निर्माण

(पी के जैन)

स्थिति : 4 रिले लैंस प्रणालियों (1:1.5 आवर्धन) की परिकल्पना एवं विकास का कार्य पूरा कर इनके सीसीडी जूम कैमरा के साथ परीक्षण के लिए इन्हें एडीई को भिजवा दिया गया है। इसकी कार्यकारिता की फीडबैक प्राप्त होने के बाद इसकी अभियांत्रिक परिकल्पना में सैंढिंग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संशोधन किए गए। एसैम्बली के बाद संगठन में कार्यकारिता संबंधी परीक्षणों के बाद सभी चार इकाइयां एडीई, बंगलौर के पास भिजवा दी गई हैं। पोखरान में दूरस्थ चालित वाहन (RPV) पर प्रयोक्ता परीक्षण किए गए और प्राप्त हुई प्रारम्भिक रिपोर्टों के परिणाम संतोषजनक हैं।

प्रायोजक : एरोनॉटिकल डिवलपमैंट एस्टेब्लिशमैंट, बंगलौर

रिले लैंस 2.3X की परिकल्पना और विकास

(पी के जैन)

रिले लैंस की 5 इकाइयों की परिकल्पना, विकास और सप्लाई

वर्तमान स्थिति : प्रकाशिकी और अभियांत्रिक संघटकों की परिकल्पना और निर्माण का कार्य किया गया। लैंस 2.3X की पांच इकाइयां संगठन में प्रारम्भिक जांच के बाद एरोनॉटिकल डिवलैपमैंट एस्टेब्लिशमैंट, बंगलौर के पास भिजवा दी गई है।

प्रायोजक : एरोनॉटिकल डिवलैपमैंट एस्टेब्लिशमैंट, बंगलौर

छोटे कैलिबर प्रक्षेपकों के लिए वैलोसिटी पैनल का विकास

(आर सी कालोनिया)

इस परियोजना का उद्देश्य फोटोनिक्स आधारित एक ऐसे उपकरण का विकास करना है, जो छोटे कैलिबर प्रक्षेपकों के वेग के मापन में सक्षम हो।

स्थिति : इसका प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है। प्रयोक्ता के परिसर में किए गए प्रायोगिक परीक्षणों के आधार पर इलैक्ट्रॉनिक सर्किट में संशोधन किए जा रहे हैं।

प्रायोजक : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

गैर रैखिक जंक्शन संसूचक का विकास

(एन. के. शर्मा)

इस परियोजना का उद्देश्य हार्मोनिक रडार सिद्धांत के प्रयोग के द्वारा गैर रैखिक जंक्शन संसूचक का विकास करना है, जो सुरक्षा कर्मियों को टाइमर अथवा विस्फोटक यंत्रों का पता लगाने के लिए दूरस्थ नियंत्रण रिसीवर जैसे छिपे हुए इलैक्ट्रॉनिक यन्त्रों का पता लगाने में सहायता करेगा। यह उपकरण सक्रिय, अनुप्रयुक्त (सुषुप्त) एवं असक्रिया यन्त्रों का पता भी लगाएगा।

स्थिति: ट्रांसमीटर, रीसीवर– I और रीसीवर II के लिए माइक्रो स्ट्रिप पैच एंटिना की परिकल्पना कर ली गई है। 888.5 MHz फ्रीक्वेंसी के वोल्टता नियंत्रित दोलक एवं बफर एम्प्लीफायर की परिकल्पना का कार्य भी कर लिया गया है। इन मॉड्यूल को माइक्रो–कंट्रोलर के साथ जोड़ने के लिए सॉफ्टवेयर के विकास का काम जारी है।

प्रायोजक: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली।

सक्रिया एवं निष्क्रिय सुगठित प्रकाशिकी (IO) यन्त्रें का विकास

(जी. मित्रा)

इस परियोजना का उद्देश्य टाइटेनियम इन–डिफ्यूसड लिथियम नायोबेट वेव गाइड आधारित संरचना की परिकल्पना और निर्माण करना है:

निष्क्रिय डायरेक्शनल कपलर	– 3
निष्क्रिय 1X4 पॉवर डिवाइडर	– 3
सक्रिय AB कपलर	– 3

उपरोक्त वर्णित सभी यंत्र 0.83 um के हैं।

स्थिति: सिंगल मोड चैनल गाइड की परिकल्पना पूरी कर ली गई है। चैनल गाइड समस्त सुगठित प्रकाशिकी (IO) संघटकों का आधार है। परियोजना समीक्षा समिति ने अनुमोदन के लिए सभी परिकल्पनाओं का विश्लेषण कर लिया है। मुखौटे का डिज़ाइन तैयार कर लिया गया है। परिकल्पना अपेक्षाओं के आधार पर विभिन्न संघटकों की विशिष्टियां भी तैयार कर ली गई हैं और उनकी खरीद का कार्य जारी है। प्रसारण भट्ठी की खरीद कर ली गई है और इसे स्थापित किया जा रहा है।

प्रायोजक: उपकरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, देहरादून।

अल्पकालिक विस्फोटक तापमान के लिए प्रकाशिकी उत्तापमापी की परिकल्पना, विकास और सप्लाई

(ए के पॉल)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1,000-10,000 K के परास में क्षणिक विस्फोटक तापमान के लिए प्रकाशिकी उत्तापमापी की परिकल्पना, विकास और सप्लाई करना है।

स्थिति : तापमान, अंशांकन, प्लैंक्स लॉ और तरंगदैर्घ्य और तापमान के संदर्भ में उत्सर्जकता के लिए सॉफ्टवेयर के विकास का कार्य पूरा कर लिया गया है। 450 और 650nm पर तापमान मापन के लिए बैंच सैटअप का कार्य भी पूरा हो गया है।

प्रायोजक : टर्मिनल प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला, चण्डीगढ़।

उन्नत हल्के हैलिकाप्टर के लिए फलाइ – बाइ – लाइट टेल रोटोर नियंत्रण प्रणाली का विकास

(जे के छाबड़ा)

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत हल्के हैलिकॉप्टर के भूमि पर परीक्षण वाहन के लिए टेल रोटोर नियंत्रण प्रणाली पर फलाइ–बाइ–लाइट प्रौद्योगिकी का विकास एवं प्रदर्शन करना है। संगठन द्वारा परियोजना के लिए प्रकाशिकी केबल एसैम्बली और आवश्यक परिपथ सहित इलैक्ट्रो प्रकाशिकी एवं प्रकाशिकी–इलैक्ट्रॉनिक परिवर्तित्रों की परिकल्पना और विकास का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संगठन बंगलौर में परीक्षणों के दौरान भी आवश्यक सहायता देगा।

स्थिति : E/O (विद्युत से प्रकाशिकी) एवं O/E (प्रकाशिकी से विद्युत) इकाइयों का निर्माण कर लिया गया है।

प्रायोजक : हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लि०, बैंगलोर

एलसीए के लिए हैड – अप डिस्पले की परिकल्पना,

विकास और सप्लाई

(पी के जैन)

परियोजना का उद्देश्य एलसीए के लिए हैड–अप डिस्पले की 11 इकाइयों (10 वायु क्षम एवं एक इकाई S.O.F इकाई के लिए) की परिकल्पना, विकास और सप्लाई करना है। पहले दिए गए हड LCA, TD2, PVI से PV5 और विभिन्न रिंग्स एवं एरोनॉटिकल डिवलपमैंट एजैंसी पर अन्य सुविधाओं के लिए है। अब सप्लाई की जाने वाली हड इकाइयों में प्रचालन का रास्टर मोड भी होगा।

स्थिति : सीएसआइओ के डिज़ाइन एवं आरेखन के अनुसार हड की 11 इकाइयों के निर्माण, एसैम्बली, परीक्षण और सप्लाई के लिए भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लि०, पंचकूला को सम्बद्ध किया गया है।

प्रायोजक : एरोनॉटिकल डिवलपमैंट एजैंसी, बंगलौर

हैलमेट पर लगे प्रदर्शक के लिए सम्भाव्यता अधययन

(एम एस एन श्रीनिवास)

इस परियोजना का उद्देश्य हैलमेट पर लगे प्रदर्शक की परिकल्पना, ज्यामीतिय रूपरेखा और विशिष्टियों के लिए सम्भाव्यता अध्ययन करना है। हैलमेट पर लगे प्रदर्शक प्रयोक्ता की कार्यक्षमता एवं सुरक्षा को बढ़ाने में पारम्परिक प्रदर्शकों की तुलना में लम्बे समय से अत्यधिक शक्तिशाली एवं प्रभावी यंत्र माने जा रहे हैं।

स्थिति : संभाव्यता अध्ययन जारी है और रिपोर्ट का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

प्रायोजक : एरोनॉटिक्स आर एण्ड डी बोर्ड, नई दिल्ली

विमानों के लिए रेशा प्रकाशिकी आधारित अग्नि संसूचक एवं सचेतक प्रणाली की परिकल्पना और विकास

(जे के छाबड़ा)

इस परियोजना के अन्तर्गत विमानों के लिए रेशा प्रकाशिकी आधारित अग्नि संसूचक एवं संसूचन प्रणाली की परिकल्पना और विकास का कार्य किया जाना है। प्रस्तावित प्रणाली अत्यधिक गर्म हो जाने का अथवा अग्नि का पता लगाएगी और घातक क्षेत्र का शीघ्रता से ठीक–ठीक पता लगाकर उसे पृथक् कर देगी। यह प्रणाली विमान में अपेक्षित क्षेत्रों की निगरानी करेगी और इन क्षेत्रों को ज़ोन में बांटा जा सकेगा ।

स्थिति : शेप मैमरी एलॉय के प्रयोग से प्राथमिक माइक्रोबैंड ज्यामीतियों पर प्रयोग किए गए। कुछ विन्यासों का विस्तार से अध्ययन किया जा रहा है।

प्रायोजक : एरोनॉटिक्स आर एण्ड डी बोर्ड, नई दिल्ली।

इलैक्टॉनिक स्टेथोस्कोप का विकास

(एन के शर्मा)

यह कामचलाउ विस्फोटक यन्त्रों के यांत्रिक टाइमर फ्यूज़ मकैनिज़्म का पता लगाने के लिए और सैनिक गोला बारूद में टाइमर फ्यूज़ मकैनिज़्म को लगाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इलैक्टॉनिक स्टेथोस्कोप में दो प्रकार के संवेदी हैं– सम्पर्क प्रकार के 'ध्वनि संवेदी' एवं गैर सम्पर्क प्रकार के डोप्लर/माइक्रोवेव संवेदी'। इसमें प्रचालक के लिए खतरों को, विशेष रुप से आधुनिक विस्फोटक यंत्रो पर कार्य करते हुए, कम करने का प्रावधान है।

स्थिति: गन डायोड (10.4 GHz) एवं मिक्सर डायोड एवं हॉर्न एंटीना के प्रयोग से वेव गाइड की परिकल्पना और विकास का कार्य सफलतापूर्वक कर लिया गया है। पूर्व–प्रवर्धक एवं प्रवर्धक की परिकल्पना का कार्य जारी है।

प्रायोजक: सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक का विकास

(एस आर तनेजा)

इस परियोजना के अन्तर्गत चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक के पूर्ण रूप से चालित प्रोटोटाइप के विकास, अस्पताल में उसके मूल्यांकन एवं व्यवसायिक प्रयोग के लिए प्रौद्योगिकी को हस्तांतरित करने के कार्य किए जाएंगे ।

स्थिति : प्रणाली के माइक्रोकंट्रोलर 8031 आधारित इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर का कार्य पूरा कर लिया गया है। पैरिस्टेल्टिक पम्प और फिल्टर विकसित कर लिए गए हैं। प्रकाशीय मॉडयूल पूरा हो चुका है। प्रिंटर के साथ जोड़ने वाला हार्डवेयर भी विकसित कर लिया गया है। विभिन्न परिमापकों के लिए अभिकारक किट्स भी तैयार कर ली गई हैं। *[चित्र पृष्ठ - 20 पर संलग्न है]*

चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक का पहला प्रोटोटाइप विकसित कर लिया गया है। 17 रक्त परिमापकों के प्रयोगशाला परीक्षण पूरे हो गए हैं।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

एनीस्थीसिया संवातक का विकास

(आर एन सेनगुप्ता)

इस परियोजना में एनीसथीसिया के दौरान प्रयोग के लिए संवातक की परिकल्पना और विकास किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए अधिकतम स्वदेशी संघटकों के प्रयोग से देश में उचित कीमत पर उच्च विश्वसनीयता वाली और

प्रचालन में सुरक्षित प्रौद्योगिकी का विकास करना है।

स्थिति : संवातक की सभी उप–प्रणालियों की परिकल्पना कर ली गई है।

मशीनिंग और डाइ मोल्ड के माध्यम से अभियांत्रिक संघटकों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

मॉनीटरिंग एवं प्रदर्शन के लिए हार्डवेयर एवं सॉफटवेयर का विकास कार्य कर लिया गया है। उपकरण विन्यास एवं नियंत्रण इलैक्ट्रॉनिकी के लिए हार्डवेयर बनाने का कार्य भी पूरा हो गया है एवं सॉफटवेयर का विकास अंतिम चरण में है।

नियंत्रण एवं प्रदर्शन के लिए परिकल्पना में कुछ संशोधन कर परीक्षण एवं अंशाकन का कार्य पूरा किया जा रहा है।

संवातक में बेलो सिस्टम के अंतिम संघटक मोल्डिंग प्रक्रिया के द्वारा निकाले जा रहे हैं।

इलैक्ट्रॉनिक गैस यांत्रिकी एवं संवातक की अभियांत्रिकी उप प्रणालियों को संघटित करने का कार्य जारी है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

सोडियम/पोटाशियम विशलेषक की परिकल्पना और विकास

(एस एस आहलुवालिया)

आयन चयनित इलैक्ट्रॉड्स के प्रयोग द्वारा रक्त, प्लाज़्मा, सीरम, मूत्र इत्यादि में सोडियम/पोटाशियम का शीघ्रता से सही–सही पता लगाने के लिए एक विशलेषक की परिकल्पना और विकास कार्य किया जाएगा।

स्थिति : 8085 किट् के प्रयोग से 12 बिट् डैटा और संदेशों के प्रदर्शन के लिए एल्फान्यूमैरिक LCD मॉड्यूल पर डैटा प्रदर्शन के लिए सॉफ्टवेयर विकास का कार्य जारी है।

स्टैपर पर मोटर नियंत्रक और पम्प की परिकल्पना का कार्य पूरा हो चुका है।

अंशांकन के लिए अभियांत्रिक प्रणाली की परिकल्पना कर ली गई है।

संघटकों, कम्प्यूटर, FPGA, इलैक्ट्रॉड्स्, पिंच वाल्वज़, स्टैपर मोटर्स इत्यादि की प्राप्ति का कार्य जारी है। एम्लिफायर बोर्ड, कंट्रोल बोर्ड, ADC बोर्ड जैसे इलैक्ट्रॉनिक संघटकों की परिकल्पना का कार्य भी कर लिया गया है। क्रियान्वयन का कार्य जारी है। अभियांत्रिक एसैम्बली का कार्य जारी है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

विभिन्न व्यासों के संवहन सूक्ष्म अन्तरीक्षण दर्शियों (वैस्क्यूलर माइक्रोएण्डोस्कोप) की परिकल्पना और विकास

(सी आर प्रसाद)

इस परियोजना का उद्देश्य विभिन्न व्यासों के (तीन आकारों के तीन प्रोटोटाइप) संवहन सूक्ष्म अन्तरीक्षण दर्शियों की परिकल्पना और विकास करना एवं ENT सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञों, दंत चिकित्सकों, न्यूरोसर्जन इत्यादि द्वारा इसके प्रयोग के लिए उनका चिकित्सकीय मूल्यांकन करना है।

स्थिति : एक मिमी व्यास के सूक्ष्म लैंस तैयार कर लिए गए हैं। वैस्क्यूलर माइक्रोएण्डोस्कोप के लिए 1.2 एमएम आई पीस और ऑब्जैक्टिव की प्रकाशिकी की परिकल्पना पूरी कर ली गई है। ऑब्जैक्टिव के लैंस तैयार किए जा रहे हैं। एक सैट पहले ही तैयार कर एसैम्बली और परीक्षण के चरण पर है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

कैंसर के उपचार (फेज–**1**) के स्वदेश में विकसित सुगठित, चिकित्सा रैखिक प्रणाली के प्रचार–प्रसार का राष्ट्रीय कार्यक्रम – जय विज्ञान

(पी एस मल्होत्रा)

इस परियोजना का उद्देश्य कम्प्यूटरीकृत नियंत्रणों एवं प्रचालन संबंधी अन्य संशोधनों के साथ 6 MeV चिकित्सा रैखिक मशीनों का विकास करना है। पहले चरण में दो मशीनें तैयार कर प्रयोक्ता अस्पतालों में लगाई जानी हैं। यह सीएसआइओ और समीर, मुम्बई की सहयोगी योजना है। इसमें संगठन द्वारा निम्नलिखित कार्य किए जाने हैं।

(क) गैन्ट्री प्रणाली – 2 इकाइयां *इसमें*

- गैंट्री संरचनाएं (आधार फ्रेम, स्टैण्ड और गैंट्री)
- गैंट्री ड्राइव सिस्टम और इसके इलैक्ट्रॉनिक नियंत्रक
- क्षेत्रीय प्रकाशिकी और रेंज फाइंडर इकाइयां
- लेज़र रोगी आरेखन प्रणाली
- रोगी के उपचार के लिए सहयोगी इकाइयां होंगी।

(ख) पेशैंट काउच – 2 इकाइयां

DIT ने मैसर्ज पैनेशिया मैडिकल टैक लि०, बंगलौर को

निर्माण एजैंसी नामित किया है। उनकी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार कुछ प्रणालियों का कार्य उन्हें दे दिया जाएगा। इस प्रकार संगठन को उनके कर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करना होगा।

स्थिति :

क) गैंट्री प्रणाली

(1) एक गैंट्री का निर्माण करने वाली एजैंसी मैसर्ज़ पीएमटी, बंगलौर के साथ मिलकर गैंट्री की परिकल्पना में सुधार कर लिया गया है। इस हेतु पीएमटी, बंगलौर का अनेक बार दौरा करना पड़ा। गुणवत्ता स्वीकृति की अपेक्षाएं भी निर्धारित की गईं। यह गैंट्री संरचना समीर, मुम्बई को भिजवा दी गई है, जहां इसके आरेखनों का निरीक्षण/संशोधन किया जा रहा है ।

(2) संगठन में ही तैयार की जाने वाली उप–प्रणालियों की स्थिति निम्नानुसार है:

– गैंट्री के लिए 0-360 डिग्री लिमिट सिस्टम– एक इकाई तैयार हो गई है।

– एन्कोडर/विभवमापी ड्राइव सिस्टम– एक इकाई पूरी हो चुकी है।

– कोण मापन के लिए स्केल

परिकल्पना में संशोधन के कार्य किए जा रहे हैं। ये निम्नानुसार हैं :

- फील्ड लाइट इकाई
- अभियांत्रिक संघटक तैयार हैं और प्रकाशीय संघटक तैयार किए जा रहे हैं।
- सिंगल बॉडी रेंज फाइंडर – प्रकाशीय परिकल्पना को अंतिम रूप दे दिया गया है । अभियांत्रिक परिकल्पना जारी है।
- गैंट्री ड्राइव इलैक्ट्रॉनिक नियंत्रण

मोटर ड्राइव कंट्रोल बोर्ड के निर्माण का काम जारी है।

- कम्प्यूटरीकरण

समीर के साथ विचार विमर्श कर ADAM-5510 नियंत्रक आधारित कम्प्युटरीकृत नियंत्रकों के सॉफ्टवेयर विकास का काम जारी है।

3. गैंट्री बीयरिंग, गैंट्री मोटर और लेज़र पेशैंट आरेखन प्रणाली की प्राप्ति का कार्य किया जाना है।

ख पेशैंट काउच

- टर्न टेबल की संशोधित परिकल्पना को अंतिम रुप देकर निर्माण के लिए PMT को सौंप दिया गया।
- PMT को फलोट बेस और लिफ्ट अभियांत्रिक के निर्माण कार्य को परिकल्पना संबंधी बिना किसी परिवर्तन के लिए आगे बढाने के लिए कह दिया गया है।
- DIT ने इस कार्य के पूर्ण निर्माण का दायित्व PMT को दे दिया है। PMT को आवश्यकतानुसार सहायता दी जा रही है।

प्रायोजक : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

इलैक्टॉनिक स्टेथोस्कोप का विकास

(एन के शर्मा)

यह कामचलाउ विस्फोटक यन्त्रों के यांत्रिक टाइमर फ्यूज़ मकैनिज़्म का पता लगाने के लिए और सैनिक गोला बारूद में टाइमर फ्यूज़ मकैनिज़्म को लगाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इलैक्टॉनिक स्टेथोस्कोप में दो प्रकार के संवेदी हैं– सम्पर्क प्रकार के 'ध्वनि संवेदी' एवं गैर सम्पर्क प्रकार के डोप्लर/माइक्रोवेव संवेदी'। इसमें प्रचालक के लिए खतरों को, विशेष रुप से आधुनिक विस्फोटक यंत्रों पर कार्य करते हुए, कम करने का प्रावधान है।

स्थिति: गन डायोड (10.4 GHz) एवं मिक्सर डायोड एवं हॉर्न एंटीना के प्रयोग से वेव गाइड की परिकल्पना और विकास का कार्य सफलतापूर्वक कर लिया गया है। पूर्व–प्रवर्धक एवं प्रवर्धक की परिकल्पना का कार्य जारी है।

प्रायोजक: सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक का विकास

(एस आर तनेजा)

इस परियोजना के अन्तर्गत चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक के पूर्ण रूप से चालित प्रोटोटाइप के विकास, अस्पताल में उसके मूल्यांकन एवं व्यवसायिक प्रयोग के लिए प्रौद्योगिकी को हस्तांतरित करने के कार्य किए जाएंगे ।

स्थिति : प्रणाली के माइक्रोकंट्रोलर 8031 आधारित इलैक्ट्रॉनिक हार्डवेयर का कार्य पूरा कर लिया गया है। पैरिस्टेल्टिक पम्प और फिल्टर विकसित कर लिए गए हैं। प्रकाशीय मॉडयूल पूरा हो चुका है। प्रिंटर के साथ जोड़ने वाला हार्डवेयर भी विकसित कर लिया गया है। विभिन्न परिमापकों के लिए अभिकारक किट्स भी तैयार कर ली गई हैं।

चिकित्सा रासायनिक विश्लेषक का पहला प्रोटोटाइप विकसित कर लिया गया है। 17 रक्त परिमापकों के प्रयोगशाला परीक्षण पूरे हो गए हैं।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

एनीस्थीसिया संवातक का विकास

(आर एन सेनगुप्ता)

इस परियोजना में एनीसथीसिया के दौरान प्रयोग के लिए संवातक की परिकल्पना और विकास किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए अधिकतम स्वदेशी संघटकों के प्रयोग से देश में उचित कीमत पर उच्च विश्वसनीयता वाली और प्रचालन में सुरक्षित प्रौद्योगिकी का विकास करना है।

स्थिति : संवातक की सभी उप–प्रणालियों की परिकल्पना कर ली गई है।

मशीनिंग और डाइ मोल्ड के माध्यम से अभियांत्रिक संघटकों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

मॉनीटरिंग एवं प्रदर्शन के लिए हार्डवेयर एवं सॉफटवेयर का विकास कार्य कर लिया गया है। उपकरण विन्यास एवं नियंत्रण इलैक्ट्रॉनिकी के लिए हार्डवेयर बनाने का कार्य भी पूरा हो गया है एवं सॉफटवेयर का विकास अंतिम चरण में है।

नियंत्रण एवं प्रदर्शन के लिए परिकल्पना में कुछ संशोधन कर परीक्षण एवं अंशाकन का कार्य पूरा किया जा रहा है।

संवातक में बेलो सिस्टम के अंतिम संघटक मोल्डिंग प्रक्रिया के द्वारा निकाले जा रहे हैं।

इलैक्ट्रॉनिक गैस यांत्रिकी एवं संवातक की अभियांत्रिकी उप प्रणालियों को संघटित करने का कार्य जारी है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

सोडियम/पोटाशियम विशलेषक की परिकल्पना और विकास

(एस एस आहलुवालिया)

आयन चयनित इलैक्ट्रॉड्स के प्रयोग द्वारा रक्त, प्लाज़्मा, सीरम, मूत्र इत्यादि में सोडियम/ पोटाशियम का शीघ्रता से सही–सही पता लगाने के लिए एक विशलेषक की परिकल्पना और विकास कार्य किया जाएगा।

स्थिति : 8085 किट् के प्रयोग से 12 बिट् डैटा और संदेशों के प्रदर्शन के लिए एल्फान्यूमैरिक LCD मॉड्यूल पर डैटा प्रदर्शन के लिए सॉफ्टवेयर विकास का कार्य जारी है।

स्टैपर पर मोटर नियंत्रक और पम्प की परिकल्पना का कार्य पूरा हो चुका है।

अंशांकन के लिए अभियांत्रिक प्रणाली की परिकल्पना कर ली गई है।

संघटकों, कम्प्यूटर, FPGA, इलैक्ट्रॉड्स, पिंच वाल्वज़, स्टैपर मोटर्स इत्यादि की प्राप्ति का कार्य जारी है। एम्लिफायर बोर्ड, कंट्रोल बोर्ड, ADC बोर्ड जैसे इलैक्ट्रॉनिक संघटकों की परिकल्पना का कार्य भी कर लिया गया है। कियान्वयन का कार्य जारी है। अभियांत्रिक एसैम्बली का कार्य जारी है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

विभिन्न व्यासों के संवहन सूक्ष्म अन्तरीक्षण दर्शियों (वैस्क्यूलर माइक्रोएण्डोस्कोप) की परिकल्पना और विकास

(सी आर प्रसाद)

इस परियोजना का उद्देश्य विभिन्न व्यासों के (तीन आकारों के तीन प्रोटोटाइप) संवहन सूक्ष्म अन्तरीक्षण दर्शियों की परिकल्पना और विकास करना एवं ENT सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञों, दंत चिकित्सकों, न्यूरोसर्जन इत्यादि द्वारा इसके प्रयोग के लिए उनका चिकित्सकीय मूल्यांकन करना है।

स्थिति : एक मिमी व्यास के सूक्ष्म लैंस तैयार कर लिए गए हैं। वैस्क्यूलर माइक्रोएण्डोस्कोप के लिए 1.2 एमएम आई पीस और ऑब्जैक्टिव की प्रकाशिकी की परिकल्पना पूरी कर ली गई है। ऑब्जैक्टिव के लैंस तैयार किए जा रहे हैं। एक सैट पहले ही तैयार कर एसैम्बली और परीक्षण के चरण पर है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

कैंसर के उपचार (फेज–1) के स्वदेश में विकसित सुगठित, चिकित्सा रैखिक प्रणाली के प्रचार–प्रसार का राष्ट्रीय कार्यकम – जय विज्ञान

(पी एस मल्होत्रा)

इस परियोजना का उद्देश्य कम्प्यूटरीकृत नियंत्रणों एवं प्रचालन संबंधी अन्य संशोधानों के साथ 6 MeV चिकित्सा रैखिक मशीनों का विकास करना है। पहले चरण में दो मशीनें तैयार कर प्रयोक्ता अस्पतालों में लगाई जानी हैं। यह सीएसआइओ और समीर, मुम्बई की सहयोगी योजना है। इसमें संगठन द्वारा निम्नलिखित कार्य किए जाने हैं।

(क) गैन्टी प्रणाली – 2 इकाइयां *इसमें*

- गैंट्री संरचनाएं (आधार फ्रेम, स्टैण्ड और गैंट्री)
- गैंट्री ड्राइव सिस्टम और इसके इलैक्ट्रॉनिक नियंत्रक
- क्षेत्रीय प्रकाशिकी और रेंज फांइडर इकाइयां
- लेज़र रोगी आरेखन प्रणाली
- रोगी के उपचार के लिए सहयोगी इकाइयां होंगी।

(ख) पेशेंट काउच – 2 इकाइयां

DIT ने मैसर्ज पैनेशिया मैडिकल टैक लि०, बंगलौर को निर्माण एजैंसी नामित किया है। उनकी क्षमता और सामर्थ्य के अनुसार कुछ प्रणालियों का कार्य उन्हें दे दिया जाएगा। इस प्रकार संगठन को उनके कर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करना होगा।

स्थिति :

क) गैंटी प्रणाली

(1) एक गैंट्री का निर्माण करने वाली एजैंसी मैसर्ज़ पीएमटी, बंगलौर के साथ मिलकर गैंट्री की परिकल्पना में सुधार कर लिया गया है। इस हेतु पीएमटी, बंगलौर का अनेक बार दौरा करना पड़ा। गुणवत्ता स्वीकृति की अपेक्षाएं भी निर्धारित की गई। यह गैंट्री संरचना समीर, मुम्बई को भिजवा दी गई है, जहां इसके आरेखनों का निरीक्षण/संशोधन किया जा रहा है ।

(2) संगठन में ही तैयार की जाने वाली उप–प्रणालियों की स्थिति निम्नानुसार है:

- गैंट्री के लिए 0-360 डिग्री लिमिट सिस्टम– एक इकाई तैयार हो गई है।
- एन्कोडर/विभवमापी ड्राइव सिस्टम– एक इकाई पूरी हो चुकी है।
- कोण मापन के लिए स्केल

परिकल्पना में संशोधन के कार्य किए जा रहे हैं। ये निम्नानुसार हैं :

- फील्ड लाइट इकाई
- अभियांत्रिक संघटक तैयार हैं और प्रकाशीय संघटक तैयार किए जा रहे हैं।
- सिंगल बॉडी रेंज फांइडर – प्रकाशीय परिकल्पना को अंतिम रूप दे दिया गया है । अभियांत्रिक परिकल्पना जारी है।
- गैंट्री ड्राइव इलैक्ट्रॉनिक नियंत्रण

मोटर ड्राइव कंट्रोल बोर्ड के निर्माण का काम जारी है।

- कम्प्यूटरीकरण

समीर के साथ विचार विमर्श कर ADAM-5510 नियंत्रक आधारित कम्प्युटरीकृत नियंत्रकों के सॉफ्टवेयर विकास का काम जारी है।

3. गैंट्री बीयरिंग, गैंट्री मोटर और लेज़र पेशैंट आरेखन प्रणाली की प्राप्ति का कार्य किया जाना है।

ख <u>पेशेंट काउच</u>

- टर्न टेबल की संशोधित परिकल्पना को अंतिम रुप देकर निर्माण के लिए PMT को सौंप दिया गया।
- PMT को फलोट बेस और लिफ्ट अभियांत्रिक के निर्माण कार्य को परिकल्पना संबधी बिना किसी परिवर्तन के लिए आगे बढाने के लिए कह दिया गया है।
- DIT ने इस कार्य के पूर्ण निर्माण का दायित्व PMT को दे दिया है। PMT को आवश्यकतानुसार सहायता दी जा रही है।

प्रायोजक : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

मोतियाबिंद के ऑप्रेशन के लिए शल्य सूक्ष्मदर्शी की परिकल्पना और विकास

(पी.के.जैन)

गत परियोजना का उद्देश्य जन्मजात मोतियाबिंद, किरेटोप्लास्टी और किरेटोपरोथिटिक्स और बडी संख्या मे किए जाने वाले मोतियाबिंद के ऑप्रेशनों के लिए त्रिविम सूक्ष्मदर्शी का विकास करना है। प्रत्येक अस्पताल और नेत्र चिकित्सा केन्द्र में इस उपकरण की आवश्यमता होती है। यह सूक्ष्मदर्शी न्यूरो सर्जरी, ENT और नेत्र चिकित्सा में बहुउपयोगी है।

स्थिति: शल्य चिकित्सा के लिए सूक्ष्मदर्शी की विभिन्न अंतिम विशिष्टियों के अनुसार प्रारम्भिक ले–आउट परिकल्पना का कार्य पूरा कर लिया गया है।

प्रायोजक : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

प्रकाशिकी उपकरण विन्यास

टाइप VI के प्रकाशिकी घटकों का निर्माण

(पी.के. जैन)

इस परियोजना का उद्देश्य अंतरिक्ष कैमरा मे प्रयोग किए जाने वाले प्रकाशिकी घटकों का निर्माण कार्य करना है।

स्थिति: अंतरिक्ष कैमरा मे प्रयोग किए जाने वाले टाइप VI के सभी प्रकाशिकी संघटको का निर्माण व परीक्षण कार्य

पूरा कर उन्हें प्रयोक्ता परीक्षणों के लिए LEOS, ISRO को भेज दिया गया है। अंतिम परीक्षण की रिपोर्टें अभी प्राप्त होनी है।

प्रायोजक: इलैक्ट्रो–ऑप्टिक्स सिस्टम्ज़ प्रयोगशाला, आइएसआरओ, बंगलौर

UV-VIS स्पैक्ट्रमी प्रकाशमापी के लिए प्रकाशकीय संघटक।

(पी.के. जैन)

इस परियोजना के अंतर्गत संगठन में पहले विकसित किए गए दोहरे किरण पुंज वाले UV-Vis प्रकाशमापी के लिए परावर्तन शीशे, चॉपर मिरर्र, फिल्टर, टोरॉयडल मिरर्र इत्यादि का निर्माण एवं सप्लाई करना है। UV-Vis स्पैक्ट्रमी प्रकाशमापी की प्रौद्योगिकी मैसर्ज़ सिस्ट्रॉनिक्स, अहमदाबाद को प्रदान की गई थी।

स्थिति: UV-Vis दोहरे किरण पुंज वाले स्पैक्ट्रम प्रकाशमापी के उत्पादन के लिए मैसर्ज़ सिस्ट्रॉनिक्स, अहमदाबाद द्वारा अपेक्षित प्रकाशिकी संघटको के ऑर्डर सप्लाई कर दिए गए हैं। निर्माण कर सप्लाई किए जाने वाले विभिन्न संघटको में साधारण शीशा, रंगीन फिल्टर, टोरॉयडल मिरर्र, पॉवर मिरर्र, गोलीय शीशे, अवतल शीशा और समान्तकारी शीशे आदि सम्मिलित हैं।

प्रायोजक: मैसर्ज़ सिस्ट्रॉनिक्स, अहमदाबाद।

रात्रि में वाहन चलाने के लिए फिल्टर की परिकल्पना और विकास

(पी.के. जैन)

इस परियोजना का उद्देश्य रात्रि के समय वाहन चलाने के लिए वाहनों मे अपेक्षित एवं विशेष प्रकार के फिल्टर के 10 प्रोटोटाइप तैयार करना है। यह फिल्टर रात्रि के समय वाहन चलाने और सड़क दुर्घटनाओं की संख्या न्यूनतम करने के लिए सामने से आने वाले वाहनों की हैड लाइटों से निकलने वाली 350-440nm परास की तरंगदैर्घ्य के विकिरण और चौंधियाहट से ऑखों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस फिल्टर को तैयार किया जा रहा है। प्रोटोटाइप कारों की विंडशील्ड पर दाईं ओर लगाया जा सकेगा।

फिल्टर को विभिन्न प्रकार की कारों पर लगाकर और विभिन्न आयु समूह के चालकों को लेकर लम्बी अवधि तक प्रयोक्ता परीक्षण कर किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए प्रयाक्ता फीडबैक एकत्र की जाएगी। *[चित्र पृष्ठ-22 पर संलग्न है]*

चालक की आंखो में अधिकतम चौंधियाहट पड़ने के लिए वाहन की विंड स्क्रीन पर सकिय भाग का प्रायोगिक निर्धारण कर लिया गया है। फिल्टर को वाहन पर लगाने के लिए अभियांत्रिक परिकल्पना/आरेखन कर लिए गए हैं। अम्बैस्डर कार के लिए मैकेनिकल माउंट का निर्माण कर लिया गया है।

मारुति कार के लिए भी कैमेनिकल माउंट का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ऑन लाइन सम्भाव्यता अध्ययन और परीक्षण जारी है।

लघु लैंस श्रृखंला की परिकल्पना, विकास और सप्लाई

(पी. के. जैन)

परियोजना के अन्तर्गत लघु लैंस श्रृंखला की परिकल्पना और विकास कर मैसर्ज़ ब्राइट इंडिया एंटरप्राइज़िस, मुम्बई को सप्लाई की जाती है

स्थिति

2X ऑब्जेक्टिव और लैंसो के प्रोटोआइप के प्रकाशिकी डिजाइन तैयार कर फर्म को दे दिए गए हैं। 5X ऑब्जेक्टिव का प्रकाशिकी डिजाइन भी दे दिया गया है। 5X ऑब्जेक्टिव के प्रोटोटाइप लैंस निर्माणाधीन है।

प्रायोजक : मैसर्ज़ ब्राइट इंडिया एंटरप्राइज़िस, मुम्बई।

प्रकिया नियन्त्रक उपकरण विन्यास

विद्युत उर्जा के उत्पादन के लिए कंडिशन मॉनीटरिंग ऑफ किटिकल रोटेटिंग मशीन के लिए उपकरण विन्यास प्रणाली एवं संबंधित प्रौद्योगिकी का विकास

(ए.डी. कौल)

विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित, वर्तमान मे जारी सहयोगात्मक परियोजना विद्युत उर्जा के उत्पादन के लिए कंडिशन मॉनीटरिंग ऑफ किटिकल रोटेटिंग मशीन के लिए उपकरण विन्यास प्रणाली एवं संबधित प्रौद्योगिकी का विकास अंतिम चरण में है। आइ आइ टी, दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर, बीएचईएल, हैदराबाद और सीएसआइओ, चण्डीगढ़ इसमें सहयोगी एजैंसियां हैं। यह परियोजना गुरू गोबिन्द सिंह सुपर ताप उर्जा संयंत्र, रोपड़ (पंजाब) मे 210 मेगावाट टर्बो जनरेटर सैट पर चलाई जा रही है।

विभिन्न परियोजनाओं से डैटा एकत्र करने के लिए सिगनल कंडिशनिंग मॉड्यूल सहित पी सी आधारित ऑन लाइन डैटा प्राप्ति प्रणाली विकसित कर इसे रोपड़ बिजली संयंत्र पर लगा दिया गया है। 21 चैनलों के लिए वाइब्रेशन डैटा प्राप्त किया जा रहा है और रिकॉर्ड किया गया कुछ डैटा आइ आइ टी, दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर को उनके द्वारा विश्लेषण एवं अपने कमशः एक्सपर्ट सिस्टम एवं न्यूरल नैटवर्क सिस्टम को तदनुसार बनाने के लिए भेज दिया गया है। डैटा प्राप्त करने के लिए प्रयोग में लाए जा रहे कम्प्यूटर को एक अन्य कम्प्यूटर, जिस पर आइ आइ टी,

दिल्ली और आइ आइ टी, कानपुर द्वारा विश्लेषण के लिए विकसित ऑन लाइन एक्सपर्ट सिस्टम, (OLES) सॉन्टवेयर के लिए डैटा स्थानांतरित किया जा रहा है, से जोड दिया गया है।

विभिन्न प्रतिभागी एजैंसियों द्वारा एक्सपर्ट सिस्टम, न्यूरल नेटर्वक, परीक्षण और फाइन टयूनिंग का कार्य जारी है।

प्रायोजक: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

माइक्रोवेव सूक्ष्मजीव विसंदूषक का विकास।

(*एल.एम. भारद्वाज*)

परियोजना के अर्न्तगत माइक्रोफोन उर्जा के प्रयोग से आर्युवैदिक/यूनानी दवाओं के सूक्ष्मजीव विसंइकण के लिए एक प्रयोजन प्रौद्योगिकी और एक उपयुक्त माइक्रोफोन उपकरण तैयार करना है यह परियोजना.RRL जम्मू के साथ संयुक्त रुप से शुरु की गई है।

CSIR को कमशियिल फीडिंग माइक्रोफोन आवन को तैयार करने एवं आर्युवैदिक/यूनानी दवाओ के सूक्ष्मजीव विसंइकण के लिए प्रचालन परियोजको को निधारित करने, अन्य उर्जा आधारित माइक्रोफोन जनरेटर के प्रौद्योगिकी प्रोटोराइट की परिकल्पना एवं उपान्तर के भागों को संधरित करने एवं उपस्कर के प्रचालन परीक्षण का कार्य करना होगा। *[चित्र पृष्ठ - 23 पर संलग्न है]*

स्थिति: प्रयोगशाला प्रोटोदाइप की परिकल्पना एवं विकास कर लिया गया है एवं७७७७ जम्मू में इस पर परीक्षण किए जा रहे है।

प्रायोजक: RRL जम्मू

पर्यावरण मॉनीटरिंग उपकरण विन्यास।

(*बासुदेव प्रसाद*)

रीयल टाइप धवनि विश्लेषण का विकास

इसा परियोजना का उद्देश्य फ्रीक्वेंसी और समय से संबधित आंकडों के सामानान्तर तैयार कर रीयल टाइप ध्वनि विश्लेषण का विकास करना है

औद्योगीकृत विश्व ध्वनि से जुडे मुद्दो के प्रति दिन अधिकाधिक संवेदनशील होता जा रहा है और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामुदायिक कल्याण, निर्माण नियत्रंण और उत्पादन गुणवत्ता से संबंधित विनियम निरन्तर परिर्वतन और सर्वज्ञ लोगों के लाभ के लिए कडे हो रहे है रीयल टाइप ध्वनि स्तर मापन एवं विश्लेशषण एवं ऐसा सम्भावित क्षेत्र माना गया है, जो इन अपेक्षाओं को पूरा करने में सहयोगी हो सकता है।

स्थिति इलैक्ट्रॉनिक और यांत्रिक संघटक प्राप्त हो गए है ध्वनि की फ्रीक्वेंसी एवं गहनता के मापन के लिए इलैक्टिक माइक्रोफोन के फ्रीक्वेंसी विश्लेशषण का अध्ययन किया गया, परीक्षण मूल्याकन एवं अंशाकंत उपस्कर की प्राप्ति का कार्य जारी है, प्रो. स्पलिफायर सर्किट की परिकल्पना और निर्माण कर लिया गया है।

प्रयोजक: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली।

3.0 मानव संसाधन विकास

3.1 इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र (आइएसटीसी)

परिचय

इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना सीएसआइआर द्वारा वर्ष 1963 में स्विस फाउंडेशन ऑफ टैक्निकल असिस्टैंस के सहयोग से की गई थी, जिसका उद्देश्य भारतीय उद्योग के लिए उच्च दक्षता प्राप्त तकनीकी कार्मिकों के स्थायी स्रोत का सृजन था। केन्द्र का औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया। ठोस व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने वाला यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें एक मिलियन स्विस फ्रैंक्स की मशीनें एवं अन्य उपस्कर शामिल थे, अक्तूबर 1963 में आठ स्विस विशेषज्ञों के एक दल द्वारा प्रारंभ किया गया।

आइएसटीसी, जहां डिप्लोमा स्तर तक अत्यधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए दक्षता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक विशिष्ट शैली की शुरूआत हुई, का लक्ष्य तकनीकी स्पर्धा तथा नेतृत्व के गुणों से संपन्न कर्मियों का सृजन करना है।

प्रशिक्षण केन्द्र ने अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित कार्य–उद्देश्य निर्धारित किए :

- तार्किक सोच के साथ–साथ अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास
- संपूर्ण ज्ञानाधारित उद्योगोन्मुख व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना
- उद्यमिता सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल होने के लिए उच्च आत्म विश्वास का सृजन
- सांस्कृतिक, सामाजिक, साहसिक कार्यों, सामूहिक चर्चाओं, एनसीसी कैम्पों तथा ट्रेकिंग इत्यादि में प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए उनके सर्वोमुखी विकास पर बल देना
- देश का बेहतर नागरिक बनाने के दृष्टिगत उनमें आवश्यक गुणों का विकास करना
- उन्हें व्यावसायिक स्पर्धा के योग्य बनाना

प्रशिक्षण केन्द्र के समस्त कोर्स अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) से मान्यता प्राप्त हैं तथा संस्थान को अब आइएसओ – 9002 प्रमाणन प्राप्त है।

प्रशिक्षण कोर्स

1. उपकरण प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
2. मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन में 4 वर्षीय उच्च डिप्लोमा
3. डाई एवं मोल्ड निर्माण में 4 वर्षीय उच्च डिप्लोमा

उपकरण प्रौद्योगिकी कोर्स

उपकरण प्रौद्योगिकी में 3 वर्षीय कोर्स वर्ष 1963 में केन्द्र की स्थापना के समय से ही प्रारंभ किया गया मूल पाठ्यक्रम है। यह कोर्स एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त है तथा इसे पास करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स' की छात्रवृत्ति परीक्षा में छूट प्राप्त है।

यह कोर्स उच्च दक्षता प्राप्त प्रौद्योगिकविदों के सृजन के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उपकरणों तथा तत्संबंधी उत्पादों के लिए सटीक पुर्जों के निर्माण का कार्य करने में सक्षम हों। यह व्यावहारोन्मुख कोर्स है, जिसमें व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा सैद्धान्तिक शिक्षा को 60 : 40 के अनुपात में बांटा गया है।

प्रशिक्षण को छह सैमेस्टरों में इस प्रकार से बांटा गया है कि प्रशिक्षणार्थी केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत उद्योग के व्यावहारिक कार्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। इन छह सैमेस्टरों में प्रशिक्षणार्थी विभिन्न कर्मशाला मशीनों तथा हैंड टूल, ड्रिलिंग, टर्निंग तथा ग्राइंडिंग उपस्करों का प्रयोग करते हुए डिज़ाइनों को वास्तविक कार्यों में परिवर्तित करते हैं। वे विशेष कार्यों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली मशीनों जैसे गियर हॉबिंग, जिग बोरिंग, एग्रेविंग तथा कॉपी टर्निंग मशीनों इत्यादि पर कार्य करना भी सीखते हैं। सीएनसी टर्निंग तथा ऑटोकैड पर व्यावहारिक कार्य करने से उन्हें उनके लिए अत्यंत उपयोगी आधुनिक प्रौद्योगिकी से रू–ब–रू होने का अवसर मिलता है। तकनीकी ड्राइंग प्रोडक्शन, योजना, कर्मशाला प्रौद्योगिकी, सीएनसी प्रौद्योगिकी तथा पदार्थ विज्ञान जैसे विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान के साथ–साथ सैद्धान्तिक रूप से दी जाने वाली जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को उच्च तकनीकी स्पर्धा में सक्षम बनाती है। स्पर्धा में सक्षमता के साथ–साथ प्रशिक्षण के दौरान समयबद्धता, समूहभावना, वचनबद्धता, आज्ञाकारिता, स्वच्छता तथा श्रम की गरिमा इत्यादि जैसे गुण प्रशिक्षणार्थियों को अजेय व्यावसायिक बनाते हैं।

इस कोर्स के स्नातकों की मांग देश भर की अग्रणी कंपनियों में रहती है। प्रशिक्षण केन्द्र के अनेक छात्र स्वतः अपने उद्योग चलाते हुए अन्यों को भी रोज़गार उपलब्ध करवा रहे हैं।

डाई एवं मोल्ड मेकिंग कोर्स

डाई एवं मोल्ड निर्माण में उच्च डिप्लोमा स्विस फाउंडेशन

फॉर टैकनिकल असिस्टैंस, ज्युरिक के सहयोग से वर्ष 1977 में प्रारंभ किया गया। यह डिप्लोमा एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त है तथा उत्तीर्ण छात्रों को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स की छात्रवृत्ति परीक्षा में छूट प्राप्त है।

चार वर्षों के इस कोर्स में प्रशिक्षणार्थी बेंच वर्क प्रशिक्षण तथा कार्य व्यवस्था के साथ–साथ आधुनिक मशीनों पर कार्य करते हुए सटीक पुर्जों के निर्माण के लिए विभिन्न प्रकार की दक्षता अर्जित करते हैं। छात्रों को डाई एवं मोल्ड मेकिंग के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कोर्स में 67% व्यावहारिक व 33% सैद्धान्तिक प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्र टूल व कटर ग्राइंडिंग, सिंगल लिप ग्राइन्डर्स, 3-डी एग्रेविंग, जिग बोरिंग, पंच शेपर इत्यादि मशीनों पर कार्य करना सीखते हैं। कोर्स के दौरान छात्र सीएनसी मिलिंग मशीन पर भी कार्य करते हैं। छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रगतिशील तथा मिश्रित प्रैस टूलों के डिज़ाइन तथा निर्माण का कार्य सिखाया जाता है। प्रशिक्षणार्थी परिकल्पना से लेकर अंतिम स्तर तक के विभिन्न मूल पहलुओं से प्रैस टूल का निर्माण करते हैं। मोल्ड निर्माण में प्रशिक्षणार्थी इंजेक्शन कम्प्रैशन ट्रांसफर ब्लो मोल्डिंग जैसे विभिन्न प्रकार के मोल्ड निर्माण का अध्ययन करते हैं। मोल्ड का डिजाइन एवं निर्माण संकुचन प्रतिशत, पुर्जे के आकार तथा इंजेक्टर प्रणाली जैसे विभिन्न प्रकार के घटकों को ध्यान में रखकर किया जाता है। पॉलीप्रोपीलीन, एसएएन, एबीएस, पॉलीकार्बोनेट जैसी कुछेक प्लास्टिक पर यह कार्य किया जाता है। प्रशिक्षणार्थी केन्द्र को उद्योग से प्राप्त विभिन्न कार्यों पर काम करते हैं। छात्रों को ईडीएम, प्रोफाइल ग्राइंडिंग, सीएनसी मिलिंग, जिग ग्राइंडिंग एजीआइई मैटिक जैसी मशीनों पर विशेषज्ञता दिलवाई जाती है।

प्रशिक्षण को बहुमुखी बनाने के दृष्टिगत 'वायर कट' नामक एक नई मशीन भी केन्द्र में उपलब्ध है।

इस कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों की बहुत मांग है तथा प्रतिष्ठित उद्योगों द्वारा इन्हें उच्च पदो पर कार्य करने के प्रस्ताव दिए जाते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को उत्पादन, टूल रूम, डिजाइन, मरम्मत, विक्रय तथा सेवाएं इत्यादि क्षेत्रों में रोज़गार प्राप्त हुआ है। केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी देवू मोटर्स, मिंडा, डीसीएम, टाइट्न, हैवल्स, स्वराज माज़दा, लियो टॉयस, गोदरेज जी. ई., आइशर, लारसन एंड ट्यूबरो, एस्कोर्ट्स, एलएमएल इत्यादि जैसे प्रमुख उद्योगों में कार्यरत हैं। हमारे कई छात्र हांगकांग, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका तथा खाड़ी देशों में भी कार्यरत हैं।

मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन कोर्स

चार वर्ष का यह कोर्स बहु–विषयी है, जिसमें मकैनिकल, इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक्स, इन्फॉर्मेटिक्स एवं कंट्रोल विषय पढ़ाए जाते हैं। यह कार्यक्रम एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त है।

पहले दो वर्षों के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मकैनिकल कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है, जो उन्हें घटकों/असैम्बलीज़ के निर्माण/सज्जीकरण में सटीक कार्य करने के लिए काफी सक्षम बना देता है। कोर्स के तीसरे वर्ष में माइक्रोप्रोसैसर, माइक्रोकंट्रोलर, ट्रांसड्यूसर तथा सिगनल कंडीशनर, कम्प्यूटर, इलैक्ट्रिकल तथा इलैक्ट्रॉनिक उपस्करों/घटकों/पदार्थों तथा सर्किट के मौलिक सिद्धांतों इत्यादि के संबंध में पढ़ाया जाता है। अंतिम वर्ष में छात्रों को मशीन कंट्रोल, न्यूमैटिक्स, रोबोटिक्स, पीएलसी प्रोग्रामिंग, डिजिटल कॅम्युनिकेशन, प्रोसैस कंट्रोल, उपकरणों के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की शिक्षा दी जाती है। छात्रों को उद्योगों के वास्तविक कार्य वातावरण से परिचित करवाने के लिए तृतीय वर्ष के अंत में आठ सप्ताह के लिए उद्योग के साथ काम करवाया जाता है। छात्रों द्वारा एकत्र की गई जानकारी को संगोष्ठियों एवं सामूहिक चर्चाओं द्वारा सांझा किया जाता है।

कोर्स के अंतिम वर्ष में छात्र उद्योगों/अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के लिए आदि प्ररूपों के डिज़ाइन एवं विकास का कार्य करते हैं। कुछ परियोजनाएं भाभा एटोमिक रिसर्च सैन्टर, मुंबई ; नेवेदक प्रोस्थैटिक सैन्टर, चण्डीगढ़ ; पंजाब ट्रैक्टर्स लि., मोहाली ; हैवल्स इंडिया लि., नई दिल्ली ; केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़ इत्यादि द्वारा प्रायोजित की गई हैं। *[चित्र पृष्ठ - 27 पर संलग्न है]*

इस कोर्स के स्नातकों की उर्वरक, सीमैंट, टैक्सटाइल, पैट्रोकैमिकल्स, स्टील, भेषज, विमानन एवं ऑटोमोबाइल एवं ऑटोमेशन इत्यादि के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित उद्योगों में भारी मांग है। कुछ छात्रों ने देश तथा विदेशों में अपने उद्योग भी स्थापित किए हैं।

अनुशासन एवं उत्तरदायित्व सहित स्पर्धा तथा समूह में काम करने की भावना के विकास के दृष्टिगत छात्रों को एनसीसी, खेलों, ट्रैकिंग तथा पर्वतारोहण के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को स्व–रोज़गार तथा राष्ट्रीय विकास के लिए उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें प्रबंधन कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा उद्यमिता के संबंध में जानकारी दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप हमारे 1/10 छात्रों ने देश–विदेश में अपने उद्योग स्थापित किए हैं।

आइएसटीसी में प्रवेश

आइएसटीसी द्वारा चलाए जा रहे समस्त कोर्सों में 2000 -

2001 सत्र से लड़कियों को भी प्रवेश दिया जाना प्रारंभ किया गया है। आइएसटीसी प्रवेश परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए नियम – विनियमों में संशोधन का कार्य जारी है।

आइएसओ : 9002 प्रमाणन

इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र को उपकरण प्रौद्योगिकी, डाई एवं मोल्ड मेकिंग, मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन की तकनीकी शिक्षा के लिए 18 अप्रैल, 2001 को आइएसओ : 9002 प्रमाणन प्रदान किया गया।

इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र का 36वां दीक्षांत समारोह

आइएसटीसी का 36वां दीक्षांत समारोह दिनांक 03.08.2001 को आयोजित किया गया। इसमें 49 छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किए गए : 17 उपकरण प्रौद्योगिकी में ; 14 मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन में तथा 18 डाई एवं मोल्ड मेकिंग में। प्रो. आर. एस. सिरोही, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। अपने दीक्षांत संबोधन में उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एवं इंटरनेट ने सामूहिक रूप से हमारी कार्य संस्कृति, शिक्षा प्रणाली, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, मनोरंजन, सामाजिक मूल्यों तथा लगभग हर क्षेत्र में स्पष्ट क्रांति ला दी है। इसने सूचना के नए द्वार खोले हैं तथा इससे भोगौलिक सीमाएं सीमित हुई हैं। माउस को क्लिक भर करने से असीमित ज्ञान एवं सूचनाएं उपलब्ध हो जाती हैं। डाटा के तीव्रता एवं उच्च सक्षमता से संचार की आवश्यकता के फलस्वरूप *होलो फाइबर टैकनोलॉजी* का जन्म हुआ तथा इस क्षेत्र में गहन अनुसंधान कार्य किया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान, ग्लोबल पोज़ीशनिंग सिस्टम, मौसम विज्ञान, मैम्स इत्यादि संबद्ध विषयों पर भी बात की। सूचना प्रौद्योगिकी के दूसरे पक्ष का उल्लेख करते हुए प्रो. सिरोही ने नैतिक मूल्यों मे हो रहे पतन के प्रति चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसने हमें भौतिकवादी बनाया है तथा मानवीय सरोकारों का क्षय हुआ है।

प्रो. सिरोही ने संतुलित एवं व्यावसायिक रूप से सफल जीवन यापन के लिए पूर्वजों द्वारा प्रदत्त मूल्यों एवं आदर्शों को बनाए रखने के लिए छात्रों का आह्वान किया।

इससे पूर्व डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी, निदेशक, केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए आइएसटीसी के क्रियाकलापों का उल्लेख किया। उन्होंने भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए गर्व के साथ सूचित किया कि आइएसटीसी को अपनी अद्वितीय प्रशिक्षण पद्धति के कारण एसओक्यूसी, निदेशालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से आइएसओ – 9002 : 1994 प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि केन्द्र में अब लड़कियों के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है।

डॉ. बाजपेयी ने उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किए, जबकि मुख्य अतिथि प्रो. सिरोही ने विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मैडल व पुरस्कारों से सम्मानित किया। वर्ष के दौरान डिप्लोमा प्राप्त करने वाले तथा विभिन्न कोर्सो में स्वर्ण व रजज पदक प्राप्त करने वाले छात्र थे :

उपकरण प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा

उत्तीर्ण होन वाले छात्र : 17

स्वर्ण पदक : विवेक शर्मा ; रजत पदक : दीपक

मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन में उच्च डिप्लोमा

उत्तीर्ण होन वाले छात्र : 14

स्वर्ण पदक : सुनीत बैक्टर ; रजत पदक : महेश यादव

डाई एवं मोल्ड मेकिंग में उच्च डिप्लोमा

उत्तीर्ण होन वाले छात्र : 18

स्वर्ण पदक : मनु वेद शर्मा ; रजत पदक : संजीव

श्रेष्ठ तकनीकी पेपर प्रस्तुत करने के लिए मैकाट्रॉनिक्स एवं इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन के छात्र लोकेश शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

डॉ. रूपिन्दर गुप्ता, प्रिंसिपल, आइएसटीसी ने प्रशिक्षण केन्द्र की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने सूचित किया कि इस वर्ष उत्तीर्ण होने वाले लगभग 80% छात्रों को प्रतिष्ठित उद्योगों ने रोज़गार के लिए पहले ही चुन लिया है।

इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मिस्टर आइएसटीसी का भी चयन किया गया। अमित गर्ग को मिस्टर आइएसटीसी चुना गया, जबकि प्रदीप गर्ग एवं दीपक खुराना क्रमशः प्रथम व द्वितीय उप–विजेता रहे।

पाठ्यक्रम कियान्वयन पर ओरिएन्टेशन कार्यकम

सीएसआइओ में दिनांक 23 - 24 अगस्त, 2001 को इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र के संकाय सदस्यों के लिए दो–दिवसीय "पाठ्यकम कियान्वयन पर ओरिएन्टेशन कार्यकम" आयोजित किया गया। यह कार्यकम तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय

अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण के कारण देश के सामने आ रही चुनौतियों के प्रति जागरूक कराना तथा इस प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी शिक्षा को दिशा प्रदान करना था।

डॉ. एल. एन. मित्तल, प्रमुख, पाठ्यक्रम विभाग, टीटीटीआई ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए अतिदक्ष तकनीशियन इंजीनियरों के सृजन के आइएसटीसी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में डॉ. मित्तल ने 'सीखने–के–लिए–सीखना'; 'समस्या समाधान कौशल'; 'निदानात्मक कौशल' ; तथा 'कम्प्यूटर सहचर्य शिक्षा' के विकास पर बल दिया। सीखने–सीखाने की प्रक्रिया में 'उपयोग' की अवधारणा को सम्मिलित करने पर उन्होंने अत्यधिक बल दिया, ताकि छात्र औद्योगिक क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए उन्हें दिए गए ज्ञान और कौशल का बेहतर उपयोग करने में सक्षम हो सकें। अन्य संकाय सदस्यों ने अनुदेश देने के क्षेत्र में उभर रही नई शैलियों के संबंध में प्रतिभागियों के साथ विचार–विमर्श किया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. रामप्रकाश बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ ने तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में पूर्णतः सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका मत था कि शिक्षकों को आधुनिक अनुसंधान एवं विकास से अवगत करवाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण एवं पुनर्प्रशिक्षण दिलवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टीटीटीआई, चण्डीगढ़ की इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आइएसटीसी के लिए विकास के नए द्वार खुले हैं। कार्यक्रम के एक सत्र में यह संकल्प लिया गया कि अब से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक वार्षिक योजना बनाई जाएगी तथा यह परिष्कृत तकनीकी कौशल के विकास के लिए एक संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करेगी।

यहां यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि आइएसटीसी भारतीय उद्योग के लिए अति उच्च दक्षता प्राप्त तकनीकी कार्मिक तैयार करने वाले उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है। केन्द्र के लगभग सभी छात्रों को अपना कोर्स पूरा करने से पूर्व ही रोज़गार उपलब्ध हो जाते हैं तथा कुछ अपने स्वयं के उद्योग लगाकर उद्यमकर्ता बनना पसंद करते हैं।

डॉ. रूपिन्दर गुप्ता, प्रिंसिपल, आइएसटीसी ने कार्यक्रम के अंत में टीटीटीआई द्वारा एक सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अपना हार्दिक आभार प्रकट किया। लगभग 50 संकाय सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

रोज़गार

इस केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के लिए रोज़गार की कभी कोई परेशानी नहीं रही। केन्द्र में स्थापित रोज़गार प्रकोष्ठ का संचालन वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा किया जाता है, जो नियमित तौर पर कैम्पस इंटरव्यू आयोजित करवाते हैं। गत वर्षो में अधिकांश प्रशिक्षणार्थी प्रतिष्ठित उद्योगों में चुने गए हैं तथा वे इससे संतुष्ट भी हैं।

लघु अवधि के कोर्स

नियमित कोर्सों के अतिरिक्त केन्द्र में कार्मिकों के लिए तीन लघु अवधि के कोर्स भी आयोजित किए गए।

तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, चण्डीगढ़ के प्रोफैसरों के एक दल ने केन्द्र के संकाय सदस्यों के लिए अगस्त 23-24, 2002 को दो–दिवसीय ''करिकुलम इम्प्लीमैन्टेशन'' नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

तकनीकी सहायता

आइएसटीसी ने प्रैस टूल व मोल्ड के निर्माण तथा अन्य टूल रूम कार्य के लिए उद्योग को अपनी सेवाएं प्रदान कर आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई, जिससे रूपये 1,09,000/- की आय हुई। केन्द्र ने मकैनिकल संघटकों के निर्माण एवं संयोजन के लिए विभिन्न अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

पाठ्यक्रम में संशोधन

तकनीकी पाठ्यक्रमों को उद्योग की आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के अपने सतत् प्रयासों के अनुक्रम में उपकरण प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया।

व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम

केन्द्र के अंतिम वर्ष के छात्रों में सम्प्रेषण कौशल व अंतरव्यैक्तिक संबंधों में संवर्धन करने तथा विश्व स्पर्धा का सामना करने के लिए उनमें और अधिक आत्मविश्वास जागृत करने के लिए 'व्यक्तित्व विकास' एवं 'सम्प्रेषण कौशल' पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला से लगभग 77 छात्र लाभान्वित हुए।

रक्तदान शिविर

इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र सामाजिक विकास के कार्यों में भी योगदान देता है। इस संबंध में केन्द्र द्वारा वर्ष में दो रक्तदान शिविर लगाए गए, जिनमें 237 से अधिक छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने रक्त दान किया। इसके अतिरिक्त, आइएसटीसी के छात्र नगर के अस्पतालों की आपातकालीन माँग पर कई बार रक्तदान के लिए गए।

ब्लड बैंक सोसायटी तथा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी ने 6 फरवरी, 2002 को आइएसटीसी के छात्रों के लिए एक–दिवसीय युवा जागरूकता कैम्प का आयोजन किया।

एनसीसी क्रियाकलाप

वार्षिक एनसीसी कैम्प दिनांक 1 - 4 अक्तूबर, 2001 को बरोटीवाला में आयोजित किया गया। आइएसटीसी के 30 कैडेटों ने इसमें भाग लिया। आइएसटीसी कैडेटों ने इस अवसर पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। नक्शे की समझ तथा दूरी का अनुमान लगाने की प्रतियोगिताओं में आइएसटीसी प्रशिक्षणार्थी दूसरे स्थान पर रहे, जबकि वॉलीबॉल तथा क्रॉस कंट्री रेस में उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया। केन्द्र के सभी कैडेटों ने चण्डीमंदिर में आयोजित लॉग रेंज फायरिंग में भाग लिया।

अन्य क्रियाकलाप

केन्द्र के अन्य क्रियाकलापों में आइएसटीसी प्रशिक्षणार्थियों के लिए ''राजनीति में भ्रष्टाचार'' विषय पर अंतर्कक्षा वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

केन्द्र में इन्डोर व आउटडोर खेलों के अंतर्कक्षा मैच भी करवाए गए। छात्रों ने चण्डीगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में आयोजित की गई खेलों की अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। इस वर्ष हमारी क्रिकेट की टीम ने यूटी क्रिकेट एसोसिएशन, चण्डीगढ़ द्वारा करवाई गई छठे एच.टी. लीग – एवं – नॉक आउट क्रिकेट स्पर्धा में भाग लिया।

संकाय सदस्यों की विशेषज्ञों के रूप में प्रतिभागिता

डॉ. आर. के. जैन, वैज्ञानिक 'एफ', श्री वी. के. शर्मा, वैज्ञानिक 'एफ' तथा श्री आर. सी. अरोड़ा, वैज्ञानिक 'एफ' ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा पंजाब विश्वविद्यालय के एम. टैक. के शोध प्रबंध का पर्यवेक्षण कार्य किया।

श्री वी. के. शर्मा, वैज्ञानिक 'एफ' तथा श्री आर. सी. अरोड़ा, वैज्ञानिक 'एफ' को आइईटीई की प्रैक्टिकल परीक्षा तथा परियोजना कार्य के लिए नियुक्त किया गया।

वर्ष 2001-02 के दौरान उत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या		अब तक उत्तीर्ण कुल छात्र
उपकरण प्रौद्योगिकी	13	1650
डाई एंड मोल्ड मेकिंग	18	427
मैकाट्रॉनिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन	14	59
इंडस्ट्रियल इलैक्ट्रॉनिक्स	–	299

अनुसंधान एवं विकास परियोजना

डॉ. आर. के. जैन, वैज्ञानिक 'एफ' 'डिवलेपमैंट ऑफ लेज़र लैंड लैवलर' नामक परियोजना के परियोजना प्रमुख हैं। रूपये 17.139 लाख की इस परियोजना को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने वित्त प्रदान किया है। यह परियोजना 'लेज़र लैंड लैवलर' के विकास के लिए है, जो भूमि के श्रेणीकरण में उपयोगी होगा। फसल उत्पादन के लिए कृषि भूमि का समतल होना आवश्यक है। भूमि के श्रेणीकरण में अपेक्षा अनुसार भूमि की सतह को पुनः आकार प्रदान करना शामिल होता है। भूमि का स्तर नीचे होने पर जल एक जगह एकत्रित हो जाता है और वहां पानी इकठ्ठा भी हो जाता है, जो फसल के विकास को प्रभावित करता है। सिंचित भूमि में, असमतल सतह में तीव्र गति से पानी छोड़े जाने की आवश्यकता होती है, ताकि वह असमान भूमि में भी पहुंच जाए। इसमें पानी व्यर्थ जाता है तथा भूमि कटाव भी होता है। इस परियोजना की पीडीसी फरवरी, 2003 है।

3.2 प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशाला / संगोष्ठी / सम्मेलन

एस्फेरिक्स सुविधा पर कार्यशाला

वायुसेना उप–प्रमुख एयर मार्शल एस. कृष्णास्वामी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम तथा बार एडीसी ने सीएसआइओ में एस्फेरिक्स पर आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला (20 - 21 सितंबर, 2001) के अवसर पर दिनांक 20.9.2001 को राष्ट्रीय एस्फेरिक्स सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एयर मार्शल कृष्णामूर्ति ने अपने व्याख्यान में कहा कि एक पायलट के लिए लक्ष्य अभिग्रहण तथा लक्ष्य प्राप्ति दो महत्त्वपूर्ण स्थितियां हैं। प्रौद्योगिकी विकास के लिए वास्तविक आवश्यकताओं को समझने हेतु डिजाइन तैयार करने वालों में प्रौद्योगिकीविदों, परिचालकों तथा उपयोगकर्ताओं में सहक्रिया एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्रिया है। प्रबंध की विधि तथा इससे संबंधित अन्य क्रियाएं प्रक्रम विकास कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अनुसंधान एवं विकास संगठनों के वैज्ञानिक इस स्थापित सुविधा का अधिकतम उपयोग करेंगे तथा इसकी उन्नति के लिए विचार करेंगे। उन्होंने आयातित पुर्जों तथा प्रणालियों पर पूर्णतया निर्भर न रहकर संभव शोषण से उद्योग को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। *[चित्र पृष्ठ - 30 पर संलग्न है]*

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सीएसआइओ के निदेशक डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि विज्ञान की सार्वभौमिक उन्नति से अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में सूक्ष्मयांत्रिक प्रणालियों का विकास हो रहा है। सीएसआइओ ने पांच वर्ष पहले प्रकाशकीय तथा प्रकाशकीय–इलैक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में लघु आयामों को चुना, जिसके परिणामस्वरूप इस संस्थान में योजना आयोग द्वारा

स्वीकृत कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय एस्फेरिक्स सुविधा विकसित हुई।

सीएसआइओ के प्रकाशकीय विभाग के वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष श्री वी. एम. एल. नरसिम्हन् ने राष्ट्रीय हित में इस सुविधा की स्थापना के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि उद्योगों की सहायता के लिए अनुसंधान एवं विकास संगठनों के साथ परस्पर सहयोग से एस्फेरिक्स आधारित उन्नत प्रकाशकीय प्रणालियों के क्षेत्र में सहायता करना तथा इसे आगे बढ़ाना ही इसका उद्देश्य है। इस सुविधा में एस्फेरिक सतहों के रूप, आकार तथा चमक का मूल्यांकन करने के लिए एकल बिन्दु डायमंड टर्निंग मशीन, चश्मों के लिए डायमंड ग्राइंडिंग व्हील्स, परिशुद्ध प्रकाशकीय यांत्रिक घटकों का निर्माण, पॉलिश यंत्र तथा उपयुक्त परीक्षण सुविधा शामिल हैं।

सीएसआइओ के पूर्व निदेशक तथा सैमटेल के प्रौद्योगिकी सलाहकार प्रो. के. आर. शर्मा ने प्रोजेक्शन डिस्प्ले सिस्टम और तदुपरांत प्रौद्योगिकीय प्रगति में एस्फेरिक्स की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। *[चित्र पृष्ठ - 30 पर संलग्न है]*

प्रो. कोटा हरिनारायण, निदेशक, एडीए, बेंगलूर ने इस अवसर पर बताया कि प्रौद्योगिकीय परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं तथा निकट भविष्य मे लगभग 70 - 80 प्रतिशन धात्विक पदार्थों को सम्मिश्र पदार्थों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा।

सम्मेलन के पहले दिन के सत्र में" एस्फेरिक मशीनरी के आपूर्तिकर्ता मै. टेलर–हॉब्सन द्वारा उत्पाद प्रस्तुतिकरण सम्मिलित था, जिसके अंत में प्रश्न–उत्तर सत्र था। तदुपरांत प्रतिनिधियों को प्रकाशकीय प्रयोगशाला दिखाई गई। उन्हें एस्फेरिक्स सुविधा के विभिन्न घटकों, जिनमें एकल बिंदु डायमंड टर्निंग, सीएनसी नियंत्रित पॉलिश, बनाए गए गोलाकार व एस्फेरिक प्रकाशकीय तथा प्रकाशकीय–यांत्रिक घटकों के रूप, आकार तथा चमक के विश्लेषण के लिए सतही प्रोफाइलोमीटर आदि सम्मिलित थे, का प्रदर्शन किया गया। देश में प्रकाशकीय साधन विनियोग समुदाय के इस आह्वान, कि विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संगठनों, उद्योगों तथा शैक्षिक संस्थाओं में चुनौतीपूर्ण एस्फेरिक आधारित डिजाइन, निर्माण तथा विशेषतांक निश्चित कार्य करने के लिए एक सुविधा का आरंभ हो गया है, के साथ कार्यशाला संपन्न हुई।

पैनल चर्चा में इसरो, बार्क, बैल, डीएसटी, डीआरडीओ तथा अन्य सरकारी संगठनों तथा उद्योगों ने अपनी भविष्य की परियोजनाओं के लिए सीएसआइओ के एस्फेरिक आधारित प्रकाशकीय उपकरणों/घटकों के लिए अपनी–अपनी आवश्यकता का ब्यौरा दिया। इस चर्चा में कुछ करोड़ मूल्य के एस्फेरिक के अभिकल्पन, निर्माण तथा पहचान संबंधी परियोजनाएं भी शामिल थीं।

डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी ने पैनल चर्चा के दौरान अपने समापन संबोधन में समस्त उपस्थित प्रतिनिधियों को आश्वासन दिलाया कि एस्फेरिक्स सुविधा तथा सीएसआइओ की संबंधित टीम देश के साधन विनियोग समुदाय की आशाओं पर खरी उतरेगी तथा उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को निर्धारित अवधि में पूर्णतः पूरा किया जाएगा।

विभिन्न संस्थानों तथा संगठनों के लगभग 30 प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

विश्लेषणात्मक उपकरणों के प्रचालन, अनुरक्षण तथा मरम्मत पर दूसरा प्रबंध विकास कार्यक्रम

सीएसआइओ ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अपने आइटीईसी/एससीएएपी कार्यक्रम के अन्तर्गत तीसरे विश्व के देशों कि लिए 8 अगस्त से 4 सितंबर, 2001 तक विश्लेषणात्मक उपकरणों के प्रचालन, अनुरक्षण तथा मरम्मत पर एक और प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किया। इस कोर्स का पहला भाग 8 - 25 अगस्त, 2001 को सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र, नई दिल्ली तथा दूसरा भाग 26 अगस्त से 4 सितंबर, 2001 तक सीएसआइओ, चण्डीगढ़ में आयोजित किया गया। फिलिस्तीन, यूगांडा, जांबिया, कीनिया, श्रीलंका, बंगलादेश, पनामा तथा घाना के 10 प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। कोर्स में सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को आरएसआइसी, पंजाब विश्वविद्यालय, आइएमटी, चण्डीगढ़ तथा दिल्ली, पंचकूला व अंबाला के विभिन्न उद्योगों का दौरा भी कराया गया।

प्रो. अशोक साहनी, डीन, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ 4 सितंबर, 2001 को सीएसआइओ में आयोजित किए गए समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रो. साहनी ने 21वीं सदी में होने वाले अनुसंधान कार्य में आने वाली चुनौतियों के विषय में बोलते हुए अपने संबोधन में कहा कि नवीन प्रौद्योगिकियों में परिवर्तन की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कार्मिकों को प्रशिक्षण दिए जाने पर बल दिया। उनका मत था कि इस कार्य के लिए तकनीकी कर्मियों हेतु औपचारिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए। प्रो. साहनी ने विश्लेषणात्मक उपकरणों, जिनका शोध एवं विश्लेषण में व्यापक अनुप्रयोग है, के पूर्णतः शक्य प्रयोग की दृष्टि से भी प्रशिक्षण की आवश्यकता का उल्लेख किया।

इससे पूर्व डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्लेषणात्मक

उपकरणों के क्षेत्र में सीएसआइओ के योगदान का स्मरण करवाते हुए सीएसआइओ तथा पंजाब विश्वविद्यालय के दीर्घ एवं लाभकारी साहचर्य का उल्लेख किया। तदुपरांत डॉ. बाजपेयी ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

सीएसआइओ जैव–चिकित्सा उपकरणों के प्रचालन, अनुरक्षण एवं मरम्मत पर गत कई वर्षों से प्रबंध विकास कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, किंतु विश्लेषणात्मक उपकरणों के क्षेत्र में यह दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम था।

जैव – चिकित्सा उपकरणों के प्रचालन, अनुरक्षण एवं मरम्मत पर नौवां प्रबंध विकास कार्यक्रम

सीएसआइओ द्वारा तीसरे विश्व के देशों कि लिए 12 सितंबर से 6 नवंबर, 2001 तक जैव–चिकित्सा उपकरणों के प्रचालन, अनुरक्षण तथा मरम्मत पर नौवां प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में सीरिया, मॉरीशस, यूगांडा, आर्मेनिया, भूटान, ओमान, घाना, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, मेसेडोनिया, जाम्बिया, नाइजीरिया, अल्जीरिया, उज़बेकिस्तान, श्रीलंका, मोज़ाम्बिक, गुयाना और इजिप्ट के 26 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कुल आठ सप्ताह के इस कार्यक्रम में से प्रतिनिधियों ने पहले चार सप्ताह सीएसआइओ के नई दिल्ली स्थित सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र में, एक सप्ताह जयपुर स्थित सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र में तथा शेष समय उन्हें सीएसआइओ के सेवा एवं अनुरक्षण प्रभाग में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न क्षेत्रों में सैद्धांतिक के साथ–साथ व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए : एक्स–रे सहित मैडिकल इमेजिंग, सीटी स्कैन, निओ–नैटालॉजी के लिए एमआरआई और अल्ट्रासाउंड उपकरण, न्यूरोलॉजी, कर्डियोलॉजी, दंत चिकित्सा उपकरण, ऑप्थैल्मिक एंडोस्कोपी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईएनटी, जैव रसायन, अपशिष्ट प्रबंधन, हीमेटोलॉजी, पैथोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसन, फिजियोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, रेडियोलॉजी, टैलिमेडिसिन, न्यूरोसर्जरी और एनस्थीसिया तथा साथ ही एक्स–रे मशीनों का अनुरक्षण व जैव चिकित्सा उपकरणों के लिए संवेदक और ट्रांसड्यूसर एवं रक्ताधान, ऑप्टिकल संघटकों का अनुरक्षण और सूक्ष्मदर्शियों की मरम्मत, अल्ट्रासाउंड स्कैनर/पल्स ऑक्सीमीटर, क्लीनिकल कैमिस्ट्री एनालाइज़र, बेबी इन्क्यूबेटर, ईसीजी मशीन/कार्डिएक मॉनीटर, फ्लेम फोटोमीटर, स्पैक्ट्रोमीटर, विद्युत आपूर्ति की मरम्मत और अनुरक्षण तथा दंत चिकित्सा मशीनों की परिकल्पना पर भी सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को पीजीआई, जनरल अस्पताल, डॉ. सोढी क्लीनिक, बॉडी विज़न और इन्स्कॉल, रिकॉर्डर एंड मैडिकेयर सिस्टम्ज़, चण्डीगढ़ कम्प्यूटर सैंटर, पंजाब विश्वविद्यालय, नेत्र चिकित्सालय सोहाना, केसर अस्पताल, पंचकूला और फॉर्टिस अस्पताल, मोहाली भी ले जाया गया।

डॉ. सी. एल. कौल, निदेशक, नाइपर इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे, उन्होनें अपने समापन संबोधन में कहा कि दुनिया भर के रोग प्रतिमानों में प्रबल परिवर्तनों के साथ और आधुनिक चिकित्सकों की मुख्य रूप से जैव–चिकित्सा परिमाणों पर निर्भरता के कारण, प्रयोग की जाने वाली जैव चिकित्सीय तकनीकों और उपकरणों को बहुत सरल, शक्य और विश्वसनीय होना चाहिए। इसके इलावा, उपभोक्ता की बढ़ती जागरूकता के कारण परीक्षणों के परिणाम सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं, जो प्रयोग किए गए उपकरण की गुणवत्ता से सीधे संबंधित होते हैं, इसलिए नियामक निकायों को मानकों और दिशानिर्देशों के बारे में अधिक सचेत रहना होगा। इनका विचार था कि जैव–चिकित्सीय उपकरणों की नियमित देखरेख और रखरखाव भी सही मानकों के अनुसार हो, जिससे परीक्षण परिणामों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ, चण्डीगढ़ ने जैव चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में सीएसआइओ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।

प्रारंभ में सीएसआइओ में प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजक सुश्री मोहना रामामूर्ति ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और इन्हें पूरा करने में सीएसआइओ द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।

सीएसआइओ मार्च 1994 से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए सीएसआइओ को नोडल केन्द्र के रूम में चिह्नित किया है।

जैव – चिकित्सा उपकरणों तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण पर अंशकालिक उद्यमिता विकास कार्यक्रम

देश में निजी स्तर पर सेवा एवं अनुरक्षण उद्यम के लिए युवा–शक्ति तैयार करने के दृष्टिगत सीएसआइओ के नई दिल्ली स्थित सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र ने जैव–चिकित्सा उपकरणों तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण पर दो उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए। चार माह के दोनों अंशकालिक कोर्स 15 अक्तूबर 2001 से 19 अप्रैल, 2002 तक आयोजित किए गए। जैव–चिकित्सा कोर्स में 16 तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण कोर्स में 25 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रत्येक प्रतिभागी से रूपये 7,500/- की राशि प्रशिक्षण शुल्क के रूप में ली गई।

उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का लक्ष्य उपकरणों के अनुरक्षण की शाश्वत राष्ट्रीय समस्या के समाधान की दिशा में एक प्रयास करना है तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से स्व–रोजगार को बढ़ावा मिलता है।

सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र, दिल्ली में चिकित्सा तकनीशियनों एवं डॉक्टरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सीएसआइओ के नई दिल्ली स्थित सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र में चिकित्सा तकनीशियनों एवं डॉक्टरों के लिए 18 - 28 मार्च, 2002 को 10-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम देश में पहली बार आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली के अस्पतालों के 22 तथा अण्डेमान – निकोबार द्वीप समूह के 3 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीएसटी के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद ने देश में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। सीएसआइओ, चण्डीगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस. आर. तनेजा ने इस अवसर पर अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए चिकित्सा उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास, मरम्मत एवं अनुरक्षण, अंशांकन तथा मानव संसाधन विकास कार्यों में सीएसआइओ के योगदान पर प्रकाश डाला। श्री एच. के. पीर, वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संयोजक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए प्रतिभागियों को इसके विविध पहलुओं से अवगत करवाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सा से जुड़े विविध उपकरणों जैसे ईसीजी मशीन, क्लोरीमीटर, स्पैक्ट्रोफोटोमीटर, ब्लड गैस एनालाइज़र, ऑटो एनालाइज़र, सैन्ट्रीफ्यूज, वाटर बाथ, स्टर्लाइज़र, कौट्री मशीन, माइक्रोस्कोप, ऑप्थैलमोस्कोप, शॉर्ट वेव डायाथर्मी, सर्जिकल डायाथर्मी, एंडोस्कोपी, अल्ट्रासोनिक ट्रांसड्यूसर, अल्ट्रासोनिक नैबुलाइज़र इत्यादि के विषय में गहन जानकारी प्रदान किया जाना शामिल था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पतालों के उपस्करों के खराब पड़े रहने के समय को कम करना था, जिससे कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकें। *[चित्र पृष्ठ - 32 पर संलग्न है]*

कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रो. वी. एस. राममूर्ति, सचिव, डीएसटी ने समापन संबोधन किया तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में बहुत उपयोगी हैं तथा इनका आयोजन देश के अन्य भागों में भी किया जाना चाहिए।

विकलांगों के लिए उपकरण विन्यास एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

आइईटीई, चण्डीगढ़ ; कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया, चण्डीगढ़ ; चण्डीगढ प्रशासन तथा सीएसआइओ, चण्डीगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विकलांगों के लिए उपकरण विन्यास एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल तथा चण्डीगढ़ के प्रशासक ले. ज. (सेवानिवृत्त) जे. एफ. आर. जैकब, पीवीएसएम ने सीएसआइओ, चण्डीगढ़ में किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं, गैर सरकारी संगठनों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकीविदों, डॉक्टरों, नीति निर्माताओं तथा विकलांगों ने इसमें भाग लिया।

जनरल जैकब ने अपने विचारोत्तेजक उद्घाटन संबोधन में विकलांगता कम करने, विकलांगों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें मुख्य धारा में लाने के प्रयासों की दिशा में इस आयोजन को अद्वितीय एवं महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने अपना मत प्रकट करते हुए विकलांगो के लिए आवाज के माध्यम से चलने वाले एक माउस द्वारा नियंत्रित सॉफ्टवेयर तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा विकलांगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इन कल्याण सेवाओं में नौकरियों में आरक्षण, कॉलेजों में प्रवेश, विशेष रूप से डिजाइन किए गए मकान इत्यादि शामिल हैं।

चिकित्सा तथा इंजीनियरी व्यवसाय के अद्भुत मिश्रण की विद्वता वाले प्रो. एस. के. गुहा ने अपने मुख्य संबोधन में इस कार्यक्रम को आयोजकों की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि विकलांगों के लिए उपकरण विन्यास के क्षेत्र में यह पहला आयोजन है। प्रो. गुहा ने इस अवसर पर उपकरण विन्यास एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रौद्योगिकियों के मिश्रण से लो विज़न एड, आर्टिफीशियल लिम्ब्स, मस्तिष्क की गतिविधियों की संवेदकों के प्रयोग से मॉनीटरिंग, जिससे विकलांग स्वयं को अपंग महसूस न करते हुए समाज का सक्रिय सदस्य अनुभव करेंगे जैसी तकनीकों एवं उपस्करों के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विकलांगों के हितों के लिए अवसरंचनात्मक सुविधाएं स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। *[चित्र पृष्ठ - 33 पर संलग्न है]*

श्री एस. के. मरवाहा, सचिव, समाज कल्याण विभाग, चण्डीगढ़ प्रशासन ने इस संगोष्ठी के आयोजन को एक ऐसा अनूठा मंच बताया, जहां इंजीनियर, नीति निर्माता, डॉक्टर, प्रौद्योगिकीविद् तथा सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर विकलांगता को कम करने तथा विकलांगों को आत्मनिर्भर एवं समाज का सक्रिय भागीदार बनाने के लिए विचार–विमर्श करने तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं उपकरण विन्यास की शक्ति के सार्थक उपयोग के लिए दिशाएं

निर्धारित करने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह चर्चा केवल वैज्ञानिकों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसमें विभिन्न जन कल्याण समूहों, गैर सरकारी संगठनों तथा विकलांगों के अभिभावकों को भी शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि यह लोग विकलांगों की समस्याओं के बारे में उपयोगी तथ्य प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि विकलंगों के लिए टैक्नोलॉजी का विकास किया जाए और उन्हें यह सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाई जाए, यह एक महान सेवा होगी। *[चित्र पृष्ठ - 33 पर संलग्न है]*

मेजर जनरल यशवंत देवा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, आइईटीई ने संगोष्ठी को सामाजिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताते हुए कहा कि इस अवसर पर की जाने वाली चर्चाएं विकलांगों के पुनर्वास, सामाजिक पुनर्निर्माण तथा सामुदायिक एकजुटता की दिशा में प्रौद्योगिकी के विकास के लिए बहुत लाभकारी होंगी।

डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी ने मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए बदल रहे वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक परिवेश पर प्रकाश डाला तथा बताया कि यह आधुनिक प्रौद्योगिकियां विकलांगो के हित के लिए किस प्रकार उपयोगी हो सकती हैं।

पर्यावरण जागरूकता एवं तत्संबंधी कार्रवाई पर कार्यशाला

केन्द्रीय वैज्ञानिक एवं उपकरण संगठन के पर्यावरण मॉनीटरिंग उपकरण प्रभाग ने भारतीय पर्यावरण सोसायटी, चण्डीगढ़ के सहयोग से पर्यावरण जागरूकता तथा कार्रवाई पर ''शनिवार पर्यावरण स्कूल'' कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के लगभग 40 अध्यापकों एवं प्रध्यापकों ने भाग लिया।

पाठ्यक्रम कियान्वयन पर ओरिएन्टेशन कार्यक्रम

सीएसआइओ में दिनांक 23 - 24 अगस्त, 2001 को इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र के संकाय सदस्यों के लिए दो–दिवसीय ''पाठ्यक्रम कियान्वयन पर ओरिएन्टेशन कार्यक्रम'' आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित किया गया, इसका उद्देश्य संकाय सदस्यों को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण के कारण देश के सामने आ रही चुनौतियों के प्रति जागरूक कराना तथा इस प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी शिक्षा को दिशा प्रदान करना था।

डॉ. एल. एन. मित्तल, प्रमुख, पाठ्यक्रम विभाग, टीटीटीआई ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते के अतिदक्ष तकनीशियन इंजीनियरों के सृजन के आइएसटीसी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में डॉ. मित्तल ने 'सीखने–के–लिए–सीखना' ; 'समस्या समाधान कौशल'; 'निदानात्मक कौशल' ; तथा 'कम्प्यूटर सहचर्य शिक्षा' के विकास पर बल दिया। सीखने–सीखाने की प्रकिया में 'उपयोग' की अवधारण को सम्मिलित करने पर उन्होंने अत्यधिक बल दिया, ताकि छात्र औद्योगिक क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए उन्हें दिए गए ज्ञान और कौशल का बेहतर उपयोग करने में सक्षम हो सकें। अन्य संकाय सदस्यों ने अनुदेश देने के क्षेत्र में उभर रही नई शैलियों के संबंध में प्रतिभागियों के साथ विचार–विमर्श किया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ. रामप्रकाश बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ ने तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में पूर्णतः सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका मत था कि शिक्षकों को आधुनिक अनुसंधान एवं विकास से अवगत करवाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण एवं पुनर्प्रशिक्षण दिलवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टीटीटीआई, चण्डीगढ़ की इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आइएसटीसी के लिए विकास के नए द्वार खुले हैं। कार्यक्रम के एक सत्र में यह संकल्प लिया गया कि अब से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक वार्षिक योजना बनाई जाएगी तथा यह परिष्कृत तकनीकी कौशल के विकास के लिए एक संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करेगी।

यहां यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि आइएसटीसी भारतीय उद्योग के लिए अति उच्च दक्षता प्राप्त तकनीकी कार्मिक तैयार करने वाले उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है। केन्द्र के लगभग सभी छात्रों को अपना कोर्स पूरा करने से पूर्व ही रोजगार उपलब्ध हो जाते हैं तथा कुछ अपने स्वयं के उद्योग लगाकर उद्यमकर्ता बनना पसंद करते हैं।

डॉ. रूपिन्दर गुप्ता, प्रिंसिपल, आइएसटीसी ने कार्यक्रम के अंत में टीटीटीआई द्वारा एक सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अपना हार्दिक आभार प्रकट किया। लगभग 50 संकाय सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

भेषज उद्योग में प्रयोग किए जाने वाले विश्लेषणात्मक उपकरणों के प्रचालन, संचालन एवं अनुरक्षण सिद्धांतों पर कार्यशाला

सीएसआइओ के चेन्नै स्थित सेवा एवं अनुरक्षण ने 8 - 10 मार्च, 2002 को भेषज उद्योग में प्रयोग किए जाने वाले विश्लेषणात्मक उपकरणों के प्रचालन, संचालन एवं अनुरक्षण सिद्धांतों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को दैनिक उपचारात्मक अनुरक्षण तथा विश्लेषणात्मक उपकरणों की

छोटी–मोटी मरम्मत में प्रशिक्षण प्रदान करना और उनमें अपने उपकरणों को बेहतर स्थिति में रखने का आत्मविश्वास जागृत करना था। कार्यशाला में फोर्ट्स इंडिया लि., सिटेडल फाइन फार्मासियूटिकल लि., टीटीके फार्मा, अरूथंजन लि., शैसन कैमिकल्स एंड ड्रग्स लि., क्यूरक्राफ्ट कैमिकल्स इंडिया प्रा. लि., अरविंद रैमिडीज़ लि., टैब्लेट्स इंडिया लि., सिप़ाली कैमिकल्स इत्यादि जैसी प्रतिष्ठित भेषज उद्योगों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. एन. लक्ष्मणन्, निदेशक, एसईआरसी ने की। डॉ. सी. दामोदरन, निदेशक, न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यशाला के मुख्य अतिथि थे, उन्होंने उद्घाटन संबोधन किया। श्री एस. वी. वीरमानी, अध्यक्ष, भारतीय औषध निर्माता संघ ने इस अवसर पर विशेष अभिभाषण दिया। डॉ. लक्ष्मणन् ने अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रतिभागियों को सूचित किया कि निजी उद्योग अपनी उपकरण विकास आवश्यकताओं के लिए सीएसआइओ, चण्डीगढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं।

डॉ. सी. दामोदरन, निदेशक, न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला ने सीएसआइओ द्वारा उनकी प्रयोगशाला को दी जा रही सेवाओं के लिए सीएसआइओ की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रकार के वैज्ञानिक प्रयासों में उपकरणों के अनुरक्षण के लिए बेबी सिटिंग संकल्पना पर बल दिया। श्री वीरमानी ने अपने अभिभाषण में भेषज उद्योगों के लिए इस प्रकार की कार्यशाला के महत्त्व का उल्लेख किया तथा सीएसआइओ को इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करने और प्रतिभागियों के विचारों के आधार पर इसमें समुचित सुधार करने की आवश्यकता जताई। उद्घाटन समारोह के उपरांत अग्रम इंडस्ट्रीज़ की सुश्री, पद्मा राजगोपालन ने एबीबी, बोमैम द्वारा ''टोटल एनालिटिकल सोल्यूशन्स फॉर द फार्मासियूटिकल इंडस्ट्री'' विषयक प्रस्तुतीकरण किया। स्पिनको बायोटैक के श्री सी. चन्द्रशेखरन द्वारा ''हाई परफोरमैंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी'' विषय पर एक और प्रस्तुतीकरण किया गया।

अपराह्न के सत्र में तथा आगामी दो दिनों में निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान तथा प्रैक्टिकल सत्र आयोजित किए गए :

- विश्लेषणात्मक उपकरणों में इलैक्ट्रॉनिक सर्किट
- विश्लेषणात्मक उपकरणों में माइक्रोप्रोसैसर की भूमिका
- विश्लेषणात्मक उपकरणों के लिए मौलिक अनुरक्षण पद्धति
- पीएच मीटर तथा सुचालकता मीटर
- क्लोरोमीटर तथा फ्लोरीमीटर
- फ्लेम फोटोमीटर
- यूवी स्पैक्ट्रोफोटोमीटर
- आइआर स्पैक्ट्रोफोटोमीटर एवं एफटीआइआर

विश्लेषणात्मक क्षेत्र में आधुनिक उपस्करों की जानकारी देने के लिए प्रतिभागियों को केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान का दौरा भी करवाया गया।

कार्यशाला का समापन समारोह मार्च 10, 2002 को आयोजित किया गया तथा डॉ गंगा राधाकृष्णन्, वैज्ञानिक 'जी', सीएलआरआइ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रो. के. कलीराज, निदेशक, बायोटैक्नोलॉजी केन्द्र, अन्ना विश्वविद्यालय ने समापन संबोधन किया और प्रतिभागियों को प्रामाणपत्र प्रदान किए।

डॉ. गंगा राधाकृष्णन् ने प्रतिभागियों को अपनी प्रयोगशाला की ओर से हर प्रकार की सहायता का आश्वासन देते हुए उन्हें कार्यशाला से अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण संकेत दिए।

o वैज्ञानिकों को सम्मान एवं पुरस्कार

डॉ. ए. के. अग्रवाल चीन में सम्मानित

संगठन में वैज्ञानिक 'जी' के पद पर कार्यरत डॉ. ए. के. अग्रवाल दिनांक 22 - 24 सितंबर, 2001 को चीन की वूहान ऑप्टिक्स घाटी में अन्तरराष्ट्रीय कार्मिक विनिमय एवं प्रौद्योगिकी सहयोग विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने के लिए चीन गए।

आयोजकों द्वारा वित्त प्रदत्त इस संगोष्ठी में भाग लेने का मुख्य उद्देश्य ''फाइबर ऑप्टिक्स आर एंड डी ऑपरच्युनिटीज़ एट सीएसआइओ' विषय पर आमंत्रित व्याख्यान देना तथा उक्त संगोष्ठी में उपस्थित वैज्ञानिकों से विचार–विमर्श करना था। अन्तरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय द्वारा डॉ. अग्रवाल के व्याख्यान की सराहना की गई तथा इस क्षेत्र में अग्रणी कई विशेषज्ञों से लाभकर चर्चाएं की गईं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिकों के साथ डॉ. अग्रवाल की चर्चा काफी महत्वपूर्ण रही।

डॉ. अग्रवाल के लिए यह बात और भी सम्मानजनक एवं गौरवपूर्ण है कि चीन ने उन्हें ऑप्टिक्स के क्षेत्र में भविष्य के विकास कार्यों मे सलाह के लिए अपने विशेषज्ञों के पैनल (कन्सट्रक्टिव कंसलटेटिव कमेटी के सदस्य के रूप में) में परामर्शदाता रखे जाने के लिए चुना है। उल्लेखनीय है कि चीन ने यह सम्मान संगोष्ठी में भाग लेने वाले 100

प्रतिनिधियों / वैज्ञानिकों में से केवल 11 को प्रदान किया है। इस प्रतिष्ठित पैनल में डॉ. अग्रवाल एकमात्र भारतीय हैं।

चीन के उच्चाधिकारियों ने परामर्श तथा विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए इन चयनित विशेषज्ञ परामर्शदाताओं की एक बैठक आयोजित की। डॉ. अग्रवाल को संगोष्ठी के समापन समारोह में आयोजकों, जिनमें गर्वनर, मेयर, निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी शामिल थे, ने एक स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। चीनी अधिकारियों ने समस्त विशेषज्ञों को भविष्य में उनके मार्गदर्शन के लिए आग्रह किया। उन्होंने इस दिशा में सहयोगात्मक प्रयासों को और बढ़ाने के लिए डॉ. अग्रवाल से भी पुनः चीन का दौरा करने के लिए आग्रह किया।

3.5 विभिन्न समितियों तथा बोर्डों में वैज्ञानिकों का प्रतिनिधित्व

- डॉ. एच. के. सरदाना पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के कम्प्यूटर इंटेग्रटिड मैन्युफैक्चरिंग के बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के सदस्य के रूप में नामित, दिनांक 31.3.2003 तक।
- डॉ. एच. के. सरदाना पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के कम्प्यूटर साइंस एंड टैकनोलॉजी के बोर्ड ऑफ स्टडीज़ के सदस्य के रूप में नामित, दिनांक 31.3.2003 तक।
- श्री आर. सी. अरोड़ा आइईटीई चण्डीगढ़ केन्द्र के मानद सचिव तथा कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया, चण्डीगढ़ चैप्टर के कार्यकारी सदस्य के रूप में नामित, वर्ष 2001 - 02 के लिए।
- डॉ. आर. के. जैन आइईटीई के एसोसिएट सदस्य के रूप में नामित।

3.6 व्याख्यान / अभिभाषण

क्रम सं.	विषय	स्थान	तिथि	वक्ता
1.	ऑप्टिकल सैंसर्ज़	टीटीटीआई, चण्डीगढ़	24.07.2001	श्री एन . एस . मेहला
2.	ऑप्टिकल फाइबर करैप्टराइजेशन एंड मैज़रमैंट	टीटीटीआई, चण्डीगढ़	25.07.2001	श्री एस . सी . जैन
3.	मैडिकल एप्लीकेशन्स ऑफ ऑप्टिकल फाइबर	टीटीटीआई, चण्डीगढ़	26.07.2001	श्री एन . एस . औलख
4.	इमेज प्रोसैसिंग एंड इट्स एप्लीकेशन्स	कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया	15.06.2001	डॉ. एच. के. सरदाना
5.	बेसिक्स ऑफ रोबोटिक्स	टीटीटीआई, चण्डीगढ़	जुलाई, 2001	डॉ. एच. के. सरदाना
6.	साइंटिफिक एप्रोच टू लाइफ	सीपीवायएलएस प्रोग्राम, चण्डीगढ़	28.2.2002	डॉ. एच. के. सरदाना
7.	एयर एंड वाटर टैस्ट एंड मैज़रिंग इंस्ट्रूमैंट्स	भारत सरकार, भारतीय पर्यावरण सोसायटी, चण्डीगढ़	5.6.2001	श्री बासुदेव प्रसाद
8.	सूचना प्रौद्योगिकी एवं हिंदी	सीरी, पिलानी	21.9.2001	श्री बासुदेव प्रसाद
9.	हिंदी सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी	टीबीआरएल, चण्डीगढ़	16.9.2001	श्री बासुदेव प्रसाद
10.	डिवलेपमैंट ऑफ पोर्टेबल किट्स एंड इंस्ट्रूमैंट्स फॉर क्वालिटी कंट्रोल ऑफ एडिबल ऑयल	एमआरपीसी, नई दिल्ली	16.9.2001	डॉ. एम . एल . सिंगला
11.	खाद्य तेलों के लिए सुवाह्य उपकरण	सीएसआइओ, चण्डीगढ़	21.4.2001	डॉ. एम . एल . सिंगला

3.8 उच्च शैक्षिक योग्यता

1. डॉ आर. के. जैन, वैज्ञानिक को ''प्रोडक्शन प्लैनिंग एंड कंट्रोल प्रैक्टिसिस इन सलैक्टिड स्मॉल स्केल एंटरप्राइज़िज़' विषयक शोध प्रबंध के लिए जुलाई, 2001 में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीएच. डी. की डिग्री प्रदान की गई।
2. डॉ एम. एल. सिंगला को ''एबज़ार्बशन स्टडीज़ ऑफ डाइज़, फिनोलिक कम्पाउंड्स एंड सम टॉक्सिक कम्पाउंड्स फ्रॉम एक्युअस सॉल्युशन'' विषयक शोध प्रबंध के लिए जुलाई 2001 - 2002 में पंजाब विश्वविद्यालय से पीएच. डी. की डिग्री प्रदान की गई।

3.9 विदेश दौरे

डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी का जर्मनी दौरा

सीएसआइओ के निदेशक डॉ. राम प्रकाश बाजपेयी ने दिनांक 18 जून, 2001 से 7 जुलाई, 2001 तक जर्मनी में आयोजित दो दिवसीय 'इंडो-जर्मन वर्कशॉप ऑन नैनो-मैटीरियल्स एंड टैक्नोलोज़ीस' कार्यशाला में भाग लिया। उनके इस दौरे को दो प्रतिष्ठित संस्थानों यथा Deutsche Forschungsanstalt Fur Luft and Raunnfahrt eV Germany - DLR (18 - 24 जून, 2001) तथा Alexander von Humboldt (एवीएच) Stiftung, Gernmany ने प्रायोजित किया।

एवीएच के प्रायोजन में डॉ. बाजपेयी ने Institute for Kernchemie, Universitat Mainz ; Institute fur Microtechnik Mainz ; Institute for Technical Physics, Kassel तथा एवीएच फाउंडेशन का दौरा किया।

इस कार्यशाला से उन्हें नैनो-पदार्थ, उपस्करों तथा मॉलिक्यूलर इलैक्ट्रॉनिकी के संबंध में वर्तमान प्रौद्योगिकी की स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ-साथ यह कार्यशाला उपस्कर अनुप्रयोग में स्व संयोजन प्रक्रिया, विशेष मैम्स डिवाइस डिज़ाइन, निर्माण एवं पैकेजिंग के क्षेत्रों में विशिष्ट ज्ञान प्राप्त करने में भी लाभदायक सिद्ध हुई। इस दौरे के दौरान डॉ. बाजपेयी द्वारा अर्जित की गई सूचना एवं ज्ञान सीएसआइओ के वर्तमान एवं भविष्य के अनुसंधान क्षेत्रों में उपयोगी होगा तथा यह संगठन को नए बायो-चिप कार्यक्रम के लिए नैनो-पदार्थों व उपस्करों, मैम्स, प्रोसैस डिज़ाइन टैकनोलॉजी तथा पैकेजिंग, औद्योगिक तथा रक्षा अनुप्रयोगों के लिए हमारे सटीक पदार्थों के विशिष्ट नैनो-मकैनिकल संघटकों के उत्पादन एवं निर्माण में लाभान्वित करेगा।

6.0 आर एण्ड डी मूल ढांचा सुविधाएं

6.1 मानक एवं अंशाकन

परीक्षणों एवं मापनों से उद्योगों द्वारा उत्पादित की जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता सुधार में सहायता मिलती है। जहां एक ओर कुछ परीक्षणों के माध्यम से परिवहन अथवा प्रयोग के दौरान उत्पाद पर लघु एवं लम्बी अवधि के पड़ने वाले विभिन्न पर्यावरण संबंधी प्रभावों का अनुमान लगाया जा सकता है, वहीं मापन उपकरण की शुद्धता मानक मीटर से इसकी तुलना करके जांची जा सकती है। तदनुसार इस प्रभाग द्वारा तालिका में दर्शाए गए अनुसार अनेक विद्युत, तापीय और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं संघटकों के अंशांकन की सुविधाएं प्रदान की गई हैं। *[चित्र पृष्ठ - 51 पर संलग्न है]*

जिन प्रयोक्ताओं को सेवाएं प्रदान की गई, उनके विश्वास में बढोत्तरी करने के लिए अनेक कदम उठाए गए:

- प्रयोक्ता की संतुष्टि
- कार्य को समय पर पूरा करने के लिए समर्पित प्रयास
- उपभोक्ता के प्रति मैत्रीपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना
- कार्य में पारदर्शिता का प्रदर्शन
- प्रयोगशाला मापनों के लिए ट्रेसिबिल्टि बनाए रखना
- गुणवत्ता प्रणाली आधारित कार्य वातावरण

विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उनके संघटकों के परीक्षण अंशांकन के कुल मिलाकर 375 कार्यों के 131 आवेदन प्राप्त हुए। रूपए 76.00 हजार के आंतरिक कार्यों को पूरा करने के अतिरिक्त बाहरी पार्टियों के कार्य करके कुल रूपए 4.54 लाख की राशि अर्जित की गई। परीक्षण एवं अंशांकन सेवाओं से पार्टियों को अपने उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में बहुत सहायता मिली।

बी टैक के 3-3 विद्यार्थियों के दो समूहों को छह माह का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें उन्हें मानकों के महत्त्व, मापन सिद्धांत एवं उद्योगों में प्रयुक्त होने वाले मापन उपकरणों के अंशांकन संबंधी जानकारी दी गई।

ISO-9002 मान्यता

मानक एवं अंशांकन प्रभाग को प्रयोगशाला की अंशांकन सेवाओं के लिए STQC निदेशालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ISO-9002 प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

6.2 केन्द्रीय अभियांत्रिक कर्मशाला

केन्द्रीय अभियांत्रिक कर्मशाला

सीएमडब्ल्यू संगठन की आर एण्ड डी परियोजनाओं के अभियांत्रिक हिस्सों के विकास, निर्माण एवं एसैम्बली की केन्द्रीकृत मूलढांचा सुविधा है। कर्मशाला उपलब्ध मूलढांचे एवं मानवशक्ति के अनुसार परिकल्पना में आवश्यक संशोधन के सुझाव भी देती है। यह अत्यन्त गर्व की बात है कि शॉप फ्लोर जटिल कार्यों को करने एवं जटिल संघटकों की मशीनिंग के लिए अत्यधुनिक परिष्कृत उपकरणों से सज्जित है। *[चित्र पृष्ठ - 51 पर संलग्न है]*

शॉप फ्लोर का कुल क्षेत्र 2500 वर्गमीटर है और इसमें 25 Kw का स्वीकृत लोड है। यहां का कार्य वातावरण सहयोगात्मक एवं मैत्रीपूर्ण है। यहां के 51 प्रशिक्षित कर्मी टर्निंग, मिलिंग, फिटिंग, प्रीसिज़न मशीन इत्यादि जैसे अपने-अपने ट्रेड्स में दक्ष हैं और तदनुसार कर्मशाला 5 विभिन्न अनुभागों में समान रूप से विभाजित है:

अनुभाग 1	मिलिंग सैक्शन
अनुभाग 2	टर्निंग सैक्शन
अनुभाग 3	फिटिंग एण्ड शीट मैटल
अनुभाग 4	योजना अनुभाग
अनुभाग 5	सामान्य अनुभाग

सीएमडब्ल्यू में एक उत्कृष्ट मापन प्रयोगशाला है, जो मापन मानकों और उपकरणों से सज्जित है। परिशुद्ध मापन मशीनें एवं प्रणालियां अत्यधिक कीमती हैं और संगठन की विश्वसनीयता को बढ़ाती हैं। कर्मशाला परिशुद्ध निर्मित संघटकों के रैखिक आयामी मापन के अतिरिक्त सरकारी और निजी दोनों प्रकार के संस्थानों के मापन मानकों/उपकरणों के निरीक्षण एवं अंशांकन की सेवाएं प्रदान करती है।

सीएमडब्ल्यू को ISO-9002 प्रमाणपत्र प्राप्त है। तदनुसार यह गुणवत्ता नीतियों एवं संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए निर्धारित सिद्धांतों/प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य करती है। लेखा परीक्षणों/निगरानी के माध्यम से गुणवत्ता प्रणाली में सुधार करके संगठन के उद्देश्यों को प्राप्त करने एवं विश्वभर में इसकी विश्वसनीयता स्थापित करने में सहायता मिलती है।

उपलब्ध सुविधाएं

किसी भी जटिल स्वरूप के संघटकों के विकास और निर्माण को संभव बनाने के लिए शॉप फ्लोर पर अनेक विशेषज्ञता आधारित कार्य किए जाते हैं। ये हैं:

- CAD/CAM
- अल्ट्रासॉनिक मशीनें
- निर्वात निर्माण
- डिज़ाइन बनाना
- सतह उपचार एवं विद्युत आलेपन

– आर्क वैल्डिंग, प्लाज़्मा कटिंग और वैल्डिंग

– धातु की चादरों के लिए प्रैस कार्य

लेथ, मिलिंग, ग्राइंडिंग और अन्य सामान्य मशीनरी जैसी मूलभूत मशीनों, जो किसी भी आदर्श शॉप फ्लोर पर अनिवार्य रूप से होनी चाहिएं, के अतिरिक्त सीएमडब्ल्यू में निम्न सूचि के अनुसार परिष्कृत एवं परिशुद्धता मशीनें भी हैं:

– सीएनसी टर्निंग

– जिग बोरिंग

– थ्रेड ग्राइंडिंग

– गियर हॉबिंग

– प्रीसिज़न एवं एन्ग्रेविंग

हाल ही में निर्मित / प्राप्त सुविधाएं

हाल ही में खरीदी गई कम्प्यूटरीकृत सांख्यिक नियंत्रण (CNC) वर्टिकल मिलिंग मशीन, ब्रिजपोर्ट इंटरैक्ट चार्ज सीरीज़ II की एक अनुपम विशेषता है कि संघटक की वास्तव में मशीनिंग करने से पहले इसे मॉनिटर पर देखा जा सकता है और इसकी चरणबद्ध तरीके से प्रोग्रामिंग भी की जा सकती है। इस प्रोग्राम को किसी कार्य को पूरा करने के लिए अथवा बैच उत्पादन के लिए स्टोर भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त ऑफ लाइन प्रोग्रामिंग के लिए यह RS-232, सीरियल इंटरफेस के माध्यम से पीसी से जुड़ी हुई है। *[चित्र पृष्ठ - 52 पर संलग्न है]*

मशीन की विशिष्टियां

कार्यक्षम धुरियां :	X 750 एमएम
	Y 350 एमएम
	Z 150 एमएम
आवर्तन	: 2.5 माइक्रोन
शुद्धता	: +_ 1 माइक्रोन
मशीन लैंग्वेज	: Heidenhain and ISO

6.3 धातुकर्म एवं फांउण्डी

धातुकर्म एवं फांउण्ड्री प्रभाग में ताम्बा, निकल, टिन, लोहा, मैंग्नीज़, क्रोमियम, लैड, कार्बन और सल्फर जैसे विभिन्न तत्वों की धातुओं और अयस्कों की सामग्री के विश्लेषण से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाते हैं। यह विश्लेषण कार्य माइक्रोप्रोसैसर आधारित कार्बन और सल्फर विश्लेषक (ELTRA-100), आण्विक अवशोषण स्पैक्ट्रोफोटोमीटर (पर्किन– एल्मर) और UV- विज़िबल स्पैक्ट्रोफोटोमीटर जैसी विश्लेषण की आर्द्र विधियों और उपकरण आधारित विधियों के द्वारा किया गया। इन सुविधओं से चण्डीगढ़ और इसके आसपास पंजाब ट्रैक्टर्ज़ लि०, स्वराज कम्बाइन डिविज़न, गिलार्ड इलैक्ट्रॉनिक लि०, पंजाब बायोकैमिकल्ज़ जैसे उद्योगों ने लाभ उठाया है।

धातुकर्म प्रभाग ने आण्विक अवशोषण स्पैक्ट्रोफोटोमीटर का हाइड्राइड जैनरेशन सिस्टम के साथ प्रयोग करके कुल सेलेनियम की मात्रा का पता लगाने के लिए पानी और मिट्टी के अनेक नमूनों का भी विश्लेषण किया है। यह कार्य केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड और रसायन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय के साथ मिलकर किया गया।

ताम्बा निकल और लौह जैसी धात्विक अशुद्धियों का पता लगाने के लिए बड़ी संख्या में खाद्य तेलों के नमूनों का भी विश्लेषण किया गया। ग्रैसक्रोमेटोग्राफिक विधि के प्रयोग से खाद्य तेलों में अन्य कार्बनिक सम्मिश्रों के भी विश्लेषण किए गए। यह कार्य मिशन मोड कार्यक्रम, *तिलहन, दलहन और मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन* से सबंधित है। पोलिएनिलिन पर विभिन्न रंजकों के अनेक अधिशोषण अध्ययन UV- विज़िबल स्पैक्टोफोट्रोमीटर के प्रयोग से किए गए हैं।

संगठन में धातुओं और उनके अयस्कों के यांत्रिक परीक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध है। ये सुविधाएं – टेन्सिल परीक्षण, इलोंगेशन मैक्रो एण्ड माइक्रो कठोरता परीक्षण हैं। हिमाचल फाइन ब्लैंकस, परवाणू, मैसर्ज अमृत वनस्पति, राजपुरा, आर्डिनैंस केबल फैक्टरी जैसे उद्योगों और संगठन के अनुसंधान व विकास कार्यक्रमों के लिए ये परीक्षण किए गए है।

यहां निरन्तर प्रयुक्त की जा रही अन्य सुविधा ताप उपचार की है। यह सुविधा प्रमुख रुप से हैडअप डिस्पले संघटकों, एल्युमीनियम के हिस्सों, कॉपर बेरीलियम संघटकों, उच्च कार्बन स्टील को कठोर करने इत्यादि जैसी संगठन की परियोजनाओं में प्रयुक्त की जा रही है।

सामग्री विश्लेषणों के लिए उपलब्ध उपस्कर

- माइक्रोप्रोसैसर आधारित सी एण्ड एस एनालाइज़र
- गैस क्रोमैटोग्राफ एच पी 6890 प्लस सीरीज़
- UV- विज़िबल स्पैक्टोफोटोमीटर
- पोटैंशियोस्टैट / गलवैनोस्टैट
- सूक्ष्म कठोरता परीक्षण (रूस निर्मित मॉडल 1970)
- ताप उपचार भट्टी
- टैंसिल टैस्टिंग मशीन
- एटोमिक एब्ज़ोरप्शन स्पैक्ट्रोफोटोमीटर

6.4 उपलब्ध / विकसित की गई प्रमुख सुविधाएं

द्रव्य नाइटोजन सुविधा

स्वचालित द्रव्य नाइट्रोजन संयंत्र एक उत्पादन इकाई है,

जिसमें शुद्ध नाइट्रोजन गैस को प्राप्त करने के लिए मोलिक्यूलर, वायु पृथक्करण प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। इस शुद्ध गैस को बाद में क्रायोजेनेरटर के द्वारा द्रव्य रुप में लाया जाता है। इस संयत्र में निम्नलिखित मोड्यूल है :– *[चित्र पृष्ठ – 53 पर संलग्न है]*

- नाइट्रोजन सप्लाई मोड्यूल, जो नाइट्रोजन द्रव्यीकरण इकाई में 8-10 बार के दबाव और कमरे के तापमान पर शुद्ध नाइट्रोजन गैस का उत्पादन करता है।
- नाइट्रोजन द्रव्यीकरण इकाई क्रायोजेनेरेटर से युक्त है।

क्रायोजेनरेटर गैस रुप में नाइट्रोजन को तब तक ठंडा करता है, जब तक यह संघनित होने के तापमान पर नहीं पहुंच जाती। संघनित दाब नाइट्रोजन सप्लाई मॉड्यूल के आउटलेट पर लगे दाब रैग्यूलेटर से बनाए रखा जाता है। द्रव्य नाइट्रोजन को एक पात्र में रखा जाता है।

विशिष्टियां

मॉडल	:	MNP-10/1/200
द्रव्य नाइट्रोजन उत्पादन क्षमता	:	10 लीटर/घंटा
शुद्धता	:	99% से अधिक
शोर स्तर	:	67 dbA

इस प्रकार से उत्पादित द्रव्य नाइट्रोजन सरकारी एवं अनुसंधान व विकास प्रयोगशालाओं को रूपए 20/- प्रति लीटर की दर पर सप्लाई की जा रही है।

ग्लास ब्लोइंग

वैज्ञानिक ग्लास ब्लोइंग अनुभाग सम्पूर्ण ग्लास सुविधाओं से सज्जित है। अनुसंधान एवं विकास के लिए विभिन्न प्रकार के ग्लास के वैज्ञानिक उपकरणों के विकास से संबधित सभी प्रकार का कार्य यहां किया जा रहा है। उपलब्ध विशेषता के अनुसार निम्नलिखित के निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

1. ग्लास उपस्कर
2. ग्लास से धातु सील (टंगस्टन एवं कोवर)
3. निर्वात सीलिंग
4. पारा आसवन प्रणाली
5. कम दाब पर गैस फिलिंग

आर एण्ड डी प्रयोगशालाओं व विश्वविद्यालयों के ग्लास ब्लोइंग संबंधी कार्य भी किए जाते हैं।

प्रेरक युक्त प्लाज़्मा एटोमिक एमिशन स्पेक्टोफोटोमीटर

प्रेरक युक्त प्लाज़्मा एटोमिक एमिशन स्पैक्ट्रोफोटोमीटर (ICP-AES) एक एटोमिक एमिशन स्पैक्ट्रोस्कोपिक तकनीक है, जो ट्रेस एलिमेंट विश्लेषण के लिए प्रयुक्त की जाती है। एक उच्च ऊर्जा नियंत्रित रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) जनरेटर प्लाज़्मा उत्पादित करने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। क्षेत्र से गुज़रने वाली आर्गन गैस आंशिक रुप से आयनीकृत होकर प्लाज़्मा बन जाती है। परीक्षण किए जाने वाले सैम्पल को नेबूलाइज़र के माध्यम से एटमाइज़र (प्लाज़्मा टॉर्च) में डाला जाता है। नेबूलाइज़र सैम्पल में घोल को एरोसोल में बदल देता है। एटमाइज़र से एरोसोल उत्प्रेरित अणु में परिवर्तित हो जाती है। उत्प्रेरित अणुओं से हल्के फोटोन निकलते हैं, जिनका तरंगदैर्घ्य सैम्पल में उपस्थित तत्व के तरंगदैर्घ्य के समान होता है। पूर्णरूप से आरेखित प्रकाशिकी प्रणाली ग्रेटिंग सतह पर उपलब्ध प्रवेश छिद्र के माध्यम से निकलने वाले प्रकाश को संधानित कर देती है। ग्रेटिंग प्रकाश को तरंगदैर्घ्य मे अनुसार विवर्तित कर देती है। प्रत्येक तरंगदैर्घ्य की उपस्थिति तत्व का मात्रात्मक मापन होता है। फोटोमल्टीप्लायर ट्यूब्ज़ विवर्तित प्रकाश फोटोन को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर देती हैं। जिनकी तीव्रता स्पैक्ट्रमी लाइनों की तीव्रता के अनुपात में होती है। यह प्रणाली सैम्पल को केवल घोल के रुप में होने पर ही विश्लेषित कर सकती है। रिकॉर्ड प्रणाली संकेतों को अपेक्षित सांद्रता में परिवर्तित पर देती है, रिकॉर्डिंग एवं डैटा प्रक्रमण प्रणाली संघनता सबंधी सूचना को आवश्यक रुप में परिवर्तित कर देती है।

विशिष्टियां

Jobin-yvon	:	JY/124, Sequential
स्पैक्ट्रल परास	:	160nm-800nm
उत्प्रेरण स्त्रोत	:	RF जनरेटर फ्रीक्वेंसी 40.68MHz, 2.5KW
नेबूलाइज़र	:	न्यूमैटिक कन्सैन्ट्रिक
कुल कीमत	:	FF310800
प्रदान की जाने वाली सेवाएं	:	मानव संसाधन विकास सभी प्रकार के द्रव्य सैम्पलों में एलिमेंटल विश्लेषण

पर्यावरण मॉनिटरिंग उपकरण

पर्यावरण मॉनिटरिंग उपकरण प्रभाग मानक ध्वनिस्तर मापकों के प्रयोग द्वारा व्यवसायिक/औद्योगिक, आवासीय परिसरों में शोर के मापन के लिए भली प्रकार से सज्जित परिसरों में उपकरण ±1db रेज़ोल्यूशन के भीतर एनालॉग और डिजिटल फॉर्म A, B और C वेटिंग में 30db-150db तक की तीव्रता स्तर को माप सकता है। अंशांकन की सुविधा इन उपकरणों के भीतर ही होती है। *[चित्र पृष्ठ – 54 पर संलग्न है]*

इमारतों के भीतर मॉनीटरिंग कार्यक्रम के अर्न्तगत 0.3 माइक्रोमीटर से 10 माइक्रोमीटर अणु आकार में फेफडों के भीतर धूल के स्तर को मापने की सुविधाएं भी है।

राष्ट्रीय एसफेरिक सुविधा

इस सुविधा का प्रमुख उद्देश्य वैज्ञानिक, औद्योगिक और सुरक्षा प्रयोगों और सामाजिक कार्यक्रमों में प्रकाशिकी उपकरण विन्यास में प्रयोग होने वाली अगोलीय सतहों का निर्माण और परीक्षण है। इसकी विशिष्टियां निम्न प्रकार से हैं:

अनुपमता

नगर प्रशासन क्षेत्र में यह एक अनुपम सुविधा है।

उपभोक्ताओं को लाभ

यह सुविधा प्रकाशिकी उपकरण विन्यास संघटकों की संख्या को कम करके, स्थान की बचत करके उनके आकार और प्रकाशिकी प्रणालियों के बजट को कम करके अनुपम सहायता प्रदान करती है। अन्तरिक्ष एवं वांतरिक्ष प्रयोगों के लिए प्रकाशिकी उपकरणो में ये विशेषताएं बहुत अनिवार्य है।

त्रिआयामी समन्वित मापन मशीन

यह मशीन उच्च परिशुद्धता के अभियांत्रिक संघटकों, जो वैज्ञानिक उपकरणों और विशेष रुप से प्रकाश--अभियांत्रिक प्रणालियों और प्रीसिज़न इन्जीनियरिंग उत्पादों के लिए अपेक्षित होते हैं, के निर्माण के विस्तृत इंजीनियरिंग मापन के लिए प्रयोग में लाई जाती है। यह मशीन मैनुअल और CNC मोड–दोनों में प्रयुक्त की जा सकती है।

थ्रैड ग्राइंडिंग

थ्रैड ग्राइंडिंग मशीन 'मैट्रिक्स' (Swiss निर्मित) की परिकल्पना ट्रांसमिशन मशीनों में न्यूनतम जोड़ों के प्रयोग के लिए की गई है, जिससे कि मशीनिंग के दौरान अधिक विश्वसनियता, कम संचयित त्रुटियां और परिशुद्धता प्राप्त हो सके।

विशिष्टियां

बाहरी ग्राइंडिंग के लिए

केन्द्रों के मध्य	11 इंच (279mm)
स्विंग	7 इंच (180mm)
थ्रैडिंग क्षमता	7 इंच (180mm)

भीतरी ग्राइंडिंग के लिए

3/4 इंच (19 mm) व्यास से लेकर अधिक की थ्रैडिंग क्षमता

होब्स और टैप्स के लिए

रिलीफ ग्राइंडिंग क्षमता	अधिकतम 12 बांसुरियों पर 0.75mm

होबिंग मशीन

होबिंग मशीन "MIKRON" (Swissनिर्मित) पहियों और गरारियों की सीधे दातों की होबिंग के लिए उपयुक्त है। सीधे आकार के स्वनिर्माण होब्स कटर के प्रयोग से आरीदार दांतों की होबिंग इसकी मुख्य विशेषता है। इस प्रकार से बनाए गए दांते अधिचकज आकार के होते है। बनाए जाने वाले दांतों की संख्या की दृष्टि से होब्स की अपनी कुछ निश्चित सीमाएं है। इसकी सहायता से किनारेदार पहियों के इन्डैक्सिंग गियर, धुमावदार आरियों और चेन व्हीलस के समान विशेष दांते भी बनाए जा सकते है। *[चित्र पृष्ठ - 55 पर संलग्न है]*

विशिष्टियां

पहिए का काटा जाने वाला अधिकतम व्यास :	1.9/16 इंच (40mm)
होब का अधिकतम पथ :	1.13/16 इंच (46mm)
जॉब की अधिकतम लम्बाई :	3 इंच (74mm)
अधिकतम पिच :	26 DP
दांतों की संख्या :	6 से 390

जिग बोरिंग

जिग बोरिंग मशीन "ACIERA" की परिकलपना इस प्रकार से की गई है कि यह सही स्थान पर एक समान सही छिद्र कर सकती है। इसका अंकीय मीटर इसकी समन्वय धूरियों (X,Y और Z) के सही प्रदर्शन में सहायता करता है। समायोजकों का डाटा किसी भी आपेक्षित बैच उत्पादन के लिए स्टोर किया जा सकता है। यह मशीन बड़े पैमाने पर संघटको के निर्माण के लिए जिग्स और फिक्सचर्स के निर्माण के लिए बहुत उपयोगी है। रोटरी/एंग्युलर और कार्टिज़ियन समायोजन प्रणालियां सही स्थिति निश्चित करने और छिद्र बनाने के प्रयोग में लाई जाती हैं। यह मशीन आवश्यकतानुसार रेफ्रेंसं सरफेस की मिलिंग के लिए भी उपयोगी है। *[चित्र पृष्ठ - 55 पर संलग्न है]*

7.1 उद्योगों को हस्तांतरित प्रौद्योगिकी

संस्थान में सृजित तकनीकी जानकारी के उपयोग हेतु औद्योगिक उत्पादन इकाइयों तथा प्रयोक्ताओं से मेलजोल सदैव बनाए जाते रहे हैं। रिपोर्ट की अवधि में संस्थान में विकसित 5 प्रौद्योगिकियों को उद्योग को हस्तांतरित किया गया :

माइक्रो हार्डनेस टेस्टर

डी.एस.टी. के छारा प्रायोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान में ''माइक्रो हार्डनेस टैस्टर उपकरण का विकास हुआ है। यह एक सस्ता ''प्रकाश यांत्रिकी उपकरण है जो धातु/मिश्र धातु, धातु में विद्यमान विभिन्न धात्विक अवयवों, पतले तार तथा धात्विक चादर, डिफ्यूजन कोटिंग, नाईट्रायड अवयवों का सतही गहराई इत्यादि के कठोरता को माईक्रो विकर पैमाने में माप सकता है। इससे कठोरता–मापन में एक डायमण्ड इन्डेटर को मापी पदार्थों पर दबाया जाता है और विकर्णीय अक्षत पर पड़ने वाले दाब का रैखिय मान पढ़ लेता है।

इस उपकरण का तकनीकी हस्तांतरण मै० वैसेशिका एलेक्ट्रान डिवाइसेस, 38 इन्डस्ट्रीयल एस्टेट, अम्बाला कैंट को 15.9.2001 को प्रदान किया गया।

संशोधित लेथ टूल पोस्ट

इण्डो स्विस प्रशिक्षण केन्द्र में संस्थान के अन्तर्गत कार्यक्रम के तहत संशोधित लेथ टूल पोस्ट की तकनीक का विकास किया गया है, जिसका उपयोग औद्योगिक स्तर पर बहुत महत्त्वपूर्ण है। टूल पोस्ट एक छोटा सुविधाजनक उपस्कर है, जिसका प्रयोग मुख्यतः लेथ मशीन में होता है। यह क्रास स्लाइड तथा कटिंग टूल के बीच में लगाया जाता है। इसके द्वारा टूल्स को इस भाति बांधा जाता है, जिसमें टूल्स की नुकीली भाग की उंचाई आवश्यकतानुसार बढ़ाई–घटायी जा सकती है, ताकि टूल्स को लेथ के केन्द्रीय अक्ष पर सुविधाजनक तरीके से लगाया जा सके।

इस उपक्रम को शेपर प्लेनर इत्यादि बड़ी मशीनों पर भी लगाया जा सकता है। यह अत्यन्त सस्ता उपक्रम है जिसका तकनीकी हस्तांतरण मै० आर एस इंजनियरिंग वर्क्स, बटाला (पंजाब) को प्रदत्त किया गया है। यह हस्तांतरण 12.9.2001 को परिसर में किया गया।

7.3 पोर्टेबल स्टैक ओपेसिटी मॉनीटर

औद्योगिक परिसरों में चिमनी से निःसृत धूम्र घनत्व की प्रतिशत मात्रा को ज्ञात करने के लिए यह अत्यन्त उपयोगी उपकरण है जो वायु प्रदूषण के नियंत्रण में कारगर है। इसमें चिमनी से निकलता धूंआ प्रकाश तथा संवेदक के बीच से गुजारा जाता है। उपकरण प्रकाश शोषण के सिद्धांत पर कार्य करता है। इस उपकरण के विकास में डी एस टी नई दिल्ली से वित्तीय सहायता मिली है। इसका तकनीकी हस्तांतरण मै० वायुबोधन उपकरण प्रा० लि०, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली को 12.9.2001 को प्रदान किया गया । इस उपकरण का निर्माण बाजार में पर्यावरण नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत शीघ्रातिशीघ्र होने वाला है।

ऊर्जा मॉनीटरिंग एवं संरक्षण के लिए ऑन लाइन विश्लेषक

इसका विकास चेन्नै सैंटर के तत्वाधान में गृह कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। इसका तकनीकी हस्तांतरण मै० एनर्जी ने प्रा०लि० चैन्ने को प्रदान किया गया है।

ग्लो डिस्चार्ज लैम्प – एटोमिक एमीशन स्पेक्टोमीटर

इस उपकरण में ग्लो डिस्चार्ज लैंप से निसृत नियंत्रित कैथोड स्पटरिंग किरणों को जांचे जाने वाली धात्विक सतहों पर बौछार करायी जाती है, जो धातु के बड़े भूभाग पर पड़ता है। इन किरणों की बौछार में जांचे पदार्थ को चालक/कुचालक सतह पाउडर एलेक्ट्रोड के सम्पर्क में रहता है और क्रिया में धनात्मक आर्गन आयन का निःसरण होता रहता है। स्पार्क स्पैक्ट्रोमीटर की तुलना में इसमें प्रकाशीय किरणें काफी पतली और निश्चित होती है। इससे माप के वियोजन में काफी संशोधन मिलता है। स्पार्क स्पेक्ट्रोमीटरी की तुलना में इस माप विधि में धातु के बनावट के कारण प्रकाशकीय उत्तेजना पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। स्त्रोत के रखरखाव उत्तेजना और परीक्षण में लाये जाने वाले पदार्थ के लिए अगला दरवाजा क्रास में लाया जाता है। नमूने पर जब ऑयन का घातीय हमला होता है तब इसके सतह से मिश्रक धातु का निःसरण लगातार रूप से होने लगता है। आर्गन आयन तथा धात्विक उत्सर्जन कणों के बीच प्रतिक्रिया से प्रकाश निकलता है। प्रकाश की उत्सर्जित किरणों का दैर्ध्य मिश्रण धातु की भिन्नता/अवयवों के बनावट क्रम पर निर्भर करता है, जो इस प्रकार के स्पैक्ट्रम एनालाईज़र से विश्लेषित किया जा सकता है।

इस उपकरण के विकास में डी एस टी से वित्तीय सहायता मिली। इस उपकरण का तकनीकी हस्तांतरण मै० एलीको, हैदराबाद को 7.11.2001 को प्रदान किया गया।

7.2 व्यवसाय विकास एवं विपणन

हस्तांतरित प्रौद्योगिकियां

कमांक	उपकरण/प्रौद्योगिकी का नाम	किस पार्टी को दी गई	हस्तान्तरण की विधि	समझौते की तिथि
1.	ऊर्जा मॉनीटरिंग एव संरक्षण के लिए ऑन लाइन विश्लेषक	मैसर्ज़ एगेट एनर्जी नेटवर्क प्रा० लि०, चेन्नै	सीधे सीएसआइओ के द्वारा	
2.	संशोधित लेथ टूल पोस्ट (ISTC)	मैसर्ज़ आर एस इंजीनियरिंग वर्क्स, बटाला (पंजाब)	सीधे सीएसआइओ के द्वारा	1 सितम्बर, 2001
3.	सुवाहय स्टैक ऑपेसिटी मॉनीटर	मैसर्ज़ वायुबोधन उपकरण प्रा० लि०, दिल्ली	सीधे सीएसआइओ के द्वारा	12 सितम्बर, 2001
4.	माइको हार्डनैस टेस्टर	मैसर्ज़ वैसेशिका इलैक्ट्रॉन डिवाइसिस, अम्बाला	सीधे सीएसआइओ के द्वारा	15 सितम्बर, 2001
5.	ग्लो डिस्चार्ज लैंप	मै. एलिको लि. हैदराबाद	वही	7 नवंबर, 2001

7.3 फाइल किए गए पेटेण्ट

कमांक	शीर्षक	आवेदन करने की तिथि	देश
1.	ए न्यू प्रोसैस फॉर लोअरिंग द मैटर्नसिटिक ट्रांसफोर्मेशन टैम्प्रेचर (As) इन द Cu-Zn-Al (6%Al) शेप मैमरी एलॉय फॉर इट्स यूटिलाइज़ेशन	22.10.2001	PCT
2.	इम्प्रूवड वर्सन ऑफ सैमी ऑटोमैटिक पिक एण्ड प्लेस मशीन फॉर सर्फेस माउंट डिवाइसिस (SMD) एण्ड फाइन विच कॉम्पोनैंट्स	17.10.2001	PCT
3.	फाइबर ऑप्टिक टैम्प्रेचर स्विचिंग इमरशन प्रोब	27.03.2002 28.03.2002	PCT US
4.	ए न्यू प्रोसैस फॉर कन्ट्रोलड बल्ड ट्रांसफ्यूज़न विद डिस्पोज़ेबल वाल्व सर्किट	26.03.2002 22.03.2002	PCT US
5.	एन इम्प्रूवड एन्टीग्लेयर डिवाइस फॉर ऑटोमोबाइल यूज़फुल डयूरिंग नाइट ड्राइविंग	11.02.2002 27.02.2002 25.02.2002 09.02.2002 06.02.2002	ऑस्ट्रेलिया कनाडा चीन साउथकोरिया जर्मनी
6.	सेफ्टी चक की	प्रतीक्षित	US

कुल = 12 (विदेशी)

7.3 समझौतों पर हस्ताक्षर

उन्नत हल्के हैलिकॉप्टरों के लिए फ्लाइ – बाइ – लाइट टेल रोटोर व नियंत्रण प्रणाली के विकास के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लि० (HAL), बंगलौर के रोटरी विंग रिसर्च एण्ड डिज़ाइन सैंटर एवं केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़ के बीच उन्नत हल्के हैलिकॉप्टर (ALH) के लिए फ्लाइ–बाइ–लाइट–टेल रोटोर नियंत्रण प्रणाली के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री के एस सुधिन्द्र, कार्यकारी निदेशक, एचएएल ने एचएएल के लिए एचएएल की ओर से एवं श्री आर एस अंतिल, प्रशासन नियंत्रक, के.वै.उ.सं. एवं श्री के के लखनपाल, वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी ने संगठन के लिए संगठन की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर श्रीमती एस तनमोझी, प्रमुख प्रबन्धक, डिज़ाइन, एचएएल एवं श्री जे के छाबड़ा, वैज्ञानिक, केवैउसं एवं परियोजना प्रमुख भी उपस्थित थे।

संगठन ने रेल मंत्रलय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

रिसर्च, डिज़ाइन एण्ड स्टैंडर्डज़ आर्गेनाइज़ेशन (RDSO), रेल मंत्रालय एवं केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़ के बीच 'ऑसिलेशन मॉनीटरिंग सिस्टम' की परिकल्पना एवं विकास के लिए 21 फरवरी, 2002 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डॉ० रामप्रकाश बाजपेयी, निदेशक, केवैउसं एवं डॉ० हरि मोहन, महानिदेशक, आरडीएसओ, लखनऊ ने समझौता दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए।

आरडीएसओ भारतीय रेलवे का एकमात्र आर एण्ड डी संगठन है, जो सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के लिए तकनीकी सलाहकार एवं परामर्शदाता के रूप में कार्य करता है। सम्पूर्ण भारतीय रेलवे का अभिग्रहण, समावेशन एवं विकास इसका एक महत्त्वपूर्ण कार्य है। यह पटरियों की स्थिति एवं उन पर चलने वाले डिब्बों के व्यवहार की मॉनीटरिंग के लिए एक अनुरक्षण कार्यक्रम तैयार करने के लिए इंजीनियरिंग विभाग को सुवाह्य ऑसिलेशन मॉनीटरिंग प्रणालियां उपलब्ध करवाता है। इस समझौते के अन्तर्गत विकसित की जाने वाली नई प्रणाली वर्तमान प्रणाली का संशोधित रूप होगी। वज़न में हल्की और सुगठित इस नई प्रणाली की डैटा भण्डारण क्षमता विशाल होगी। बिजली की कम खपत वाली यह प्रणाली अत्यधिक विश्वसनीय भी होगी। संगठन द्वारा विकसित की जाने वाली प्रणालियां आधुनिकतम प्रौद्योगिकी (Micro-Controller) पर आधारित होंगी और इन्हें चलाना बहुत सरल होगा। यह एक अत्याधुनिक उपकरण होगा। संगठन की ओर से अनुसंधान दल का नेतृत्व डॉ० एम ए शम्शी, वैज्ञानिक प्रभारी, भू–वैज्ञानिक उपकरण प्रभाग करेंगे। रेलवे की ओर से श्री एस के मदान, कार्यकारी निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, आरडीएसओ, लखन दल का नेतृत्व करेंगे।

यह प्रणाली रेल मंत्रालय को पटरियों की स्थिति की निगरानी और डिब्बों में सवारी की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता करेगी। यह प्रणाली सवारी की सुविधा एवं यात्रा की सुरक्षा में सुधार लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भविष्य में किए जाने वाले R&D कार्य में पहियों के तापमान का दूरी से पता लगाना, विभिन्न रेलवे प्रयोगों के अनुरूप हो सकनेवाली कम्प्यूटर आधारित डाटा प्रणालियां, बिना कर्मियों वाले रेलवे क्रासिंग के लिए भू–वैज्ञानिक सचेतन प्रणाली आदि शामिल है।

राष्ट्रीय संस्थान सीएसआईओ तथा पंजाब विश्वविद्यालय के बीच अनुसंधान तथा शैक्षणिक कार्यों में आपसी सहयोग की दिशा में एक समझौता ज्ञापन हस्तांतरण हुआ। प्रयुक्त मानवीय जिनोम अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र पंजाब विश्वविद्यालय में स्थापित इस विषय पर दोनों संस्थान सहयोगपूर्वक काम करेंगें। पंजाब विश्वविद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता एवं केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन की अत्याधुनिक उपकरण सुविधा तथा गुणवत्ता तकनीकी मानव क्षमता के बल पर इसको प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित किया जा सकेगा। डॉ० रामप्रकाश बाजपेयी, निदेशक, सीएसआईओ तथा डॉ के एन पाठक, उपकुलपति पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ ने मिलकर इस समझौते पर 16.5.2001 को दस्तखत किए। प्रथम रूप में यह आने वाले पांच वर्षों के विश्वविद्यालय तथा सीएसआईओ के बीच समझौता ज्ञापन

पंजाब विश्वविद्यालय तथा सीएसआईओ ने अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यों में सहयोग के मुद्दे पर विचार विमर्श किया। पूर्व के समझौते पर हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप ही दोनों संस्थानों ने श्रेष्ठता तथा गुणवत्ता पूर्ण राष्ट्रहित में मानव क्षमता के विकास को परखा और इसकी उपयोगिता को महसूस किया। 1995-99 तक के समझौते के अन्तर्गत प्राप्त श्रेष्ठ परिणामों को ध्यान में रखकर इस समझौते की अवधि को 2001-2006 तक के पांच वर्षों की अवधि तक बढ़ा दिया गया है।

इस समझौते का निम्न उद्देश्य है:–

- दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधा समान रूप से दोनों को प्राप्य रहेगा।
- अनुरोध पर सीएसआईओ वैज्ञानिक विश्वविद्यालय के शिक्षण कार्यों में सहयोगी रहेगें।
- उपकरण विकास की दिशा में डाक्टरेट की उपाधि में यह समझौता सहयोगी कारगर रहेगा।
- डाक्टरेट की उपाधि प्रदान कराने के कार्यों में सीएसआईओ वैज्ञानिकों की प्रमुखता मान्य होगी।
- एम.टैक तथा पी.एचडी. (इन्स्ट्रुमैंटेशन) कोर्स के अन्तर्गत समस्त नामित विद्यार्थियों को दोनों संस्थानों के

पुस्कालयों की सुविधा प्रदत्त रहेगी।

- आपसी समझौते के आधार पर पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में सीएसआईओ के वैज्ञानिक उपकरण अनुसंधान संबंधित अन्यान्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोगी बनेगें।
- दोनों संस्थान मिल–जुलकर इन्स्ट्रुमैंटेशन के क्षेत्र में मानव संसाधन एवं दक्षता विकास में शैक्षणिक कार्य, संगोष्ठी तथा अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यों के माध्यम से सहयोगी रहेगें।
- दोनों संस्थान एम.टैक (उपकरण) कोर्स के अन्तर्गत आपसी शैक्षणिक कार्यों में मद्दगार बनेगें तथा विचार–विमर्श करेंगें।
- भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप इस कोर्स में भी 10 सामान्य तथा तीन आरक्षित सीट पर मौखिक तथा लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति है। सीएसआईओ इस कोर्स के प्रवेश परीक्षा में अनुबंधित रहेगा। नियमानुसार *गैट* परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभागी/प्रशिक्षणार्थी को यूजीसी द्वारा उपलब्ध छात्रवृति प्राप्त होगी।
- इन उद्देश्यों की प्राप्ति में प्रयोगार्थ प्रोटोटाइप मॉडल उपकरण तथा शिक्षण सामग्री सीएसआईओ सुविधानुसार त्रटण रूप में उपलब्ध कराएगी।

इस समझौते पर निदेशक, सीएसआईओ तथा उपकुलपति पंजाब विश्वविद्यालय के बीच 4.4.2001 को चण्डीगढ़ में हस्ताक्षर हुए।

डीएसटी सहयोगी परियोजनाओं पर कार्यान्वयन संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर।

उपरोक्त विषय पर एक समझौता प्रपत्र बनाया गया तथा सीएसआईओ, आईआईएमएस, दिल्ली, आईआईटी, दिल्ली, पीजीआई, चण्डीगढ़ के कार्यरत परियोजना अधिकारियों के बीच 11.2.2002 को इस पर स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना में चार संस्थानों द्वारा चलाए जा रहे *शून्यीकरण के लिए ग्राह्य न्यूरो नियंत्रक* का विकास शामिल है। इस समायोजित परियोजना के अन्तर्गत मुख्यतः उपकरण विकास, अभियंत्रणा, शल्यक्रिया के अन्तराल मानवी परीक्षण आंकड़ों की प्राप्ति तथा प्रदत्त शून्यीकरण दवा की मात्रा का अनुमान शामिल है। इस दिशा में परियोजना संचालकों का प्रयास होगा कि इस विधि तथा कार्यप्रणाली को गुणोत्तर बनाया जाए तथा पेटेंट आंकड़े समायोजित तथा संकलित किया जाए।

7.4 केवैउसं को ISO-9002 प्रमाणपत्र

ISO-9002 गुणवत्ता प्रणाली का उद्देश्य प्रबंधन प्रणाली में सुधार, उपभोक्ता की संतुष्टी को सुनिश्चित करना और लागत प्रभावकता के लिए गुणवत्ता स्तर प्राप्त करना है। ये मानक गुणवत्ता प्रणाली के प्रबंधन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सहमति से बनाए गए मार्गदर्शक नियम हैं और ये ISO-9001, 9002, 9003 अथवा 9004 के रूप मे गुणवत्ता प्रबंधन मॉडल के चयन में सहायता करते हैं। मॉडल का चयन उत्पाद की प्रकृति, उत्पादन, प्रक्रिया और सर्वाधिक उपभोक्ता की आवश्यकता पर निर्भर करता है।

ISO-9000 गुणवत्ता प्रबंधन एवं गुणवत्ता आश्वासन के मानक

ISO-9001 परिकल्पना विकास, उत्पादन अधिष्ठापन एवं सर्विसिंग में गुणवत्ता आश्वासन के क्वालिटी सिस्टम मॉडल

ISO-9002 इस गुणवत्ता प्रणाली का उद्देश्य उत्पादन एवं अधिष्ठापन के दौरान किसी भी विषमता को रोकना एवं पता लगाना और इस विषमता को रोकने के उपाय करना।

ISO-9003 यह गुणवत्ता प्रणाली उन गुणवत्ता प्रणाली की विशेषताओं को निर्धारित करती है, जिनमें समझौते के अनुसार किसी भी उत्पाद के अन्तिम निरीक्षण एवं परीक्षण के दौरान मानकों के अनुरूप न पाए जाने की संसूचना और नियन्त्रण की क्षमता का प्रदर्शन आवश्यक होता है।

ISO-9004 यह गुणवत्ता प्रबन्धन गैर संविदागत परिस्थितियों पर लागू होता है। यह मूलभूत विशेषताओं को वर्णित करता है, जिसके अनुसार सप्लायर गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों को विकसित एवं लागू कर सकता है।

ISO-9001 की संरचना अपरिवर्तित रहती है और ISO-9002 व ISO-9003 के खण्डशीर्ष ISO-9001 के साथ सम्मिलित कर दिए गए हैं और शीर्ष सभी मानकों में एक समान होते हैं।

अक्तूबर, 1996 में बताया गया कि 2 वर्षों के भीतर ISO-9002 प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए चयन की गई 10 प्रयोगशालाओं में केवैउसं, चण्डीगढ़ भी है। तदनुसार ETDC, मोहाली के योग्य मार्गदर्शन में संबंधित दस्तावेज़ तैयार करने के प्रयास किए गए। प्रबंधन प्रतिनिधि के सेवानिवृत्त हो जाने के कारण दस्तावेज़ तैयार करने का काम पूरा नहीं हो पाया। संगठन निदेशक डॉ० आर पी बाजपेयी के स्पष्ट दृष्टिकोण के चलते ISO-9000 प्रमाणन का कार्य एक बार फिर शुरू किया गया। गुणवत्ता पुस्तिका कार्यकारी प्रक्रियाओं और प्रचालन प्रक्रियाओं जैसे दस्तावेज़ों पर एक बार पुनः कार्य शुरू कर उन्हें पूरा किया गया। अक्तूबर, 2001 में STQC प्रमाणन सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली में ISO-9002 के प्रमाणन के लिए एक औपचारिक आवेदन दिया गया।

निर्धारकों/लेखा परीक्षकों के दल ने लेखा परीक्षण और निगरानी के माध्यम से गुणवत्ता प्रणाली में सुधार के लिए अनेक बार संगठन का दौरा किया। ये अत्यन्त सम्मान और

गर्व की बात है कि अन्ततः 18 मार्च, 2001 को संगठन को अपने 3 प्रभागों – CMW, ISTC और मानक एवं अशांकन प्रभाग को ISO-9002 प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। यह आन्तरिक लेखा परीक्षकों और संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों के ईमानदार प्रयासों, समर्पण और कठोर परिश्रम का ही परिणाम था।

ISO-9002 प्रमाणपत्र से संस्था की छवि में सुधार हुआ है। अब इसके कामकाज का समय–समय पर विश्लेषण किया जाता है। कर्मियों के दायित्वों एवं प्राधिकारों को सुनिश्चित किया जाता है और संस्था के अनुभवों को प्रलेखबद्ध किया जाता है।

संस्थागत गुणवत्ता विधि

संगठन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक उपकरणों के अनुसंधान, परिकल्पना और विकास कार्य के द्वारा मरम्मत, अनुरक्षण, परीक्षण एवं अंशाकन की सेवाएं प्रदान करने तथा उपकरण के क्षेत्र में व्यवसायिक मानकों व प्रयोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप कुशल तकनीकी कौशल के विकास के द्वारा उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में श्रेष्ठता प्राप्त करने के कड़े प्रयास करेगा।

संस्थागत गुणवत्ता उद्देश्य

निश्चित किए गए गुणवत्ता उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

व्यवसायिक मानकों के अनुरूप वैज्ञानिक एवं औद्योगिक उपकरणों एवं संघटकों के क्षेत्र में अनुसंधान, परिकल्पना और विकास का कार्य करना।

- प्रयोक्ता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिक विकास और उपकरणों की मरम्मत, अनुरक्षण, परीक्षण और अंशाकन सहित सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना।
- प्रौद्योगिक विकास के दृष्टिगत उच्च गुणवत्ता शिक्षा के माध्यम से उद्योगों एवं संगठनों के लिए संसाधन के रूप में कुशल तकनीकी मानव शक्ति का विकास करना।
- संस्थान के वर्तमान कर्मियों की वर्तमान क्षमता में वृद्धि के लिए उन्हें आधुनिकतम प्रौद्योगिकी से परिचित करवाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण एवं पुनः प्रशिक्षण प्रदान करना।

प्रचालन प्रकियाएं :

ये वे प्रलेखबद्ध प्रक्रियाएं हैं, जो मशीन अथवा व्यवस्था को चलाती हैं। ये दस्तावेज वितरण सूची के अनुसार स्टाफ सदस्यों में वितरित एवं नियंत्रित कर दिए जाते हैं। प्रचालन प्रकियाएं कामकाज संबंधी मार्गदर्शक नियम हैं, जिन्हें समयानुसार आवश्यकता पड़ने पर संशोधित एवं अधुनातन बनाया जाता है।

ISO प्रणालियों के लाभ

ISO गुणवत्ता प्रणाली के विभिन्न लाभ होते हैं। ये आत्मविश्वास जागृत करती हैं, उपभोक्ताओं को सन्तुष्टि प्रदान करती हैं और लागत प्रभावी होती हैं। इनके निम्नलिखित लाभ हैं:

- इससे सही परिणाम प्राप्त करने के लिए कार्यों की पहचान करने, उनकी योजना बनाने और उनकी कार्यकारिता की विधियों में सहायता प्राप्त होती है।
- यह समस्याओं की पहचान करने, उन्हें सुलझाने और उन्हें पुनः उपस्थित होने से रोक कर मानक अनुरूपता में सुधार के साधन प्रदान करती है।
- यह प्रणाली स्टाफ को अपने कर्मियों को नियंत्रित करने और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में सहायता प्रदान कर उन्हें अपने कार्य के प्रति सन्तुष्ट होने में सहायता करती है।
- यह कंपनियों के अनुभवों को आलेखबद्ध करने और उन्हें अपने कामकाज में सुधार लाने की विधि प्रदान करती है।
- इसके द्वारा उपलब्ध करवाए जानेवाले आंकड़े कामकाज के संसूचकों के रूप में प्रयोग किए जा सकते हैं। यह उत्पाद की गुणवत्ता और प्रणाली की प्रभावोत्पादकता के प्रदर्शन के ठोस प्रमाण प्रस्तुत करती है, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास स्तर बढ़ता है।

7.5 आण्विक बल सूक्ष्मदर्शी (AFM) की तकनीकी जानकारी का हस्तांतरण

संगठन में विकसित किए गए AFM का प्रोटोटाइप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के साथ एक समझौते के अन्तर्गत रूपए 1,50,0000/- की कीमत पर भौतिकी विभाग, भर्तृहरि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर को दे दिया गया है। इससे प्राप्त हुई राशि को संगठन AFM के संशोधित संस्करण के विकास में प्रयोग कर रहा है।

7.6 2001-2002 के दौरान विकसित प्रौद्योगिकियां

1. डिजिटल एफलोटॉक्सिन मीटर
2. स्वर्ण विश्लेषक
3. भू–तकनीकी प्रयोगों के लिए बहुप्रयोगी, क्षेत्र में प्रचालन क्षम डाटा रिकॉर्डर एवं एनालाइज़र
4. डिजिटल अन्न विश्लेषक
5. रिह्योमीटर
6. डिस्पर ग्राफ

8.0 कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां

8.1 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

संगठन में 28 फरवरी, 2002 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक *ओपन डे* रखा गया, जिसके अन्तर्गत संगठन की सभी प्रयोगशालाएं आम जनता के लिए खुली रखी गईं। विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं अन्य जनता ने संगठन की विभिन्न प्रयोगशालाओं को देखा और उन्हें संगठन में विकसित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी गई।

इसी दिन दोपहर बाद डा. वी.के.जैन, अतिरिक्त निदेशक, ठोसावस्था भौतिकी प्रयोगशाला, नई दिल्ली ने *माइक्रो इलैक्ट्रो मकैनिकल सिस्टम रिलेटिड इश्यूज़ एण्ड टेक्नोलॉजिस* विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होने लघु प्रणालियों की प्रौद्योगिकी का वर्णन किया, जिसमें संवेदी, नियंत्रण इलैक्ट्रॉनिक्स और एक्चुएटर्स एक स्थान पर लगे होते हैं। उन्होंने स्मार्ट मैटीरियल्ज़ के नाम से विख्यात MEMs के लघु संरचनाओं, दवाओं, वांतरिक्ष, स्वास्थ्य नियन्त्रण, परिवाहन, सुरक्षा प्रणालियों एवं अन्य क्षेत्रों में महत्तव पर बल दिया ।

इससे पूर्व डा. आर. पी. बाजपेयी, निदेशक, केवैउसं ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला और यह भी कहा कि सिलिकॉन MEMs की आधार सामग्री के रुप में एक और क्रांति लाने वाला है तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी का कोई भी क्षेत्र इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहेगा, परंतु इस क्षेत्र में अभी बहुत कार्य किया जाना है।

श्री जे.के. छाबडा, वैज्ञानिक द्वारा धन्यावाद ज्ञापन से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

8.2 सी.एस.आई.ओ. मे स्थापना दिवस

संगठन ने 30 अक्टूबर, 2002 को अपना स्थापना दिवस मनाया। इस दिन दो अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। पहला व्याख्यान डा. कौल, अध्यक्ष, सैमटल इलैक्ट्रॉन डिवाइसिस ने *सिनर्जी बिट्विन आर एण्ड डी लैब्ज़ एण्ड इण्डस्ट्री* विषय पर और दूसरा व्याख्यान डा. के.जी. नारायणन, प्रमुख सलाहाकार, डी.आर.डी.ओ, सुरक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने *इंडियन इंजीनियरिंग इण्डस्ट्री एण्ड रोल ऑफ आर एण्ड डी* विषय पर दिया।

डा. कौल ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय औद्योगिक परिदृश्य में बहुत बडा अन्तर आया है और विदेशी प्रौद्योगिकी पर पूर्ण रुप से निर्भर उद्योग अब स्वदेशी आर एण्ड डी का उपयोग करने लगे है, परन्तु इसे बाजारोन्मुख होना है और इससे जुडी अनिश्चितताओ के खतरों से मुक्त होना है। उन्होंने अपने विचारों के समर्थन में सैमटल में अपने जीवन के वास्तविक अनुभवों का उल्लेख किया। डा. नारायणन ने अपना सम्बोधन सर विश्वेश्वरैया के दृष्टिकोण – औद्योगिकरण करो अथवा समाप्त हो जाओ से प्रारम्भ किया और सिविल, रेलवे, धातुविज्ञान, विद्युत, वांतरिक्ष आणविक इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे भारतीय इंजीनियरों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आम आदमी के इंजीनियरिंग एवं लोक सेवाओं के स्तरहीनता संबंधी दृष्टिकोण पर भी चर्चा की। उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के लागत प्रतियोगी उपभोक्ता उत्पादों के आभाव पर खेद व्यक्त किया और इंजीनियरों का आश्वासन दिया कि वे कडे नैतिक आचरण के प्रति प्रतिवद्ध रहें। उन्होंने व्याख्यान के बाद संगठन की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी की।

इससे पूर्व संगठन निदेशक डा. आर. पी. बाजपेयी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संगठन स्थापना दिवस के महत्तव पर प्रकाश डाला। सुश्री नीरू, हिन्दी अधिकारी द्वारा धन्यावाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

8.3 *सीएसआइआर स्थापना दिवस :*

संगठन ने सीएसआइआर स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी प्रयोगशालाएं आम जनतो और विद्यार्थियों के लिए खुली रखीं। बच्चों सहित लगभग 950 लोगों ने संगठन की प्रयोगशालाओं को देखा। इससे उन्हें संगठन में विकसित प्रौद्योगिकियों को देखने एवं वैज्ञानिकों के साथ विचार विमर्श करने का अवसर मिला।

दोपहर बाद डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला आणविक औषधियां एवं संबंधित विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ० लाज़र मैथ्यू ने *जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकियां–भारतीय परिदृश्य* विषय पर व्याख्यान दिया । डॉ० मैथ्यू ने सुरक्षित पेय जल के महत्त्व पर प्रकाश डाला, जो भारत में एक दिवा स्वप्न प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि 60% रोग प्रदूषित पेय जल के कारण होते हैं और इससे जनसंख्या का एक बड़ा भाग प्रभावित है।

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकियों के अभाव वाले क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए डॉ० मैथ्यू ने विशेष रूप से अपील की कि मध्यम लागत, मध्यम आकार वाले चिकित्सा उपकरणों के विकास से संबंधित आर एण्ड डी पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भौतिक मूलढॉचे और उपयुक्त प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त देश को अधिकतम प्रयोग के लिए तत्काल उपलब्ध लागत प्रभावी प्रणालियों की आवश्यकता है।

विकलांगता की समस्या पर प्रकाश डालते हुए डॉ० मैथ्यू ने कहा कि 160 लाख भारतीय वाणी, श्रवण, दृष्टि, चलफिर सकने की समस्याओं सहित विभिन्न प्रकार की विकलांगता से पीड़ित हैं। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल के लिए कुछ विशेष आई टी प्रौद्योगिकियों के महत्त्व का भी उल्लेख किया। डॉ० मैथ्यू ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन के लिए डेटाबेस तैयार किए जाने की अत्यधिक आवशकता है और यह एक विशाल कार्य है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक स्वास्थ्य कार्ड तो दिया ही जा सकता है, जिसे कम्प्यूटर में डालते ही उसके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने चिकित्सा देखभाल के लिए MEMs और नैनो प्रौद्योगिकियों के प्रयोगों का भी उल्लेख किया।

डॉ० मैथ्यू ने देश में चिकित्सा उपकरणों की प्रमाणन एजैंसी की अनुपस्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। उद्योगों को प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित करने की वर्तमान समस्या के विषय में उन्होंने आर एण्ड डी, प्रयोक्ता, उद्योग और सरकार द्वारा कदम से कदम मिलाकर चलने की ज़रूरत पर बल दिया। इससे पूर्व डॉ० आर पी बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने चिकित्सा उपकरण विन्यास एवं माइक्रो मशीन्स के क्षेत्र में आ रही नवीन एवं क्रांतिकारी प्रौद्योगिकियों की चर्चा की।

इस समारोह में सीएसआइआर/सीएसआइओ में 25 वर्ष की निरन्तर सेवा पूरी कर चुके एवं गत एक वर्ष में संगठन सेवा से मुक्त हुए कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालक श्री जे के छाबड़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से समारोह सम्पन्न हुआ।

8.4 *विश्व पर्यावरण दिवस*

राष्ट्रीय जागरुकता अभियान के अन्तर्गत 5 जून, 2001 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूलों/कॉलेजों के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एन्वायरमैंट सोसायटी ऑफ इंडिया (पर्यावरण मंत्रालय) से वित्तीय सहयोग प्राप्त इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण, प्रदूषण, मॉनीटरिंग तकनीकें, प्रबन्धन यन्त्रों एवं अपेक्षित उपकरणों से संबधित विषयो पर व्याख्यान एवं प्रयोगशाला प्रशिक्षण शमिल थे।

कार्यक्रम में चण्डीगढ़ के आसपास के क्षेत्रों से लगभग 45 अध्यापकों ने भाग लिया। अध्यापकों को समापन समारोह में संगठन निदेशक ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

8.6 राष्टीय प्रौद्योगिकी दिवस

इस अवसर पर संगठन में पूर्वाह्न में ओपन डे रखा गया और बाद दोपहर श्री एम जे ज़ाराबी, अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, सैमीकंडक्टर कॉम्पलैक्स लि०, एस ए एस नगर के व्याख्यान का आयोजन किया गया। उन्होंने *माइक्रो इलैक्ट्रॉनिक टैक्नॉलोजी एण्ड आउटलुक फॉर इंडिया* विषय पर व्याख्यान देते हुए विश्व में सूक्ष्म इलैक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी की प्रगति का संक्षेप में उल्लेख करते हुए मार्केट एवं यन्त्रों के आकार पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत में उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम परिकल्पना और निर्माण में उनका उपयोग किस प्रकार से करने वाले हैं। उन्होंने माइक्रोचिप्स की भूमिका का भी उल्लेख किया और विश्वास जताया कि भारत भी आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में योगदान दे सकता है। इससे पूर्व संगठन निदेशक, डॉ० आर पी बाजपेयी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बायोचिप प्रौद्योगिकी के विकास के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस उपलक्ष्य में संगठन स्टाफ के लिए एस एण्ड टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम श्री जे के छाबड़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

8.7 अन्य

4 जून, 2001 को संगठन में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन निदेशक डा. आर. पी. बाजपेयी ने की और एन्वायरमैंट सोसायटी ऑफ इंडिया, चण्डीगढ के अध्यक्ष डा. एस.के. शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे।

CSIR विज्ञान अध्ययन प्रोत्साहन कार्यक्रम के अर्न्तगत दिनांक 28 फरवरी, 2002 को आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अनु. जाति/अनु जनजातियों के चार बच्चों को पुरस्कार दिए गए। हरियाणा व पंजाब राज्यों से चुने गये इन बच्चों को पुरस्कार स्वरुप तीन हजार रूपये की नगद राशि, एक शंसापत्र और एक प्रमाण पत्र दिया गया।

- चीफ फायर ऑफिसर, चण्डीगढ़ प्रशासन ने दिनांक 17.10.2001 को *सुरक्षा एवं आग के खतरे* विषय पर व्याख्यान दिया।

8.7 महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम

संगठन की पी ए बी (Performance Appraisal Board) **की बैठक**

संगठन की पीएबी की बैठक 27 दिसम्बर, 2001 को संगठन में डॉ० आर ए माशेलकर, महानिदेशक, वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR), नई दिल्ली की

अध्यक्षता में हुई। बैठक में डॉ० के जी नारायणनन, निदेशक, एरोनॉटिक्स डिवलपमैंट एस्टैब्शिमैंट (ADE), बंगलौर, प्रो० आर नरसिम्हा, निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज़, इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ साइंस, बंगलौर, प्रो० एम सच्चिदानन्द, इलैक्ट्रिकल एण्ड इलैक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी, कानपुर, डॉ० डी डी भावलकर, निदेशक, सैंटर फॉर एडवांस्ड टैक्नॉलोजी, इन्दौर, डॉ० एस अहमद, निदेशक, सैंट्रल इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीटयूट (एडीई), पिलानी और डॉ० कृष्ण लाल, निदेशक, राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला (NPL), नई दिल्ली ने भाग लिया। डॉ० आर पी बाजपेयी, निदेशक, सीएसआइओ, चण्डीगढ़ और डॉ० एच आर भोजवानी, प्रमुख, आरपीबीडी, सीएसआइआर, नई दिल्ली भी बैठक में आमंत्रित थे। बैठक के प्रारम्भ में डॉ० आर पी बाजपेयी ने डॉ० आर ए माशेलकर, महानिदेशक, सीएसआइआर एवं अध्यक्ष, पीएबी और बैठक में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। तब डॉ० बाजपेयी ने संगठन का परिचय देते हुए नौंवी योजना अवधि के दौरान संगठन की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। उन्होंने संगठन द्वारा भू–वैज्ञानिक उपकरण विकास, सूक्ष्म इलैक्ट्रॉनिकी उपकरण विन्यास, संसक्त प्रकाशिकी सहित प्रकाशिकी उपकरण विन्यास एवं चिकित्सा उपकरण विन्यास के क्षेत्र में संगठन द्वारा विकसित विभिन्न उपकरणों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत अनेक परिष्कृत मशीनें खरीदीं गईं हैं।

- श्री एस आर तनेजा, वैज्ञानिक जी, सीएसआईओ ने पीएबी बैठक में संगठन की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने संसाधन आधार यथा मानव संसाधन, वित्त संसाधन, मूलढ़ांचा आधार एवं आर R&D प्रबंधन आधार के महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। संगठन के संसाधन आधार की प्रस्तुति के बाद श्री तनेजा ने 1997-2001 की अवधि के दौरान संस्थान की कार्यकारिता का उल्लेख किया और निम्नलिखित पर विस्तार से चर्चा की :

- ज्ञान उत्पति में योगदान
- ज्ञान के मूल्य में वृद्धि
- ज्ञान प्रयोग में योगदान
- समाज के कल्याण के लिए ज्ञान का योगदान
- पुरस्कार एवं सम्मान

प्रस्तुति का समापन करते हुए श्री तनेजा ने बताया कि आगामी दस वर्षों में सांगठन आधुनिकतम प्रौद्योगिकियों पर आधारित विकास परियोजनाओं पर कार्य कर देश के प्रौद्योगिक आधार को मज़बूत बनाने का प्रयास करेगा, सामाजिक प्रयोगों और सक्षमता विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा और प्रयोक्ताओं को अपने इस ज्ञान के हस्तांतरण के लिए प्रयास करेगा एवं तदनुसार व्यवसायिक अर्जन में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए देश में उपकरण विकास में अग्रणी बनकर विश्व परिदृश्य में अपना स्थान बना लेगा।

संगठन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए पीएबी सदस्यों ने अनेक महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ० आर ए माशेलकर ने बैठक में हुए उपयोगी विचार विमर्श एवं नैटवर्क तैयार करने संबंधी उभरे सामान्य दृष्टिकोण पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने गत दस वर्षों में प्रशंसनीय कायकारिता प्रदर्शित की है।

बैठक के अन्त में डॉ० बाजपेयी ने पीएबी के गणमान्य सदस्यों के प्रति मूल्यवान सुझाव देने एवं मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इण्डो – स्विस प्रशिक्षण केन्द्र (ISTC) का 36वां दीक्षांत समारोह

इण्डो–स्विस प्रशिक्षण केन्द्र ने 3 अगस्त, 2001 को 36वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। प्रो० आर एस सिरोही, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ITI), दिल्ली इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। अपने दीक्षान्त सम्बोधन में उन्होंने हमारे जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केवल माउस को क्लिक करने से असीमित ज्ञान भंडार हमारे सामने खुल जाता है। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान, ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम्ज, मौसम विज्ञान, MEMs, इत्यादि संबंधित क्षेत्रों पर भी चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे संतुलित एवं सफल जीवन के लिए उन मानव मूल्यों को बनाए रखें, जिनपर हमारे पूर्वज बल देते रहे हैं।

ORGANISATIONAL STRUCTURE



RESEARCH COUNCIL
[1.4.2001 to 31. 3. 2002]

CHAIRMAN
Dr KG Narayanan,
Director
Aeronautical Development Establishment
C.V. Raman Nagar, Bangalore - 560 093

MEMBERS

Dr MJ Zarabi,
Chairman-cum-Managing Director,
Semiconductor Complex Ltd.,
Phase VIII,
SAS Nagar -160 059 (Mohali)

Dr BK Sinha,
Director,
Society for Applied Microwave Electronics
Engineering & Research,
IIT Campus, Powai,
Mumbai - 400 076

Prof KN Pathak,
Vice-Chancellor,
Panjab University,
Sector 14,
Chandigarh - 160 014

Prof M Sachidananda,
Deptt. of Electrical & Electronic Engineering,
Indian Institute of Technology,
Kanpur - 208 016

Shri Lakshmi Sagar,
Chairman,
OSAW Industrial Products Pvt. Ltd.,
Post Box No. 42, OSAW Complex, Jagadhri Road,
Ambala Cantt - 133 001

Shri Jatinder Kumar,
Senior Director,
Department of Information Technology,
Electronics Niketan,
6, CGO Complex,
New Delhi - 110 003

Dr S Ahmad,
Director,
Central Electronics Engineering Research Institute,
Pilani -333 031 (Rajasthan)

Dr RP Bajpai,
Director,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh - 160 030

DG's Nominee
Dr SC Garg,
Scientist G,
National Physical Laboratory,
Dr KS Krishnan Marg,
New Delhi - 110 012

MANAGEMENT COUNCIL
[1.4.2001 to 30. 6. 2001]

CHAIRMAN

Dr RP Bajpai,
Director,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

MEMBERS

Dr Amit Ghosh,
Director,
Institute of Microbial Technology,
Sector 39, Chandigarh

Shri SR Taneja,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30,
Chandigarh

Shri PS Malhotra,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Dr LM Bharadwaj,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Mrs Liza Girdhar,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Shri Joga Singh,
Technical Officer,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30,
Chandigarh

Shri Kulvinder Singh,
Scientist,
Planning & Technical Information Division,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Shri KK Lakhanpal,
Senior Finance & Accounts Officer (SG),
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

MANAGEMENT COUNCIL
[1.7.2001 to 31.3.2002]

CHAIRMAN

Dr RP Bajpai,
Director,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

MEMBERS

Dr Amit Ghosh,
Director,
Institute of Microbial Technology,
Sector 39, Chandigarh

Shri SR Taneja,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Dr LM Bharadwaj,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Dr (Mrs) Sunita Mishra,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Shri Vinod Karar,
Scientist,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Mrs Shashi Sharma,
Technical Officer,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Shri Kulvinder Singh,
Scientist,
Planning & Technical Information Division,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

Shri SC Juneja,
Finance & Accounts Officer,
Central Scientific Instruments Organisation,
Sector 30, Chandigarh

ADDRESSES

CSIO

Central Scientific Instruments Organisation
(CSIR), Sector 30 C, Chandigarh (India)-160 030
Tel.: (0091)-172-657190/657811
Fax: (0091)-172-657082/657267
E-mail: r_p_bajpai@hotmail.com

S&M Centres

1. Service & Maintenance Centre,
   CSIR Madras Complex, TTTI Taramani
   Chennai 600 113 (Tamilnadu)
   Tel.: 044-2541061 / 2542122
   Fax: 044-2541026/2541973
   E-mail: csionu@vsnl.com

2. **Service & Maintenance Centre,**
   Plot No. CFS-1
   Malviya Industrial Area, Plot No. CFC-1
   Jaipur 302 017 (Rajasthan)
   Tel.: 0141-751992 (O)
   0141-759175 (R)

3. **Service & Maintenance Centre,**
   CSIR Complex, 2nd Floor, Library Avenue
   Pusa, New Delhi 110 012
   Tel.: 011-5733791 / 5733794 (O)
   011-5754401 (R)
   Fax: 011-5736290
   E-mail: nks28@rediffmail.com

4. **Service & Maintenance Division,**
   CSIO, Chandigarh
   Tel.: 0172-657811 (Ext.-213)
   0172-651745

पते

सीएसआईओ

केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन
(सीएसआईआर), सैक्टर 30 सी, चण्डीगढ़ - 160 030
दूरभाष (0091) - 172 - 657190 / 657811
फैक्स (0091) - 172 - 657082 / 657267
ई - मेल : root@CSCSIO.ren.nic.in
r_p_bajpai@hotmail.com

सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र
सीएसआईआसद्रास कॉम्प्लैक्स,
टीटीटीआई तारामणि
चेन्नै - 600 113 (तमिलनाडू)
दूरभाष : 044 - 2541061 / 2542122
फैक्स : 044 - 2541026 / 2541973

सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र
मालवीयइंडस्ट्रीयल एरिया, पालट नं सीएफसी 1
जयपुर - 302 017 (राजस्थान)
दूरभाष : 0141 - 751992 (दफतर)
फैक्स : 0141 - 759175 (घर)

सेवा एवं अनुरक्षण केन्द्र
सीएसआइआर कॉम्प्लैक्स
द्वितीय तल, एनपीएलकैप्लैक्स
डॉ. के. एस. कषणन मार्ग
नई दिल्ली - 110012
दूरभाष : 011 - 5733791 / 5733794 (दफतर)
011 - 5754401 (घर)
फैक्स : 011 - 5736290
ई - मेल - nks28@rediffmail.com

सेवा एवं अनुरक्षण भाग
सीएसआईओ चण्डीगढ़
दूरभाष : 0172 - 657811 (एक्स. - 213)
651745